लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
आश्विन कृष्ण पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 314, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 6 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com
बरेली, रविवार, 29 सितंबर 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आइए दिल से करें दिल की बात व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

आज का मौसम
29.0° अधिकतम तापमान
24.0° न्यूनतम तापमान
आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।
सूर्योदय 06 : 04
सूर्यास्त 06 :00



आइफा पुरस्कार विजेताओं में ऐश्वर्या शामिल...13



Sanjay Patel



Rukum Singh

PATEL FOAM
नई शुरूआत
फर्नीचर ही फर्नीचर एवं पर्दे ही पर्दे
हमारे यहाँ गद्दे, पर्दे, फर्नीचर,
बैड शीट्स व रजाईयाँ उचित दाम पर मिलते हैं।



Specialist for Hotel and Hospitality
M. 9761544084, 8923053857
100 Futa Road, Bareilly

interlinkFOODS
INTERLINK FOODS PRIVATE LIMITED
REGISTRED OFFICE:
Ground Floor, Rasvilas Salcon, Saket District Centre,
Saket, New Delhi- 110017
T: +91-11-41982300 F: +91-11-41982311
CIN: U15410DL2008PTC177846



बांझपन नहीं लाइलाज
बदलती जीवनशैली, असंतुलित खानपान, व्यायाम की कमी व तंबाकू के बढ़ते इस्तेमाल से तमाम दंपती बांझपन की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे दंपती समय से संपूर्ण जांच व इलाज कराएं तो उनके आंगन में भी किलकारी गूंज सकती है। न्यूट्रीशियन व फौलिक एसिड न मिलने से तमाम लड़कियों की बच्चेदानी में टी.वी. का संक्रमण हो जाता है। बच्चेदानी की लाइनिंग खत्म हो जाती है। ट्यूब बंद हो जाती है। इससे व शादी के बाद मां नहीं बन पाती।
मैनेजिंग डायरेक्टर
डॉ. मीनाक्षी राजपूत
MBBS, (Gynae)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
आर्या हॉस्पिटल
लाल फाटक पुल के पास, बदायूं रोड, बरेली
मो. 8909334401



जांच की दुनिया में आपका विश्वसनीय साथी
आज कल के बदलते माहौल में अल्ट्रासाउंड और बाकी जांचों का आपके ट्रीटमेंट में बहुत अहम योगदान है। किसी भी प्रकार के रोग में सही जांच अगर हम इलाज से पहले करा ले तो इससे हमारा समय और पैसा दोनो ही बचता हैं। अल्ट्रासाउंड की किरणों से प्रेगनेंसी में किसी भी प्रकार की हानी गर्भ में पल रहे बच्चे को नही होती है और सही मायने में सात अलग अलग प्रकार के अल्ट्रासाउंड प्रेगनेंसी में होने चाहिए। इसके अलावा यहां पर शरीर के किसी भी मर्ज का अल्ट्रासाउंड होता है। इसके अलावा डिजिटल एक्सरे रिपोर्ट के साथ, खून, मल मूत्र की जांच की सुविधा भी 24 घंटे उपलब्ध है।
डा. ए.के. बिस्वास
M.B.B.S.
(गोल्ड मेडलिस्ट)
M.D.
Radio & Diagnosis
बिस्वास डायग्नोस्टिक सेंटर
किसी भी प्रकार के अल्ट्रासाउंड, डिजिटल एक्सरे, पैथोलॉजी के लिए मिलें।
लाल फाटक रोड, बुखारा मोड, बरेली मो. 9695554511, 7060864123

# गंगाशील अस्पताल में विगत ढाई वर्षो में 240 से अधिक कार्डियक सर्जरी-डॉ. विशाल अग्रवाल


## 2021 से लगातार डॉ. विशाल दे रहे हैं गंगाशील अस्पताल में पुनः सेवायें



डॉ. शालिनी ने बताया कि आपरेशन हेतु अनुभवी टेक्नीशियन्स आई.सी.यू. नर्स, डायटिशियन, एवं कर्मठ विभाग द्वारा सुचारू रूप से गंगाशील अस्पताल में पूरी जिम्मेदारी से कार्य कर रहे हैं।

वर्ष 2007 में गंगाशील अस्पताल बरेली मंडल का प्रथम अस्पताल बना जहाँ कार्डियक सर्जरी की शुरुवात हुई थी। वर्ष 2008 से 2011 तक डॉ. विशाल अग्रवाल ने गंगाशील अस्पताल में अपने सेवाएं दी और कार्डिओ थोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी के विभिन्न ऑपरेशन जैसे बायपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट (मिट्रल वाल्व, एओर्टिक वाल्व, डबल वाल्व), वाल्व रिप्लेसमेंट के साथ ट्राइकस्पिड वाल्व रिपेयर, दिल के छेद के ऑपरेशन, लोबेक्टॉमी, एम्बोलेक्टोमी, वेरिकोस वेन का इलाज आदि को सफलतापूर्वक किया वर्ष 2011 से 2021 के दौरान अन्य कार्डियक सर्जन ने अपनी सेवाएं गंगाशील अस्पताल में दी और इस दौरान भी डॉ. विशाल अग्रवाल विजिटिंग चिकित्सक के तौर पर गंगाशील अस्पताल से जुड़े रहे। डॉ. विशाल ने इन दस वर्षो में दिल्ली के विभिन्न कॉर्पोरेट अस्पतालों में अपनी सेवाएं दी और देश - विदेशो के मरीजों का ऑपरेशन किया। इस दौरान दिल्ली में डॉ. विशाल ने जटिल से जटिल कार्डियक ऑपरेशन्स किया और अधिक संख्या में ऑपरेशन करने का अनुभव प्राप्त किया। गंगाशील अस्पताल को पुनः ज्वाइन करने से पूर्व में डॉ. विशाल - मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली, ग़ाज़ियाबाद में बतौर डायरेक्टर - कार्डियक सर्जरी कार्यरत थे।

अब पुनः 2021 से डॉ. विशाल गंगाशील अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे है। उनके साथ कार्डियक सर्जरी की यूनिट में डॉ. हिमांशु (डी. एन. बी. - सी. टी. वी. एस.) - सहयोगी कार्डियक सर्जन, डॉ. रणधीर सिंह (एम. डी. - एनेस्थेसिया) - एनेस्थेटिस्ट, डॉ. ज्ञानेंद्र गुप्ता (एम. डी., पी डी. सी. सी. - क्रिटिकल केयर) - क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट, श्री संजीव चौहान - परफुसिओनिस्ट फुल टाइम उपलब्ध है। अब तक डॉ. विशाल को 7000 से अधिक कार्डियक करने का विशाल अनुभव है जो उनके नाम को सत्य चरितार्थ करता है, इसी वजह से वो अभी गंगाशील अस्पताल में डायरेक्टर - कार्डियक सर्जरी के पद पर कार्यरत है




कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, डॉ. एन.के. गुप्ता व अन्य

डॉ. विशाल ने अपनी दूसरी पारी के विगत ढाई वर्षो में गंगाशील अस्पताल में तक़रीबन 240 कार्डियक ऑपरेशन्स कर लिया है। चुकी पूरी टीम यहाँ फुल टाइम उपलब्ध है इमरजेंसी में अर्जेंट बाईपास सर्जरी की सुविधा बरेली में निरंतर प्रदान की जा रही है। कार्डियक सर्जरी में होने वाली नोन कॉम्प्लीकेशन्स को सँभालने हेतु मेडिसिन के अन्य ब्रांच के डॉक्टर जैसे -डॉ. प्रेम मोहन झा - नेफ्रोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट - डॉ. निशांत गुप्ता, डॉ. राहुल सिंह एवं डॉ. मो. कलीम, डॉ. सौरभ कौशिक - गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजिस्ट व अन्य सुपर स्पेशलिस्ट उपलब्ध है।

अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ. निशांत गुप्ता ने बताया की चिकित्सको के अलावा उक्त सुपर स्पेशलाइज्ड ऑपरेशन को सफलता पूर्वक करने हेतु मॉडुलर ऑपरेशन थिएटर, पोस्ट सर्जरी आई सी यू, एडवांस्ड हार्ट एवं लंग मशीन, हेमिलटन वेंटिलेटर्स, अत्याधुनिक वर्क स्टेशन इत्यादि गंगाशील में उपलब्ध है।

गंगाशील की कार्यकारी निदेशिका एवं वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. शालिनी में बताया की ऑपरेशन हेतु अनुभवी टेक्निशंस, आई सी यू नर्स, डायटीशियन, फ़िज़ियो थेरेपिस्ट एवं सपोर्टिंग स्टाफ के कर्मठता इस विभाग को सुचारु रूप से चलाने के लिए अत्यंत अनिवार्य है जिसको हम गंगाशील अस्पताल में पूरी जिम्मेदारी से कर रहे है।



इमरजेंसी में भी अर्जेंट बाईपास सर्जरी की सुविधा बरेली में निरंतर प्रदान की जा रही है-डॉ. विशाल

डॉ. विशाल बताते है की बरेली में कार्डियक सर्जरी के साथ साथ ट्रांसकथेएओर्टिक वाल्व इम्प्लांटेशन (तावी) करने वाला गंगाशील पहला अस्पताल है। उनके पुनः ज्वाइन करने पर सी टी वी एस विभाग का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री माननीय श्री धर्मपाल जी द्वारा किया था।

Advt.

WORLD HEART DAY

# विश्व हृदय दिवस


विश्व हृदय दिवस
डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव
हृदय रोग विशेषज्ञ
विशेष इको एवं अल्ट्रासाउंड सुविधा उपलब्ध।
11, गोहरपुरा, मिशन स्कूल के सामने, शाहजहांपुर
मो. 6390062795, 9415035869

मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से घबरायें नहीं, रोगी से दूरी बढाएं नहीं
मानसिक रोगी की देखभाल में परिवार की भूमिकाः
- रोगी का हौसला बढ़ायें
- रोगी को बुरा भला न कहें
- परिवार वालों को यह समझना होगा कि मरीज जान बूझकर ये कार्य नहीं कर रहा है
- चिकित्सक के परामर्श अनुसार समय से औषधियों का सेवन करवाना सुनिश्चित करें
- रोगी के साथ स्नेहपूर्ण रहें व समय बितायें

"परिवार का मिले साथ जो, मानसिक बीमारी पर विजय प्राप्त हो"
आपकी सहायता के लिए सदैव तत्पर
टेली मानस के टोल फ्री नं. 14416 या 1800-891-4416
Follow us on twitter.com/nhm_up facebook.com/NationalHealthMissionUttarPradesh youtube.com./NHMUPIEC nhm.up

ज़िला स्वास्थ्य समिति, जनपद-शाहजहाँपुर
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
शाहजहांपुर

गंगाशील अस्पताल
सी-17, दीन दयाल पुरम, बरेली
रोहिलखंड क्षेत्र का 2007 से सेवारत पहला कार्डियक सर्जरी संस्थान
कार्डियोलॉजी
कार्डियक सर्जरी


पिछले 6 महीनों में सफलता पूर्वक हुए 4 TAVI एवं (Trans Aortic Valve Implantation) 2 IVL (Intravascular Lithotripsy) प्रोसीजर के साथ कार्डियक टीम
क्षेत्र का पहला बेंटाल ऑपरेशन
विगत 17 वर्षों में 7500 से अधिक कार्डियक सर्जरी में अनुभवी
डॉ. राहुल सिंह
डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ. विशाल अग्रवाल
एम.सी.एच. (सी.टी.वी.एस.)
डायरेक्टर एवं विभाग अध्यक्ष
डॉ. मो. कलीम
डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ. रणधीर सिंह
एम.डी. (एनेस्थीसिया)
वरिष्ठ एनेस्थेटिस्ट
- एंजियोप्लास्टी । एंजियोग्राफी
- पेसमेकर । बी.एम.वी.
- आई.वी.एल. । तावी । आई.वी.ए.एस.
- डिवाईस क्लोजर - ए.एस.डी., वी.एस.डी., पी.डी.ए.
- बाईपास सर्जरी (CABG)
- वाल्व प्रत्यारोपण (AVR, MVR, DVR)
- दिल के छेद का ऑपरेशन (ASD, VSD)
- सी.एम.वी. । समस्त थोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी

आयुष्मान कार्ड धारकों एवं कैशलैस कार्ड धारकों हेतु निःशुल्क इलाज।
संपर्क करें
+91-8273254444, +91-8273914444

"AN ISLAND OF EXCELLENCE"
महाजन अस्पताल
टेलीफोन टॉवर के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली।
सम्पर्क: 0581-2531055, 9412289888, 8954244888

डॉ. आर.के. महाजन
M.B.B.S., M.S. , Mch (Neuro Surgery)
सीनियर न्यूरो सर्जन
ब्रेन ट्यूमर ◆ दिमाग में पानी भरना ◆ दिमाग में खून का जमना ◆ सिरदर्द व माइग्रेन ◆ ब्रेन हेमरेज ◆ फालिज ◆ मिर्गी के दौरे ◆ दिमागी बुखार

डॉ.पंखुड़ी मोंगा
M.B.B.S., M.D., DNB (Psy)
गोल्ड मेडलिस्ट
मनोचिकित्सक
डॉ.नीरज कपूर
M.B.B.S., MD (Medicine)
डायबिटीज, चेस्ट एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.चारु श्रीवास्तव
M.B.B.S., M.S. (Gynae)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक
श्री राम मनोहर लोहिया अस्पताल, लखनऊ
पी.डी.हिन्दुजा अस्पताल, मुम्बई
डॉ. निलय राज महाजन
M.B.B.S., M.S. (Orthopedic)
आर्थो सर्जन
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक
सरगंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
श्री राम मनोहर लोहिया अस्पताल, लखनऊ
अल्ट्रासाउण्ड, ईको, मॉड्युलर ओ.टी. (न्यूरो, आर्थो, गायनी, जनरल एवं आई.सी.यू.)
24 घण्टे सम्पूर्ण शरीर का सीटी स्कैन
पोर्टेबल बेड साइड एवं रेगुलर एक्स-रे यूनिट, सी-आर्म

विश्व हृदय दिवस
श्री सन्तनपाल सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
मिर्जापुर, शाहजहांपुर
बी फार्मा / फार्मेसी कॉलेज, डी फार्मा / फार्मेसी कॉलेज
BAMS, ANM, GNM
आई.सी.यू. सुविधा उपलब्ध, 24 घंटे डिलीवरी एवं सर्जरी उपलब्ध, आयुष्मान कार्ड सुविधा एवं आयुष्मान कार्ड से सर्जरी सुविधा।
डायरेक्टर:- कमलेश यादव चेयरमैन:- नीलेश यादव

विश्व हृदय दिवस
मेडिनोवा हॉस्पिटल
पीलिया, काला पीलिया हेपेटाइटिस बी/सी का सफल इलाज
उपलब्ध सुविधाएं
1. टायफाइड, मलेरिया, अस्थमा, चिकुन गुनिया, डेंगू, पीलिया।
2. नार्मल डिलीवरी, बार-बार गर्भपात होना, बांझपन, ल्योकोरिया, मशीन द्वारा बच्चे की धड़कन की जांच।
3. सिजेरियन (ऑपरेशन से बच्चा होना) बच्चेदानी का ऑपरेशन (रसौली)।
4. पथरी या पित्त की थैली, हर्निया अपेन्डिक्स, आंतों के सभी प्रकार के ऑपरेशन।
5. पैथोलॉजी, मेडिकल, ई.सी.जी. नेबुलाइजर/ऑक्सीजन की सुविधा।
6. चर्म रोग- दाद, खाज, खुजली से सम्बन्धित सभी रोग।
HELPLINE NUMBER
Mob.: 9568880550, 9548264024
होमगार्ड ऑफिस के सामने, खेड़ा नवादा, बरेली रोड, बदायूं

विश्व हृदय दिवस
मानव सेवा सर्वोपरि
आनन्द क्लीनिक
पताः- बदायूं रोड, बिसौली (बदायूं)

24 घंटे इमरजेन्सी सुविधा
24 HOUR

डॉ. दिपेन्द्र कुमार गुप्ता
बी.ए.एम.एस. (कानपुर)
मो. 9412564374
डॉ. गुन्जन गुप्ता
बी.डी.एस. (बंगलौर)
मो. 8859596699

**आज का मौसम**

बादल छाए रहने के साथ बूंदाबांदी।

33.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा शाम 4 बजे
- माहौर वैश्य धर्मशाला नवदुर्गा मंदिर रोहली टोला में श्रीमद् भागवत कथा शाम 6 बजे
- श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल की ओर से त्रिवटीनाथ मंदिर के कथा स्थल पर रासलीला सुबह 9 से 12 और रामलीला का मंचन 6 बजे से
- श्री रानी महालक्ष्मी बाई रामलीला समिति की ओर से चौधरी तालाब पर रामलीला 7 बजे से
- नाथ नगरी सुरक्षा समूह की ओर से केशव कृपा में कार्यक्रम शाम 4 बजे
- एसआरएमएस रिद्धिमा के सभागार में उमंग भरी नई दिशा नाटक का मंचन शाम 5:15 बजे
- विश्व हिंदू परिषद की ओर से जन आक्रोश रैली नेहरू युवा केंद्र से पूर्वाह्न 11 बजे निकाली जाएगी।

# उद्योग बंधु की बैठक में छाए रहे जल निकासी और जर्जर सड़कों के मुद्दे

## अधिकारियों ने समस्याओं के निस्तारण का दिया आश्वासन, मेगा फूड पार्क में आवंटित भूखंड से नदी की 30 मीटर की दूरी को लेकर जताई गई चिंता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक में जल निकासी और जर्जर सड़कों की समस्याएं प्रमुख रहीं। अधिकारियों ने उद्यमियों को समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया है।

विकास भवन सभागार में सीडीओ जग प्रवेश की अध्यक्षता में शनिवार शाम को हुई जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक में उपायुक्त उद्योग विकास यादव ने बताया कि मेसर्स डेयरी क्राफ्ट इंडिया को मेगा फूड पार्क में भूखंड आवंटित है। भूखंड से नदी तक दूरी 30 मीटर है, जो चिंताजनक है। सहायक अभियंता बाढ़ खंड ने कहा कि 5 सितंबर को सहायक अभियंता तृतीय बाढ़ खंड, जूनियर इंजीनियर ने मौके का निरीक्षण किया था, जिसमें पाया कि नदी के किनारे से प्लाट ए-2 की दूरी मात्र 28 मीटर रह गई। फ्लड फाइटिंग कार्य कराए जाने की जरूरत है। इसके लिए डीपीआर तैयार कर क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा की सहमति ली गई है। सोमवार से कार्य शुरू हो जाएगा।



जिला उद्योग बंधु की बैठक में मौजूद अफसर और उद्यमी। ● अमृत विचार

बैठक में क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा के प्रतिनिधि ने कहा कि बांध बनाने के लिए उत्तराखंड में पड़ रही भूमि के लिए सत्सुईया के किसानों से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। एसडीएम किच्छा को दोबारा अनुरोध पत्र भेजा गया है। उन्होंने क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा एसडीएम किच्छा को निर्देश दिए कि रिमाइंडर पत्र प्रेषित कर व्यक्तिगत रूप से भूमि लेने की कोशिश करें।

औद्योगिक क्षेत्र परसाखेड़ा में सड़कों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का मामला बैठक में उठा। अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार यादव ने कहा कि सड़क नंबर 8, 9, 10 पर मलबा डालकर आवागमन बहाल हो गया है। बारिश की वजह से सड़क नंबर 13 का कार्य रुका हुआ है। बारिश के बाद सड़क निर्माण का कार्य शुरू करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क नंबर 27 की पत्रावली पर दोबारा निविदा मांगी गई थी, जो 3 अक्टूबर को खोली जाएगी।

एसके इंडस्ट्रीज की ओर से परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में रोड नंबर 3 पर जल निकासी की समस्या उठाई। अपर नगर आयुक्त ने कहा कि रोड नंबर 3 पर ब्रिक वर्क नाला निर्माण कार्य प्रगति पर है। डंडिया वाली पुलिया से अलफला एग्रो इंडस्ट्री तक डाले गए सीसी रोड की मरम्मत का मामला भी उठा, इस पर जिला गन्ना अधिकारी ने कहा कि सड़क की मरम्मत करा दी गई है।

### पीपलसाना में पानी निकासी की समस्या उठाई

औद्योगिक क्षेत्र भोजीपुरा के पीपलसाना चौधरी में पानी निकासी की समस्या उद्यमियों ने उठाई। इस पर उपायुक्त उद्योग ने बताया कि जल निगम की ओर से 29.55 लाख रुपये की लागत से कार्य कराने की डीपीआर तैयार कर उपलब्ध कराई गई है। डीपीआर को सीडीओ के माध्यम से मुख्यालय भेजा गया है। मामले में डीएम के आदेश पर 30 अगस्त को आयुक्त एवं निदेशक उद्योग कानपुर को रिमांडर गया है। स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू होगा। उपायुक्त उद्योग ने कहा कि जिलाधिकारी की ओर से दिए गए निर्देशों के तहत निवेश पोर्टल पर लंबित मामलों को निस्तारण शीघ्रता से किया जा रहा है। कहा कि किसी भी विभाग का कोई मामला समय सीमा से बाहर लंबित नहीं है। बैठक में उद्यमी राजेश गुप्ता, आईआईए के मंडलीय चेयरमैन विमल रिवाड़ी, चेयरमैन मयूर धीरवानी, सहायक अभियंता बाढ़ खंड, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण द्वितीय, उद्यमी संघों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### अभयपुर इंडस्ट्रियल फीडर से जोड़ी गईं औद्योगिक क्षेत्र की बाहरी इकाइयां

बैठक में औद्योगिक क्षेत्र भोजीपुरा में बिजली की समस्या उठाई। इस पर अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण द्वितीय ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र से बाहर स्थापित उद्योगों को 33/11 उपकेन्द्र दोहना से भोजीपुरा से अलग करने के लिए 33 केवी अभयपुर इण्डस्ट्रियल पोषक बनाया था। लाइन को अंडरग्राउंड केबल की मरम्मत पूरी कर औद्योगिक क्षेत्र से बाहरी इकाइयों को भोजीपुरा इंडस्ट्रियल फीडर से हटाकर 11 केवी अभयपुर इंडस्ट्रियल फीडर से जोड़ा जा चुका है। भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने समिति का आभार जताया।

# जीएसटी अधिकारियों की कार्यशैली पर भड़के व्यापारी

## आतिशबाजी सामग्री पकड़े जाने और चालक की पिटाई का आरोप लगाकर कार्यालय में किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दो दिन पूर्व पकड़ी गई आतिशबाजी सामग्री को नहीं छोड़ने और कोई सही जानकारी न देने को लेकर शनिवार को आईआईए के पदाधिकारी और व्यापार संगठन के पदाधिकारी भड़क गए। नाराज लोगों ने जीएसटी दफ्तर पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने जीएसटी के अधिकारियों को खूब खरी-खरी सुनाई। करीब दो घंटे तक हंगामा चलने से अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। एडिशनल कमिश्नर जीएसटी के आश्वासन के बाद व्यापारी माने। इसके बाद मामला शांत हो सका।



जीएसटी दफ्तर में विरोध करते आईआईए के पदाधिकारी और व्यापारी।

- **आईआईए के पदाधिकारी और व्यापारियों ने जीएसटी अधिकारियों को सुनाई खरी-खरी**

> लखनऊ कंट्रोल रूम से सूचना मिलने पर सचल दल ने जांच के लिए गाड़ी रोकी थी। दस्तावेज की जांच की जा रही है। जांच में निष्कर्षों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
> **-एचपी राव दीक्षित**, एडिशनल कमिश्नर जीएसटी ग्रेड 2

रजऊ में विक्रांत की अंबे स्टोर के नाम से दुकान है। गुरुवार शाम चार व्यापारियों की आतिशबाजी सामग्री गाड़ी में भरकर शाहाबाद को जा रही थी। व्यापारी विक्रांत का आरोप है कि गाड़ी के निकलते ही कुछ दूरी पर जीएसटी सचल दल के ज्वाइंट कमिश्नर अवधेश सिंह ने टीम के साथ पहुंचकर रोक लिया। आरोप है कि चेकिंग के नाम पर ड्राइवर केशव गुप्ता से दस्तावेज कब्जे में ले लिए। मोबाइल छीन लिया। आरोप है कि विरोध करने और वजह पूछने पर उसके साथ मारपीट और धक्का मुक्की की गई। चालक को गाड़ी के साथ वीआई बाजार स्थित जीएसटी दफ्तर लाया गया, जहां पर पूछताछ के बाद चालक को तो छोड़ दिया गया, मगर गाड़ी और उसमें रखी आतिशबाजी सामग्री नहीं छोड़ी।

विक्रांत के अनुसार मामले की जानकारी होने के बाद उन्होंने ज्वाइंट कमिश्नर अवधेश सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया। मोबाइल पर कॉल की, लेकिन कोई सही जवाब नहीं मिला। आरोप लगाया कि अवधेश सिंह सही से जवाब नहीं दे रहे थे। शनिवार को पूरे मामले से आईआईए और व्यापारी संगठनों को अवगत कराया। इसके बाद तमाम उद्यमी और व्यापारियों ने जीएसटी कार्यालय पहुंचकर हंगामा करना शुरू कर दिया। एडिशनल कमिश्नर जीएसटी ग्रेड 2 और अन्य अधिकारियों के साथ व्यापारियों ने बातचीत की। इस दौरान उनके बीच नोकझोंक भी हुई। आक्रोशित व्यापारियों ने कहा कि जीएसटी के अधिकारी चेकिंग के नाम पर परेशान कर रहे हैं। शोषण किया जा रहा है, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। व्यापारियों ने कहा, गाड़ी के कागज से लेकर स्टाक के सभी दस्तावेज थे, इसके बाद भी परेशान करने के लिए ऐसा किया गया। काफी देर बातचीत के बाद भी व्यापारियों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। इसके बाद एडिशनल कमिश्नर वहां से उठकर दूसरे कमरे में चले गए, जहां बाद में कुछ उद्यमी और व्यापारियों को बुलाकर बंद कमरे में बात की गई। अधिकारियों के आश्वासन पर व्यापारी मान गए। इस दौरान आईआईए के मंडलीय चेयरमैन विमल रिवाड़ी, चेयरमैन मयूर धीरवानी, तनुज भसीन, कोषाध्यक्ष सलील बसंल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता, शनि मेहरोत्रा, संजीव चांदना समेत बड़ी संख्या में उद्यमी और व्यापारी मौजूद रहे।

### व्यापारियों का खाता सीज करना विकल्प नहीं, ऐसे तो कामकाज ठप हो जाएगा

- **भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने बैंक खाते सीज करने की कार्रवाई का किया विरोध, सौंपा ज्ञापन**

**बरेली, अमृत विचार:** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने जीएसटी विभाग की ओर से व्यापारियों के बैंक खाते सीज करने की कार्रवाई के विरोध में शनिवार को अपर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। जिलाध्यक्ष विकास अग्रवाल की अगुवाई में पहुंचे पदाधिकारियों ने सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर चलाए जा रहे अभियान से व्यापारी समाज खुश है, लेकिन निर्देशों का पालन जीएसटी अधिकारियों की ओर से जानबूझकर नहीं किया जा रहा। व्यापारियों की नजर में सरकार की छवि धूमिल करने के प्रयास का आरोप लगाया। महानगर अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि व्यापारियों पर वैट के समय का पैसा बकाया है। उन व्यापारियों की जांच के बाद नोटिस और उचित समय दिया जाए। इसके बाद ही उनके खिलाफ कोई कार्रवाई हो। कहा कि बैंक खाते सीज करना ही विकल्प नहीं है। व्यापारी कोई चोर नहीं हैं। व्यापार करके ही सरकार को टैक्स दिया जाएगा। खाता सीज हो जाएगा तो पूरा कामकाज ही ठप हो जाएगा। व्यापार मंडल अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने कहा कि छोटे व्यापारियों को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिनका टर्नओवर सालाना पांच लाख का भी नहीं है, उन व्यापारियों के साथ सौदेबाजी करने का प्रयास किया जाता है। बात नहीं बनने पर सामान सीज कर दिया जाता है। उन्होंने इस पर रोक लगाने की मांग की है।

# पहले फाइलों की जांच फिर मौके पर परखेंगे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सड़क और नाली निर्माण में ठेकेदारों और इंजीनियरों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने जोन के सभी अवर अभियंताओं की पांच-पांच फाइलें जांच के लिए तलब की हैं। इसके बाद सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की तकनीकी टीम जांच करेगी। गड़बड़ी मिलने पर इंजीनियरों पर कार्रवाई की जाएगी और फर्म को नगर निगम की काली सूची में डाला जाएगा।



- **नगर आयुक्त ने जोन के सभी अवर अभियंता की 5-5 फाइलें की तलब**

> विकास कार्यों को तेजी से पूरा कराने के लिए योजना बनाई है। कार्य मानक के अनुसार हों इसके लिए मौके पर निरीक्षण कर जांच भी कराई जाएगी। अगर कमी पाई तो दोषी पर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए फाइलों को तलब किया गया है।
> **- संजीव कुमार मौर्य,** नगर आयुक्त

निर्माण विभाग की कार्यशैली को लेकर कई बार सवाल खड़े हो चुके हैं। कभी फाइलों के गायब होने तो कभी काम अटकने के मामले सामने आए हैं। कुछ इंजीनियरों की वजह से कई बार नगर निगम की बदनामी हो चुकी है। इसकी शिकायत शासन तक भी पहुंच चुकी है। इन सभी मामलों को देखते हुए नगर आयुक्त ने निर्माण विभाग को लेकर काफी गंभीरता दिखानी शुरू कर दी है। निर्माणाधीन सड़क और नाली का मौके पर निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच भी करानी शुरू कर दी है। नगर आयुक्त ने सभी जोन के अवर अभियंताओं की पांच- पांच फाइलें शुक्रवार की देर शाम तलब की। इन फाइलों का पहले नगर आयुक्त देखेंगे कि कहीं टेंडर प्रक्रिया की शर्तें पूरी की गई हैं, या नहीं। अभी उन्हीं कार्यों की फाइलें मांगी गई हैं, जो चल रहे हैं। फाइलों की जांच के बाद नगर आयुक्त मौके पर जाकर निरीक्षण करेंगे और तकनीकी टीम से मानकों की जांच कराएंगे। नगर आयुक्त ने मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी को इस संबंध में निर्देश दिए हैं।

### व्यापारियों ने कर्मचारियों पर लगाया बिजली चोरी कराने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बिजली कर्मचारियों पर बिजली चोरी कराने का आरोप लगाते हुए शनिवार को मुख्य अभियंता रणविजय सिंह से शिकायत की है। मुख्य अभियंता ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पदाधिकारियों ने कहा कि जगतपुर उपकेंद्र के तहत आने वाले मोहल्ला चक महमूद सकलेन नगर में काफी घरों में मीटर नहीं लगा हुआ है। आरोप है कि कर्मचारियों की मिलीभगत से बिजली चोरी की जा रही है। कर्मचारी सभी घरों से प्रतिमाह पैसे लेते हैं। शिकायत करने वालों में जिलाध्यक्ष विकास अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष अनिल अग्रवाल समेत अन्य व्यापारी मौजूद रहे।




# सीएम ग्रिड योजना : 50 करोड़ से बनेगी 3400 मीटर सड़क

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट (ग्रिड) शहरी योजना के तहत 3400 मीटर मॉडल रोड बनाई जाएगी। इसके लिए सात एजेंसियों ने टेंडर डाले हैं। लखनऊ में सोमवार को फाइनेंशियल बिड खोली जाएगी और इसके बाद निर्माण एजेंसी तय की जाएगी। इसके लिए नगर निगम के मुख्य अभियंता और एजेंसियों को लखनऊ बुलाया गया है।

- **सात एजेंसियों ने डाले हैं टेंडर मुख्य अभियंता पहुंचे लखनऊ, कल खोली जाएगी फाइनेंशियल बिड**

> सीएम ग्रिड योजना के तहत पहले चरण में एक सड़क का निर्माण किया जाना है। इसके लिए सोमवार को एजेंसी तय हो जाएगी।
> **- मनीष कुमार अवस्थी,** मुख्य अभियंता निर्माण नगर निगम

सीएम ग्रिड योजना के तहत मॉडल टाउन में सड़क निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। शासन ने सड़क निर्माण के लिए 50 करोड़ रुपये जारी किए हैं। नगर निगम का प्रयास है कि जल्द काम शुरू किया जाए। सड़क का निर्माण यह ध्यान में रखते हुए किया जाएगा कि 10 साल तक बिजली केबल, मोबाइल कंपनी की केबल समेत अन्य किसी दूसरे काम के लिए इसकी खोदाई न की जाए। सड़क निर्माण से पहले यूटिलिटी डक्ट, सीवर लाइनें डाली जाएंगी और चौड़ीकरण, डिवाइडर, फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा।

### अस्पतालों से वापस मंगाई सेफिक्सिम की गोलियां

**बरेली, अमृत विचार :** औषधि प्रशासन ने सैंपल फेल होने पर जिला अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी पर एंटीबायोटिक दवा सेफिक्सिम 200 एमजपी टैबलेट के मरीजों के वितरण पर रोक लगा दी है और जिले से 13 हजार गोलियां वापस मंगाई हैं। औषधि प्रशासन की ओर से प्रदेश स्तर पर सैंपल लेकर कई दवाओं की प्रयोगशाला से जांच कराई थी। जांच में पैरासिटामोल समेत 50 दवाएं अधोमानक पाई गई हैं। इनमें से एंटीबायोटिक दवा सेफिक्सिम 200 एमजी की 13 हजार गोलियों की आपूर्ति सीएमओ कार्यालय के स्टोर में भी की गई थी। जिनका वितरण जिला अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों पर किया जा रहा था। मुख्य स्टोर से इस दवा का वितरण रोक दिया गया है और जिला अस्पताल, पीएचसी, सीएचसी पर भेजी गईं दवाएं भी वापस मंगाई जा रही हैं।

- **मुख्य स्टोर से एंटीबायोटिक दवा के वितरण पर रोक, 13 हजार गोलियां आई थीं**

# सड़क पर जलभराव से परेशान लोगों ने नगर निगम में किया धरना-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर निगम के वार्ड-55 सैदपुर हॉकिन्स की सेवाधाम पश्चिम विहार कॉलोनी में मिनी बाईपास से कर्मचारी नगर रोड पर जलभराव से लोग परेशान हैं। लोगों ने शनिवार को नगर निगम में धरना प्रदर्शन कर सड़क बनवाने की मांग की और मेयर डॉ. उमेश गौतम को ज्ञापन सौंपा। लोगों ने बताया कि कई बार शिकायत के बाद भी समस्या का निदान नहीं हो पाया है।



नगर निगम में फर्श पर बैठकर प्रदर्शन करते सेवाधाम पश्चिम विहार कॉलोनी के लोग।

- **सेवाधाम पश्चिम विहार कॉलोनी के लोगों ने मेयर को सौंपा ज्ञापन**

सुबह करीब 11 बजे कॉलोनी के लोग महिलाओं के साथ नगर निगम पहुंचे। अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार यादव को लोगों ने बताया कि वह हाउस टैक्स सहित अन्य कर देते हैं लेकिन उन्हें कोई सुविधा नहीं मिल रही है। नगर निगम की ओर से उनकी कॉलोनी में काम नहीं करा रहा है। अपर नगर आयुक्त ने समस्या के समाधान कराने का आश्वासन देकर ज्ञापन देने के लिए कहा लेकिन लोग मेयर और नगर आयुक्त से मिलने की मांग पर अडिग रहे। अपर नगर आयुक्त अपने ऑफिस में वापस चले गए तो लोग नगर आयुक्त के कार्यालय के सामने फर्श पर बैठक कर विरोध प्रदर्शन करने लगे। इसके बाद कॉलोनी के लोगों ने मेयर से मुलाकात की और ज्ञापन देकर बताया कि कॉलोनी 15 साल पुरानी है और करीब 280 परिवार रहते हैं। लोग नियमित टैक्स जमा करते हैं लेकिन कोई सुविधा नहीं मिल रही है। मुख्य सड़क काफी समय से खराब है। जल निकासी की व्यवस्था न होने से परेशानी हो रही है। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने लोगों से समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया और निर्माण विभाग के इंजीनियरों को दो सप्ताह में रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। ज्ञापन देने वालों में एमआर यदुवंशी, जितेंद्र कुमार, धर्मवीर, विनय कुमार, मानवेंद्र सिंह, संजीव कुमार, विनीता शर्मा, जितेंद्र शर्मा, अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।




### मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के तहत 368.50 लाख का बजट जारी

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के तहत शासन ने जिले को तीन करोड़ 68 लाख रुपये का बजट जारी कर दिया है। इस धनराशि से मृतकों के आश्रितों को पांच-पांच लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के तहत अलग-अलग ब्लॉक से दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले मृतकों के आश्रितों ने आवेदन किए थे। आवेदनों की जांच के बाद बजट की स्वीकृति के शासन में फाइलें भेजी गई थीं। एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह ने बताया कि शासन से 368.50 लाख का बजट मिल गया है। इस बजट से दुर्घटनाओं में जिन 75 किसानों की मृत्यु हुई है, उनके आश्रितों को धनराशि दी जाएगी। कुछ ऐसे भी किसान हैं, जो हादसों में दिव्यांग हुए हैं, उन्हें भी योजना के तहत सहायता राशि देकर लाभान्वित किया जाएगा।

### हरुनगला में चार घरों में पकड़ी बिजली चोरी

**बरेली, अमृत विचार :** हरुनगला में मार्निंग रेड में शनिवार को चार घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई है। अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला ने बताया कि बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# शहर की स्ट्रीट लाइटें ऑटोमेटिक ऑन-ऑफ होंगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **नगर निगम में करीब छह करोड़ रुपये से बनेगा सेंट्रल कंट्रोल मॉनिटरिंग सिस्टम**
- **पहले चरण में 10 हजार लाइटों को जोड़ा जाएगा, लाइट खराब होने पर तुरंत चलेगा पता**

**अमृत विचार :** शहर की स्ट्रीट लाइटें अब ऑटोमेटिक ऑन और ऑफ होंगी। इसके लिए नगर निगम में करीब छह करोड़ की लागत से सेंट्रल कंट्रोल मॉनिटरिंग सिस्टम (सीसीएमएस) स्थापित किया जाएगा। पहले चरण में शहर की करीब 10 हजार स्ट्रीट लाइटों को इससे जोड़ा जाएगा। इस सिस्टम से स्ट्रीट लाइट के खराब होने का भी आसानी से पता चल जाएगा और आसानी से इसे ठीक कर दिया जाएगा।

अभी झांसी नगर निगम में सीसीएमएस के तहत स्ट्रीट लाइटें कंट्रोल की जाती हैं। वहां की तरह बरेली नगर निगम परिसर में दिसंबर तक कंट्रोल रूप स्थापित करने की योजना है। अक्सर यह देखने को मिलता है कि कई बार दिन में लाइटें जलती रहती हैं। इसके अलावा जहां अंधेरा होता है, वहां लाइट बंद रहती है। लोगों के बार-बार शिकायत के बाद भी समय पर खराब लाइटों को सही नहीं किया जाता है। इसकी वजह से कई बार घटनाएं भी होती हैं। इस समस्या के निदान के लिए ऑटोमेटिक सिस्टम लगाया जा रहा है। पहले चरण में महिलाओं के आवागमन वाले मार्ग, सार्वजनिक स्थान, अंधेरा रहने वाले स्थानों पर लगी हुई स्ट्रीट लाइटों को जोड़ा जाएगा। दूसरे चरण में इसका विस्तार किया जाएगा। नगर निगम के पथ प्रकाश विभाग की योजना है कि आने वाले समय में सभी लाइटों को इससे जोड़ा जाए।

### इस तरह काम करेगा सिस्टम

नगर निगम का सेंट्रल कंट्रोल मॉनिटरिंग सिस्टम पूरी तरह से कंप्यूटरीकृत होगा। साफ्टवेयर के माध्यम से लाइटों की मॉनिटरिंग की जाएगी। सभी स्ट्रीट लाइटों में एक जिप लगाई जाएगी। चिप में स्ट्रीट लाइट का पूरा रिकॉर्ड होगा। इस चिप को वाईफाई से जोड़ा जाएगा और कंट्रोल रूम से स्ट्रीट लाइट को ऑटोमेटिक ऑन और ऑफ किया जाएगा।

> कंट्रोल रूम की स्थापना नगर निगम की जाएगी। इससे स्ट्रीट लाइटें ऑटोमेटिक ऑन और ऑफ होंगी और बिजली की बचत भी होगी। अगर लाइट खराब हो गई तो भी जानकारी साफ्टवेयर से मिल जाएगी।
> **- सिद्धार्थ कुमार,** अधिशासी अभियंता, पथ प्रकाश प्रभारी

# केलाडांडी में युवकों की पिटाई से फिर गरमाया माहौल

## पुलिस और पीएसी तैनात, अधिकारी लगातार कर रहे निगरानी, दोनों पक्षों ने अब तक नहीं दी तहरीर

संवाददाता, क्योलड़िया (बरेली)

**अमृत विचारः** क्योलड़िया के केलाडांडी में विवादित मस्जिद की दीवार गिराने के मामले में शनिवार को रास्ता पूछने पर एक समुदाय के कुछ युवकों की पिटाई से माहौल फिर गर्मा गया। पुलिस ने किसी तरह से मामला शांत किया। गांव में अभी तनाव की स्थिति को देखते हुए तीन थानों की फोर्स के साथ पीएसी तैनात की गई है। पुलिस-प्रशासन के अफसरों ने गांव में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था परखी।

गांव केलाडांडी में शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे एक समुदाय के लोग दूसरे गांव में नमाज पढ़ने गए थे। इसी बीच कुछ लोगों ने हथौड़ों से प्रहार कर विवादित मस्जिद की दीवार को तोड़ दिया। इससे गांव में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। क्षेत्रीय विधायक डॉ. एमपी आर्य समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ।

विधायक ग्रामीणों के साथ दो घंटे तक धरने पर बैठे। शनिवार दोपहर करीब 2 बजे दूसरे समुदाय के कुछ युवक गांव पहुंचे और लोगों ने दूसरे पक्ष के लोगों से विवादित मस्जिद का रास्ता पूछा तो फिर विवाद हो गया। आरोप है कि दूसरे समुदाय के युवकों की लोगों ने पिटाई कर दी। पिटाई से आहत लोग मस्जिद न नहीं गए और न ही थाने में तहरीर दी। एसडीएम नवाबगंज अजय उपाध्याय, सीओ नवाबगंज हर्ष मोदी, नायब तहसीलदार अरविंद शर्मा, कानूनगो विश्राम सिंह, लेखपाल योगेश कुमार गांव में नजर बनाए हैं। थाना प्रभारी परमेश्वरी ने बताया कि किसी की पिटाई का कोई मामला सामने नहीं आया है और न ही किसी ने कोई तहरीर दी है। गांव में फोर्स तैनात है।


गांव केलाडांडी में विवाद के बाद तैनात फोर्स। ● अमृत विचार


दूसरे दिन गांव में सन्नाटा पसरा रहा। ● अमृत विचार

> गांव में भारी पुलिस फोर्स के साथ पीएसी को तैनात किया गया है। अधिकारी भी गांव में भ्रमण कर रहे हैं। गांव में शांति व्यवस्था बनी हुई है।
> – **मुकेश चन्द मिश्रा**, एसपी उत्तरी

# राजस्व वसूली पूरी नहीं होने पर दो एआरटीओ का वेतन रोका

**बरेली, अमृत विचार :** राजस्व वसूली और चालान का टारगेट पूरा नहीं करने पर मंडल के दो एआरटीओ प्रवर्तन का सितंबर का वेतन रोक दिया गया है। आरटीओ ने दोनों एआरटीओ को काम में सुधार करने के निर्देश दिए हैं।

परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने प्रदेश के 53 जिलों के एआरटीओ पर वेतन रोकने की कार्रवाई की है, जिसमें बरेली मंडल के बरेली के एआरटीओ प्रवर्तन संदीप कुमार जायसवाल और शाहजहांपुर के शांति भूषण पांडे भी शामिल हैं। आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक एआरटीओ प्रवर्तन को माह में चालान कर करीब 40 लाख रुपये का जुर्माना जमा कराना होता है। बरेली और शाहजहांपुर के एआरटीओ प्रवर्तन लक्ष्य पूरा नहीं कर सके। अब वेतन रुकने की कार्रवाई के बाद काम में सुधार करने को कहा है।

# स्क्वाड्रन लीडर के घर से लाखों के जेवर चोरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एयरफोर्स परिसर में स्क्वाड्रन लीडर के आवास से लाखों रुपये के जेवर चोरी कर लिए गए। स्क्वाड्रन लीडर ने थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने अपने आवास पर काम करने वाले छह युवकों पर चोरी का शक जताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एयरफोर्स परिसर में शांतिवन-6 निवासी नेहा सिंह ने थाना इज्जतनगर में तहरीर दी कि वह वायुसेना में स्क्वाड्रन लीडर के पद पर हैं। 13 सितंबर से 20 सितंबर के बीच उनके आवास से चोरों ने 70 हजार रुपये की दो सोने की चेन, 36 हजार रुपये का एक गोल्ड डायमंड लॉकेट, आठ हजार रुपये का एक सोने का लॉकेट, 40 हजार रुपये के सोने के कुंडल, 50 हजार रुपये के डायमंड जड़ित सोने के ईयररिंग और आठ हजार रुपये का सोने के कुंडल चोरी कर लिए। उन्होंने आवास में कार्य करने वाले विक्की, हिमांशु, रवि, इमरान, राजीव और राहुल पर चोरी का शक जताया है।

### दो घरों का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरी

ऑफिसर्स एन्क्लेव विस्तार निवासी प्रवीन कुमार और कर्मचारी नगर गंगा त्रिवेणी निवासी सतीश कुमार ने बताया कि 23 अगस्त को वे लोग जरूरी कार्य से परिवार सहित बाहर गए थे। 24 अगस्त को जब वापस आए तो मुख्य दरवाजों के ताले टूटे थे। घर के अंदर का सामान भी बिखरा पड़ा था। दोनों घर से चोर करीब छह लाख के जेवर और नगदी लेकर चले गए। प्रवीन ने बताया कि उन लोगों ने यूपी कॉप के माध्यम से 25 व 28 अगस्त को ई-एफआईआर दर्ज कराई, लेकिन कुछ दिनों बाद रिपोर्ट को निरस्त कर दिया गया, तब दोबारा उन्होंने थाना में तहरीर दी।

# हादसे में बच्ची की मौत, बदहवास मां शव को सीने से चिपकाकर भटकती रही

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **जिलाधिकारी आवास के सामने कार की टक्कर से ई-रिक्शा बच्ची पर पलटा**
- **कार और ई-रिक्शा चालक फरार, पांच दिन पहले घर से बच्ची के साथ निकली थी मां**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी आवास के सामने शनिवार सुबह मां के साथ जा रही तीन वर्षीय बच्ची पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलट गया और बच्ची की मौत हो गई। बदहवास मां बच्ची को गोद से चिपकाए इधर-उधर भटकती रही। कार और ई-रिक्शा चालक मौके से फरार हो गए।

सहारनपुर जिले के थाना मंडी के बंजारन मोहल्ले की रहने वाली मिस्बाह जदी मानसिक रूप से कमजोर हैं। उसका देहरादून में इलाज चल रहा है। वह अपनी तीन साल की बच्ची आरिस्फा के साथ घर से 24 सितंबर को लापता हो गई थीं। परिजनों ने दोनों की मंडी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मिस्बाह शनिवार सुबह बरेली जंक्शन की तरफ बच्ची के साथ पैदल जा रही थीं। जिलाधिकारी आवास के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलटकर बच्ची के ऊपर गिर गया और बच्ची की मौत हो गई। इसके बाद मां बच्ची के शव को सीने से चिपकाकर इधर-उधर भटकने लगी। वहां मौजूद लोगों ने देखा तो उसे रोका और पुलिस को सूचना दी। पुलिस बच्ची को अस्पताल लेकर गई लेकिन उसकी पहले ही मौत हो चुकी थी। थाना प्रभारी दिनेश शर्मा ने बताया कि महिला मानसिक रूप से कमजोर है। वह अपना और पति के नाम के अलावा जिला और थाने का पता नहीं बता पा रही थी। स्थानीय पुलिस के जरिए महिला की पहचान की गई और परिजनों को सूचित किया गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है और घटनास्थल के आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है।


बच्ची के शव को सीने से लगाए मां।

# धर्म छिपाकर युवती से बात करने का आरोप लगाकर पार्क में किया हंगामा

- **पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया, युवती ने नहीं की शिकायत**

**बरेली, अमृत विचारः** डीडीपुरम के एक पार्क में दूसरे समुदाय के एक युवक पर धर्म छिपाकर युवती से बात करने और अश्लील हरकत करने का आरोप लगाकर एक संगठन के लोगों ने हंगामा किया। पुलिस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। तहरीर न मिलने की वजह से पुलिस ने अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

कुछ संगठनों के लोगों ने डीडीपुरम के एक पार्क में शनिवार सुबह 8:30 बजे एक युवक को युवती के साथ आपत्तिजनक स्थिति में बैठा देखा। संगठन के लोगों ने युवक से उसका नाम पूछा, तो उसने अपना नाम पवन बताया। शक होने पर उससे और पूछताछ की तो युवक विवाद करने लगा। शोर-शराबा के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। युवक का फोन और आधार कार्ड चेक करने पर पता चला कि वह दूसरे समुदाय का है। इसके बाद हंगामा शुरू हो गया। इस दौरान थाना बारादरी क्षेत्र की रहने वाली युवती वहां से चली गई। युवती कोतवाली क्षेत्र के एक कार्यालय में काम करती है। बारादरी थाना प्रभारी अमित पांडेय ने बताया कि मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली। युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


पुलिस से शिकायत करते एक संगठन के पदाधिकारी।

# गालीगलौज का विरोध करने पर भिड़े तीन युवकों को भीड़ ने खंभे से बांधकर पीटा

संवाददाता, बरेली/भोजीपुरा

- **भोजीपुरा के बिलवा में तिराहे पर खड़े होकर कर रहे थे गालीगलौज**
- **रुद्रपुर के रहने वाले थे छह युवक चार को पुलिस ने हिरासत में लिया**

**अमृत विचार :** थाना भोजीपुरा क्षेत्र के गांव बिलवा के पास गालीगलौज कर छह युवक विरोध करने पर ग्रामीणों से भिड़ गए और तमंचा दिखाकर डराया। इस पर नाराज ग्रामीणों ने तीन युवकों की खंभे से बांधकर पिटाई की। पुलिस ने चार युवकों को हिरासत में लिया है लेकिन दो मौके से भाग गए। चारों युवक उत्तराखंड के रुद्रपुर के रहने हैं। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव बिलवा के सुनील कुमार ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब 3 बजे गांव के तिराहा के पास दो बाइक पर रुद्रपुर निवासी छह युवक पहुंचे। युवक फोन पर किसी को धमकाते हुए गाली गलौज कर रहे थे। उन्होंने गालीगलौज करने से मना किया तो नहीं माने। इसी दौरान गांव का दूसरा व्यक्ति अपनी बहन के साथ वहां से निकल रहा था, तब भी युवक जोर-जोर से गालियां देते रहे। जब उस व्यक्ति ने विरोध किया तो एक युवक ने तमंचा निकाल कर जान से मारने की धमकी देने लगे। इस पर गांव वाले इकट्ठा हो गए और मौके पर तीन युवकों को पकड़ लिया और तीन भाग गए। गांव वालों ने तीनों युवकों को बिजली के खंभे से बांधकर जमकर पीटा और पुलिस को सूचना दी। इस दौरान चौथा युवक भी पकड़ गया। पुलिस ने चारों को हिरासत में लिया है। आरोपियों के पास से पुलिस को 315 बोर का एक तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया उनके नाम विनय कश्यप, आकाश उर्फ विश्वास, धर्मवीर कश्यप और ऋषि यादव हैं। चारों युवक रुद्रपुर के रहने वाले हैं। भोजीपुरा थाने के एसआई संदेश सिंह ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। आरोपियों के पास से तमंचा और दो बाइकें मिली हैं।


तमंचे के साथ पकड़ा गया युवक।



SHIKHAR NURSING HOME
# शिखर नर्सिंग होम
Your Health... Our Priority
24 x 7 इमरजेंसी सुविधा
पैनल ऑफ डॉक्टर्स:-
Dr. R.K. Verma
M.D., P.D.C.C. Critical Care Fellowship in Diabetes (General & Critical Care Physician)
Dr. Jaya
M.S. (Obstetrician & Gynaecologist)
Dr. A.K. Gupta
M.S. (General Surgeon)
Dr. T. Singh
M.S. (Orthopaedic Surgeon)
सुविधाएँ :
सभी प्रकार के रोगों का योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा उचित इलाज
वातानुकूलित जनरल एवं प्राइवेट वार्ड
आधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम
डिजिटल एक्स-रे एवं ई.सी.जी.
ए.बी.जी (ब्लड गैस) की जाँच
पी.एफ.टी. (साँस सम्बन्धी रोगो की कम्प्यूटराइज्ड जाँच)
24x7 पैथोलॉजी लैब एवं फार्मेसी की सुविधा
गंभीर रोगो के इलाज हेतु एस.डी.यू. की सुविधा
मंगलवार को ओ.पी.डी. निःशुल्क
बी.पी.एल. तथा अंत्योदय कार्ड धारक मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घटे चिकित्सक परामर्श (ओ.पी.डी.पर्चा) फ्री
पता- निकट घंटाघर, मेन मार्केट उझानी (बदायूँ)
7465002020
7669891208

शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग
Courses Offered :-
ए.एन.एम. (A.N.M.) For Females only
Course Code- 13
Recognized by Indian Nursing Council
Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow
College Code - 092
बी. फार्मा.
Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I.
Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow)
College Code - 969
डी. फार्मा.
Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I.
Affiliated to B.T.E. (Lucknow)
College Code - 2065
कॉलेज परिसर : केन्द्रीय विद्यालयसे 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखूपुर, बदायूँ
shikharinstituteofpharmacy@gmail.com, shikharinstituteofnursing@gmail.com
www.sip-budaun.co.in
8267000006, 9690028500
7669291208, 9412295244

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

PRIME HOSPITAL
प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग
• मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग
• न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान
एम.डी.
7302532226, 9758044442

डॉ. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

श्री वेदान्ता अस्पताल
डा. आलोक कुशवाहा (PT)
B.P.T. (सीनियर फिजियोथेरेपिस्ट)
Experience More Than 10 Year
Timing : 10 AM to 5 PM M.: 8115837477
• कमर दर्द • गर्दन दर्द • लिगामेन्ट इंजरी • बच्चों की शारीरिक कमजोरी • ज्वाइंट रिप्लेसमेंट के बाद की फिजियोथेरेपी • कन्धा जाम होना • आर्थराइटिस • चेहरे की फॉलिस • हाथ-पैरों की फॉलिस • फ्रैक्चर के बाद की जकड़न
रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली।

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

# एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस उपभोक्ता को देगी 42 लाख रुपये का बीमा क्लेम

## जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग प्रथम की पीठ ने सुनाया फैसला

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की ओर से उपभोक्ता को बीमा क्लेम अदा न करने पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग प्रथम के अध्यक्ष राधेश्याम यादव, सदस्या मुक्ता गुप्ता और प्रशांत मिश्रा की पीठ ने इंश्योरेंस कम्पनी को उपभोक्ता को 42 लाख रुपये दो माह के अंदर अदा करने का आदेश दिया है।

मढ़ीनाथ क्षेत्र के गणेश नगर निवासी अनिल कुमार तोमर ने अपने वकील नन्दन सिंह के जरिए 27 जनवरी 2022 को आयोग में अर्जी देकर बताया था कि उनकी पत्नी सुनीता रानी चौहान ने 29 सितंबर 2018 को 10 वर्ष की अवधि के लिए 60 लाख शम एश्योर्ड की बीमा पॉलिसी ली थी। जिसमें केवल 5 वर्ष तक प्रतिवर्ष 6 लाख रुपये का वार्षिक प्रीमियम का भुगतान करना था। 10 वर्ष के उपरांत मैच्योरिटी रकम का भुगतान बीमा कंपनी को उनकी पत्नी को किया जाना था। 10 अप्रैल 2021 को उनकी पत्नी का देहांत हो जाने पर बीमा क्लेम किया, लेकिन बीमा कम्पनी ने रिस्क कवर 60 लाख रुपये का भुगतान न करके केवल 18 लाख 14 हजार 147 रुपये का ही भुगतान किया। जानबूझकर कर शेष रकम 41 लाख 85 हजार का भुगतान नहीं किया। बीमा कंपनी ने अपने जवाब में कहा कि बीमित सुनीता रानी चौहान बीमा प्रस्ताव में अपनी शुगर व किडनी की बीमारी व शारीरिक कमजोरी को छिपाते हुए बीमा शर्तों का उल्लंघन किया था। अनुचित क्लेम की मांग की गई है।

> सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग की ओर से पारित आदेशों के अनुसार बीमा कंपनी द्वारा अधिकृत चिकित्सक से बीमा के लिए प्रस्तावित व्यक्ति का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर बीमा पालिसी स्वीकृत करने के उपरांत यह परिकल्पना नहीं की जा सकती है कि बीमित व्यक्ति रोगग्रस्त था अथवा उसके द्वारा कोई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया गया था। प्रस्ताव स्वीकार करते समय बीमा कंपनी को भी सतर्कता बरतते हुए बीमा पॉलिसी लेने वाले व्यक्ति के स्वास्थ्य के बाबत आश्वस्त होना अपेक्षित है। प्रस्ताव स्वीकार करने के बाद बीमित की किसी बीमारी को छिपाने के आधार पर भुगतान दावा अस्वीकृत किया जाना न्यायोचित नहीं है। – **जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग प्रथम**

# दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी नामंजूर

**विधि संवाददाता, बरेली :** किशोरी को बहलाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के आरोपी थाना फतेहगंज पश्चिमी के गांव धनेटा निवासी अमित कश्यप की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट उमाशंकर कहार ने खारिज कर दी।

सरकारी वकील राजीव तिवारी ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना शाही में तहरीर देकर पुत्री को बहलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बयान में बताया कि वह कक्षा 7 में पढ़ती है। 22 अप्रैल को अमित कश्यप ने उसकी दोस्त की आवाज में मोबाइल से फोन कर सुबह घर से बाहर बुलाया। वह घर से निकली। वहीं से अमित ने उसे पकड़कर बस से दिल्ली हाथ और मुंह बांधकर ले गया। दिल्ली में किराये के मकान पर उसे 6 से 7 दिन रखा। 30 अप्रैल को वह वापस आई।

# भांजे ने मामा पर चापड़ से किया हमला

**बरेली, अमृत विचार :** एजाजनगर गौंटिया में भांजे ने मामा पर चापड़ से हमला कर दिया। थाना बारादरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। व

फरीदपुर निवासी मुनीम ने बताया कि वह 23 सितंबर को अपनी रिश्तेदारी में एजाजनगर गौंटिया आया था। 24 सितंबर को उनका भांजा रबी हुसैनी उर्फ रबिआ अचानक से झगड़ा करने लगा। समझाने पर उसने मांस काटने वाली छुरी से उनपर तीन चार वार कर दिए, जिससे वह घायल होकर गिर गए।

इसके बाद आरोपी ने लात घूसों से पीटा। पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। रबिया के बहनोई नन्हें ने उसे दोबारा उकसाया तो वह गालीगलौज करने लगा। नन्हें भी हमलावर हो गया। नन्हें के हाथ पकड़ने पर रबिआ ने दोबारा हमला कर दिया। उन्हें बचाने आईं उनकी पत्नी शायमा के साथ भी मारपीट की।

# ब्लॉक की वजह से कई ट्रेनों का संचालन होगा प्रभावित

**बरेली, अमृत विचारः** रेलवे की ओर से गोरखपुर-गोंडा खंड के मगहर स्टेशन पर इंजीनियरिंग कार्य की वजह से ब्लॉक लिया जाएगा। इस कारण कई ट्रेनों को नियंत्रण और मार्ग परिवर्तन कर चलाया जाएगा।

पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि कटिहार से 1 अक्टूबर को चलने वाली 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस वाराणसी मंडल पर 60 मिनट नियंत्रित कर चलाई जाएगी। गोरखपुर से 2 अक्टूबर को चलने वाली 09044 गोरखपुर-दहानू रोड स्पेशल ट्रेन मार्ग में 35 मिनट नियंत्रित कर चलाई जाएगी। इसके अलावा 20103 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंडा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जाएगी।

इसकी वजह से ट्रेन का ठहराव मसकनवा, बभनान, बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशनों पर नहीं रहेगा। अमृतसर से 1 अक्टूबर को चलने वाली 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंडा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जाएगी। मार्ग परिवर्तन की वजह से ट्रेन का ठहराव मनकापुर, बभनान, बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशनों पर नहीं रहेगा। काठगोदाम से 1 अक्टूबर को चलने वाली 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंडा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जाएगी और इसका ठहराव मनकापुर, बभनान, बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

## यात्रियों को नियमित ट्रेन की मिली सौगात

रेलवे ने टनकपुर-दौराई स्पेशल ट्रेन को जल्द ही नए नंबर 15091/92 से चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन सप्ताह में चार दिन टनकपुर- दौराई एक्सप्रेस के रूप में संचालित होगी। ट्रेन का इज्जतनगर, बरेली सिटी, बरेली जंक्शन, मुरादाबाद और दिल्ली स्टेशन पर ठहराव होगा।

## युवक पर रॉड से किया हमला

**बरेली, अमृत विचार :** मामूली विवाद पर दबंग ने कैंटीन में काम करने वाले युवक पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के गांव पहाड़गंज निवासी अरुण ने बताया कि वह निजी अस्पताल की कैंटीन में काम करते हैं। शुक्रवार शाम को वह कैंटीन से घर आ रहे थे। रास्ते में गांव का एक युवक उसे नशे की हालत में मिला और गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने लोहे की रॉड से हमला कर दिया।

## बहन के यहां आई युवती से छेड़खानी, विरोध पर पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी में युवती के साथ शोहदे ने छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपी ने युवती, उसकी बहन और उनके सास-ससुर से मारपीट की। युवती की तहरीर पर थाना बारादरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रामपुर के थाना मिलक क्षेत्र के एक गांव की युवती बारादरी के एक मोहल्ले में 15 दिन पहले गर्भवती बहन की सेवा करने के लिए आई थी। मोहल्ले का नवेद खां आए दिन युवती के साथ छेड़खानी करता है। परेशान होकर युवती, उसकी बहन और बहन के सास-ससुर ने विरोध किया। इस पर नवेद गालीगलौज करने लगा और सभी के साथ मारपीट की। आरोपी ने युवती के कपड़े भी फाड़ दिए।

## कम खर्च कराने पर पूर्व प्रधान और सचिव को नोटिस

**बरेली, अमृत विचार :** विकास खंड शेरगढ़ की ग्राम पंचायत मल्साखेड़ा में पंचायत भवन के निर्माण में तय रकम से कम खर्च करने की शिकायत जांच में सही पाई गई। इसको लेकर पूर्व प्रधान और सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। मामले की शिकायत जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की गई थी। जांच में सामने आया कि निर्माण पर 9,73,299 रुपये का खर्च दिखाया गया, लेकिन मौके पर 69244 रुपये का निर्माण कम किया गया। पंचायत भवन अभी अधूरा है। डीपीआरओ कमल किशोर ने बताया कि पूर्व ग्राम प्रधान रमेश चंद्र और ग्राम विकास अधिकारी सुशील गंगवार को नोटिस जारी किया गया है। निर्माण कार्य पूरा नहीं कराने पर दोनों को खिलाफ एफआईआर भी कराई जा सकती है। शिकायत पर कंसलटेंट इंजीनियर से मेजरमेंट कराने पर धांधली पकड़ में आई। 15 दिन में अधूरे निर्माण को पूरा नहीं करने पर अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# रबड़ फैक्ट्री के कर्मचारी 25 साल से झेल रहे आर्थिक तंगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **एसएंडसी यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने वन मंत्री से मुलाकात कर राहत दिलाने की मांग की**
- **वन मंत्री ने दिया आश्वासन, मुख्य सचिव के संपर्क में हैं, सरकार की प्राथमिकता में है फैक्ट्री**

**अमृत विचार :** करीब 25 साल से फतेहगंज पश्चिमी में बंद पड़ी रबड़ फैक्ट्री के कर्मचारियों के भुगतान की समस्या शनिवार को एसएंडसी यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार के समक्ष रखी।

यूनियन के महामंत्री अशोक मिश्रा की अगुवाई में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि वर्ष 1999 से रबड़ फैक्ट्री बंद होने के बाद से 1432 कर्मचारियों का भुगतान लटका हुआ है। कर्मचारी देय भुगतान की लगातार मांग कर रहे हैं। सैकड़ों कर्मचारियों की मौत हो चुकी है। जमीन के मालिकाना हक को लेकर मामला बॉम्बे हाईकोर्ट में लंबित होने की वजह से कर्मचारियों का भुगतान भी रुका हुआ है। पिछले 25 साल से कर्मचारी आर्थिक तंगी, भुखमरी, बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री के कर्मचारियों और उनके परिवारों की समस्या को गंभीरता से लेकर विचार किया जाए। कहा कि मामला मुख्य सचिव तक ले जाने के बाद भी अभी तक कोई सार्थक परिणाम सामने नहीं आए हैं। वन मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वह लगातार मुख्य सचिव से संपर्क में हैं। रबड़ फैक्ट्री सरकार की प्राथमिकता में है। इस पर काम चल रहा है। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव को संबोधित एक ज्ञापन वन मंत्री को सौंपा, जिसमें कर्मचारियों को तत्काल राहत दिलाने की मांग की है। इस दौरान सतीश रोहतगी, अनिल गुप्ता, संत प्रकाश शर्मा, आरसी शर्मा आदि मौजूद रहे।

## कर्मचारी को रखने की शिकायत सचिव से करेंगे

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में स्थायी कर्मचारी को अस्थायी में शामिल करने का विरोध जारी है। कर्मचारी कल्याण सेवा समिति इस मामले की प्रबंध समिति के सचिव देवमूर्ति से मुलाकात कर शिकायत करेंगे। समिति के अध्यक्ष चंद्रकेश यादव की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक में सर्वसम्मति से इसका निर्णय लिया गया। प्रबंध समिति के सचिव ने कर्मचारी को चार साल पहले कॉलेज से निकाल दिया था। अब कर्मचारी को अस्थायी कर्मचारियों के साथ नियुक्त कर दिया गया है। महाविद्यालय में चर्चा है कि उसे पैसे लेकर रखा गया है। कर्मियों ने कहा कि अगर ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति रद्द नहीं की जाती है तो नियुक्ति करवाने वाले कर्मचारी और स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के निदेशक डॉ. एपी सिंह के विरुद्ध आंदोलन करने को मजबूर होंगे। बैठक में शैलेश कुमार मिश्रा, विजय पटेल, रविंद्र सहारा, टीकाराम, वली अहमद पूरनलाल, श्रीपाल, धर्मेन्द्र, सावित्री, देववती, आशा, जय प्रकाश पाठक, नानकचंद, गंगा प्रसाद, जसवीर, भीकम सिंह, दोधराम, जयवीर, भजनलाल, अमित शर्मा, वंश गोपाल आदि कर्मचारी मौजूद रहे।


## नीरज मौर्य बने सार्वजनिक वितरण समिति के सदस्य

**बरेली, अमृत विचार :** केंद्र सरकार की ओर से शनिवार को केंद्रीय समितियों के गठन में आंवला के सांसद नीरज मौर्य को उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण समिति का सदस्य नामित किया गया है। इसकी सूचना जनरल सेक्रेटरी उत्पल कुमार सिंह ने जारी की है। इस संबंध में समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मयंक शुक्ला ने जानकारी दी है।

# एक ही विजिट में पूरा होगा रूट कैनाल ट्रीटमेंट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **लखनऊ से आए वरिष्ठ दंत चिकित्सक ने डिजिटलीकरण से उपचार पर किया जागरूक**



रूट कैनाल ट्रीटमेंट की जानकारी देते विशेषज्ञ।

**अमृत विचार :** रूट कैनाल के उपचार के लिए दंत रोगियों को बार-बार क्लिनिक पर नहीं जाना पड़ेगा। अब दंत चिकित्सकों की ओर से डिजिटलीकरण की मदद से 3-4 सिटिंग के बाद होने वाले रूट कैनाल ट्रीटमेंट को एक ही विजिट में पूरा किया जाएगा।

इस संबंध में शनिवार को इंडियन सोसाइटी ऑफ डिजिटल इम्प्लांट डेंटिस्ट्री की ओर से रामपुर बाग में गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें लखनऊ से आए मुख्य वक्ता एवं वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. प्रवीण राय ने रूट कैनाल सिस्टम में आधुनिकीकरण के इस्तेमाल को लेकर दंत चिकित्सकों को जागरूक किया।

उन्होंने बताया कि चिकित्सा जगत में भी डिजिटलाइजेशन होने से तमाम उपचार को और बेहतर ढंग से किया जा रहा है। रूट कैनाल ट्रीटमेंट में पहले जहां मैनुअल कैप तैयार किया जाता था, जिसको लगाने के लिए मरीज को 3-4 बार क्लिनिक पर आना पड़ता था, अब अगर दंत चिकित्सक के पास सारे टूल हैं तो वे ट्रायल के 40 मिनट बाद ही कैप लगाकर उसे पूरी तरह से ठीक कर सकते हैं।

वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. दिनेश राय ने बताया कि बरेली में डिजिटलीकरण से उपचार के क्लिनिकल ट्रायल शुरू हो गए हैं। जल्द दंत चिकित्सकों की ओर से इसे नियमित किया जाने को लेकर जागरूक किया जाएगा।

वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. अनूप कुमार आर्य ने बताया कि पहले दांत इम्प्लांट के लिए मेटेरियल बनाने को मैनुअल नाप लिया जाता था, अब कैमरे की मदद से थ्रीडी पिक्चर के माध्यम से सटीक इम्प्लांट कर दिया जाता है। इस दौरान डॉ. राघव चौधरी, डॉ. इला अरोरा, डॉ. शैलेश रतन, डॉ. प्रणय रस्तोगी, डॉ. रिंकू गुप्ता, डॉ. हर्ष विजय, डॉ. रुचिर आदि दंत चिकित्सक मौजूद रहे।

# 12 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त, प्रधान होंगे सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार :** स्वास्थ्य महानिदेशक की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के 73 जिलों की 1372 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो चुकी हैं। इनमें बरेली की 12 ग्राम पंचायतों भी शामिल हैं। शासन ने इन सभी ग्राम पंचायतों के प्रधानों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। दो अक्टूबर को गांधी जयंती पर इन्हें सम्मानित किया जाएगा। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. इंतजार हुसैन के मुताबिक टीमें अब तक 10 लाख लोगों को अभियान के तहत कवर कर चुकी हैं। जनवरी से अब तक 10100 टीबी रोगी चिह्नित किए गए हैं। 8803 रोगी स्वस्थ हो चुके हैं। आशा और एएनएम घर-घर भ्रमण कर टीबी रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों को चिह्नित कर स्वास्थ्य शिविरों में लाती हैं।

## सार-संक्षेप

### मुस्तकीम मिस्टर और निकिता मिस फ्रेशर बनीं



**बरेली, अमृत विचार** : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शनिवार को फ्रेशर पार्टी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि आरएमसीएच के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रजनीश पठानिया, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान रहे। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. प्रियंका ए मसीह, डॉ. अनीता पी और पूनम आजाद ने की। द्वितीय वर्ष के छात्रों ने एएनएम. जीएनएम, बीएससी नर्सिंग और एमएससी नर्सिंग के प्रथम वर्ष के छात्रों का स्वागत किया। एएनएम प्रथम वर्ष में मिस फ्रेशर निकिता मौर्या, जीएनएम प्रथम वर्ष में मिस्टर फ्रेशर मुस्तकीम और मिस फ्रेशर नाजिया खान, बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष में मिस्टर फ्रेशर शिवम उपाध्याय, मिस फ्रेशर जशनप्रीत कौर, एमएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष में मिस फ्रेशर अनुष्का शेरॉन डेविस और मिस्टर फ्रेशर विपुल सिंह चुने गए। संचालन कपिल पटेल, प्रतिभा चरन, वत्सला गौतम और रश्मि ने किया।

### पीपीटी प्रेजेंटेशन में जिज्ञासा, भाषण में सूर्यांश विजेता



**बरेली, अमृत विचार** : वर्ल्ड रेबीज डे पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी एवं पैरामेडिकल साइंसेज विभाग ने 2024 ब्रेकिंग रेबीज बाउंड्रीज पर सीएमई का आयोजन किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. पुष्पेंद्र कन्नौजिया ने बताया कि रेबीज घातक बीमारी है, जो आमतौर पर कुत्ते या अन्य जंगली जानवरों के काटने से फैलती है। कार्यक्रम में विभिन्न कोर्सेज के छात्र छात्राओं ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, भाषण आदि प्रतियोगिता के माध्यम से रेबीज से बचाव के प्रति जागरूक किया। पीपीटी प्रेजेंटेशन में जिज्ञासा और भाषण में सूर्यांश विजेता रहे। महिमा तिवारी ने आभार जताया।

### वाद-विवाद प्रतियोगिता में द गुरु स्कूल ने जीती ट्राफी

**बरेली, अमृत विचार** : श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट की ओर से रिद्धिमा में आयोजित 35वीं वार्षिक अंतर विद्यालय वाद–विवाद प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में जीआरएम स्कूल डोहरा रोड के केशव भाटिया ने पक्ष और द गुरु स्कूल की कृतिका गंगवार ने विपक्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों के श्रेष्ठ संभाषण से जूनियर वर्ग में द गुरु स्कूल ने चल वैजयंती ट्राफी अपने नाम की। विजेताओं को ट्रस्ट की आशा मूर्ति और सलाहकार इंजीनियर सुभाष मेहरा और प्राचार्य डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने पुरस्कार प्रदान किए। सोशल मीडिया का बढ़ता उपयोग मानसिक अवसाद का कारण विषय पर कई स्कूलों की 24 टीमों के 48 विद्यार्थियों ने अपनी बात रखी। प्रतियोगिता में विजेताओं का चयन डॉ. सौरभ गुप्ता, डॉ. मानसी मिश्रा और इंजीनियर अश्वनी चौहान ने किया। इस मौके पर जीनियर कपिल भूषण, निपुन पांडेय, रुचि शर्मा मौजूद रहे।

### विवेक सिंह की पीएचडी की मौखिकी हुई



**बरेली, अमृत विचार** : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विधि विभाग में शनिवार को शोध छात्र विवेक सिंह की पीएचडी की मौखिकी हुई। विवेक ने लॉ रिलेटिंग तो एडवर्स पजेशन इन इंडिया : ए इंप्रेकल स्टडी ऑफ पूर्वी उत्तर प्रदेश शीर्षक पर शोध किया। परीक्षा में बाह्य परीक्षक अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रो. मोहम्मद तारिक रहे। शोधार्थी ने प्रतिकूल कब्जे को लेकर सुझाव दिए। विभागाध्यक्ष एवं रिसर्च कोआर्डिनेटर डॉ. अमित सिंह के निर्देशन में विवेक ने शोध पूरा किया। इस मौके पर प्रो. गुरमीत सिंह, डॉ. तारिक, डॉ. शहनाज अख्तर, नईमुद्दीन, अमित कुमार सिंह, डॉ. लक्ष्यलता, राष्ट्रवर्धन, जूही नसीम, समेत अन्य मौजूद रहे।

### सुमित ने तीरंदाजी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता



**बरेली, अमृत विचार** : पश्चिम बंगाल में 23 से 25 सितंबर तक आयोजित 14वीं अखिल भारतीय रेलवे तीरंदाजी प्रतियोगिता की व्यक्तिगत श्रेणी में पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के सुमित ने कांस्य पदक जीता है। सुमित इज्जतनगर मंडल के वाणिज्य विभाग में टिकट जांच कर्मचारी हैं। इस प्रतियोगिता में मंडल ने पहली बार हिस्सा लिया। सुमित को मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव और इज्जतनगर मंडल के सभी शाखा अधिकारियों ने बधाई दी।

### कविता में अंशदीप व पंजाबी भाषण में करन सिंह प्रथम

**बरेली, अमृत विचार** : भाषा विभाग और पंजाबी अकादमी की ओर से शनिवार को रिक्खी सिंह बालिका इंटर कॉलेज में मंडल स्तरीय पंजाबी छात्र – छात्रा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें बरेली, पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर जिले के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। देशभक्ति कविता एवं गीत प्रतियोगिता में सुभाष नगर गुरुनानक खालसा इंटर कॉलेज के छात्र अंशदीप सिंह और पंजाबी भाषण प्रतियोगिता में भी इसी स्कूल के करन सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निबंध में पीलीभीत के अकाल अकादमी के छात्र जसमीत कौर ने पहला स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने कहा कि पंजाबी समाज का इतिहास सदा से गौरवशाली रहा है। हमेशा धर्म और सत्यता के मार्ग पर चलने को प्रेरित करता है। उन्होंने विजेताओं को सम्मानित किया। जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह, संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार, कवलजीत कौर, जगजीत सिंह, अमरजीत सिंह, प्रबंधक आनंद सिंह, प्रधानाचार्य रचना अरोड़ा, रविंद्र सिंह बग्गा, गुरमीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### गमले बनाने में युक्ति और बोतल में खुशी प्रथम



**बरेली, अमृत विचार** : साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में पर्यावरण स्थिरता प्रकोष्ठ ने बेस्ट आउट ऑफ द वेस्ट कार्यक्रम आयोजित किया। डॉ. रीना टंडन और डॉ. गीत चावला के निर्देशन में छात्राओं ने बेकार सामान की मदद से गमले और बोतल सजाकर पौधे लगाए। इसके अलावा छात्राओं को श्राद्ध के मौके पर अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धांजलि स्वरूप एक पौधा पूर्वजों के नाम पर लगाने का संदेश दिया। छात्राओं के बनाए गमले और बोतलों का निर्णय विभागाध्यक्ष फैशन डिजाइन डॉ. अलका जायसवाल ने किया। गमले बनाने में युक्ति प्रथम, खुशबू और सलोनी मौर्य द्वितीय, अनम तृतीय और तृप्ति को सांत्वना पुरस्कार मिला। बोतल बनाने में खुशी प्रथम, राधा भारती द्वितीय और खुशी वर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्राचार्या प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। प्रो. अनामिका कौशिवा और डॉ. सीमा गौतम आदि मौजूद रहीं।

# सम्मान न करने पर सीनियर छात्रों ने जूनियर को पीटा

## रुहेलखंड विश्वविद्यालय के मुख्य छात्रावास की घटना, दूसरे दिन जूनियर ने सीनियर छात्र को पीटा, पुलिस में दी तहरीर

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार** : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के मुख्य छात्रावास में शुक्रवार रात पांच सीनियर छात्रों पर एक जूनियर छात्र की पिटाई का आरोप लगा है। वहीं जूनियर छात्र पर शनिवार को सीनियर छात्र की पिटाई का आरोप है। सीनियर छात्र ने पुलिस में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मुख्य छात्रावास में रहने वाले बीटेक चतुर्थ वर्ष के छात्र अमृतांश, गौरव, अंकित और दो और साथियों पर आए दिन हंगामा करने का आरोप है। आरोप है कि सभी जूनियर छात्रों को इस बात के लिए धमकाते रहते हैं कि वो उनको गुड मार्निंग, गुड नाइट नहीं करते हैं। शुक्रवार रात बीटेक तृतीय वर्ष के तिलहर निवासी छात्र अवनेश सिंह को सीनियर छात्रों ने धमकाना शुरू कर दिया। आरोप है कि नशे में धुत्त पांचों छात्र ने अवनेश को भी नशा करने को कहा, जब उसने इन्कार किया तो पांचों ने उसके साथ मारपीट की। छात्र ने खुद को अपने ही कमरे में बंद कर लिया। जूनियर छात्र का आरोप है कि वार्डन को कॉल किया मगर उनका फोन नहीं उठा तो सुरक्षा प्रभारी सुधांशु शर्मा को फोन किया। सुधांशु ने छात्र को कमरे के बाहर नहीं निकलने को कहा। काफी देर बाद जब वह कमरे से निकला तो उसकी सीनियर छात्रों ने जमकर पिटाई की। सूचना पर सुरक्षा प्रभारी मौके पर पहुंचे और छात्र से शिकायती पत्र मांगा तो छात्र ने इन्कार कर दिया। शनिवार सुबह जब वार्डन डॉ. अजीत ने भी छात्र से शिकायत मांगी तो उसने इन्कार कर दिया।

रात में पीटने वाला एक छात्र दिन में पिटा शनिवार देर शाम बीटेक चतुर्थ वर्ष का छात्र अंकित ट्यूशन पढ़ाकर लौट रहा था। आरोप है कि उसी समय अवनेश ने अपनी साथियों के साथ मिलकर मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के पास अंकित को घेर लिया और मारपीट की। अंकित ने रुहेलखंड चौकी पर तहरीर दी है। पुलिस ने छात्रावास में पहुंचकर पूछताछ की। पुलिस ने दोनों पक्षों से जुड़े छात्रों के नाम नोट कर जांच शुरू कर दी है।

### पहले भी मारपीट कर चुके हैं छात्र

आरोपी छात्र पहले भी छात्रावास में हंगामा और मारपीट कर चुके हैं। पिछले दिनों फ्रेशर पार्टी के चंदे के नाम पर विवाद हुआ था, तब भी इन छात्रों ने मारपीट की थी। बार-बार अनुशासनहीनता करने के बाद भी इन लोगों के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

### छात्रों पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

सुरक्षा प्रभारी सुधांशु शर्मा ने बताया कि रात में सूचना मिलने पर छात्रावास गए थे लेकिन छात्र ने शिकायत देने से इन्कार कर दिया था और खुद ही मामले से निपटने की बात कही थी। शनिवार शाम को वह छात्रावास से घर जाने की एंट्री कर निकल गया। शाम को उसने साथियों के साथ सीनियर छात्र के साथ मारपीट की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विश्वविद्यालय के स्तर पर भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## श्री कृष्ण के जन्म की कथा सुनाई

**सीबीगंज, अमृत विचार** : प्राचीन शिव मंदिर सीबीगंज में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन शनिवार को कथाव्यास आचार्य राजेंद्र तिवारी ने श्री कृष्ण के जन्म का प्रसंग सुनाया।

उन्होंने बताया कि भगवान का जन्म तब होता है, जब धर्म की हानि होने लगती है। अधर्म बढ़ने लगता है। उस अधर्म को दूर करने के लिए भगवान अवतार लेते हैं। पुनः धर्म को स्थापित करते हैं। कथा का समापन दो अक्टूबर को होगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष हरिओम शर्मा, मुन्नी शर्मा, रामौतार मम्मा, अनिल चौधरी, विवेक सक्सेना, रवि यादव, आलोक शर्मा, प्रीति मिश्रा आदि का सहयोग रहा।

# वानर रूप पाकर क्रोधित हुए नारद

कार्यालय संवाददाता, बरेली



रामलीला में आरती करते झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार। ● अमृत विचार

● चौधरी मोहल्ला में आयोजित रामलीला में नारद अभिमान, मनु शतरूपा तप का मंचन किया

**अमृत विचार:** श्री रानी महालक्ष्मी बाई रामलीला समिति की ओर से चौधरी मोहल्ला में आयोजित रामलीला के दूसरे दिन शनिवार को नारद अभिमान और मनु शतरूपा तप का मंचन किया गया। रामलीला की शुरुआत झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने आरती उतार कर की।

मंचन में कलाकारों ने दिखाया कि नारद को अभिमान हो गया कि उन्होंने कामदेव को अपने बस में कर लिया है। यह बात वह अपने पिता ब्रह्मा को बताने गए, ब्रह्मा ने कहा कि वह यह बात विष्णु और शिव को न बताएं। नारद अभिमान से वशीभूत होते हुए यह बात शिव और विष्णु को बताने गए। विष्णु को आभास होता है कि नारद को अभिमान हो गया है। उनका अभिमान दूर करने के लिए विष्णु ने माया नगरी का निर्माण किया। उसी नगर से भ्रमण करते हुए नारद वहां पर विश्राम के लिए रुके, जब यह बात वहां के राजा को पता चली तो वह अपनी राजकुमारी का हाथ दिखाने नारद के पास आते हैं। नारद सुंदर कन्या को देखकर मोहित हो गए और विष्णु के पास पहुंचे और उनसे अपना रूप मांगने लगे। विष्णु उन्हें बंदर का रूप प्रदान कर देते हैं। इसके बाद वह स्वयंवर में पहुंचते हैं। वहां विष्णु भी उपस्थित होते हैं। राजकुमारी जयमाला विष्णु के गले में डाल देती है। नारद पानी में अपना बंदर रूप देखकर क्रोधित होते हैं और विष्णु को श्राप देते हैं कि त्रेता युग में मनुष्य के रूप में नारी के वियोग में इसी तरह घूमोगे।

समिति के अध्यक्ष पंडित रामगोपाल मिश्र, महामंत्री शिव नारायण दीक्षित, हरि शुक्ला, घनश्याम मिश्रा, प्रदीप नारायण वाजपेयी, विजय मिश्रा, प्रभु नारायण तिवारी, धीरेंद्र शुक्ला, श्रेयांश वाजपेयी, बृजेश प्रताप सिंह, आदित्य नारायण मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## कथा में श्रीराम-भरत मिलाप का प्रसंग सुनाया

**बरेली, अमृत विचार** : द्वारिकाधीश सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से इज्जतनगर स्थित शिव पार्वती मंदिर में चल रही श्रीराम कथा में शनिवार को कथाव्यास पं. देवेंद्र उपाध्याय ने श्रीराम- भरत मिलाप का प्रसंग सुनाया।

उन्होंने बताया कि भरत श्रीराम को वापस लाने के लिए गए लेकिन उन्होंने भरत को पिता के वचन का स्मरण कराया और अपनी जगह चरण पादुका दे दी। भरत ने चरण पादुका को ही अयोध्या के सिंहासन पर स्थापित किया।

कथा व्यास ने राम वनवास प्रसंग सुनाते हुए बताया कि राम-लक्ष्मण सीता की खोज करते हुए शबरी के यहां पहुंचे। हनुमान के माध्यम से श्रीराम की सुग्रीव से मित्रता होती है। हनुमान सीता की खोज में लंका जाते हैं। कथा में भजनों की धुन पर श्रद्धालु थिरकते रहे।

# विशेषज्ञों ने कॉर्डियोथोरेसिक सर्जरी पर साझा किए अनुभव



गंगाशील अस्पताल में कार्डियोथोरिसक सर्जरी पर जानकारी देते विशेषज्ञ।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● गंगाशील अस्पताल में सफल ट्रांस ऑरटिक वाल्व इम्प्लांटेशन और हेम्मल प्रोसीजर पर हुई चर्चा

**अमृत विचार** : विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य पर शनिवार को गंगाशील अस्पताल की कार्डियोथोरेसिक, वेस्कुलर सर्जरी और कार्डियोलॉजी टीम ने हाल ही में किए चार सफल ट्रांस ऑरटिक वाल्व इम्प्लांटेशन और रोहिलखंड क्षेत्र में पहले हेम्मल प्रोसीजर पर विशेष चर्चा की।

सीटीवीएस डायरेक्टर और वरिष्ठ कार्डियक सर्जन डॉ. विशाल अग्रवाल ने बताया कि यह एक जटिल और विशेष प्रकार की हृदय शल्यक्रिया है। इस ऑपरेशन के दौरान महाधमनी वाल्व को कृत्रिम वाल्व से बदला जाता है। महाधमनी का क्षतिग्रस्त भाग कृत्रिम ग्राफ्ट से प्रतिस्थापित किया जाता है। साथ ही कोरोनरी धमनियों को भी फिर से जोड़ा जाता है। बैटल ऑपरेशन उन मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित होता है, जिनकी सहधमनी वाल्व में गंभीर विकार होते हैं। यह ऑपरेशन हृदय की कार्यक्षमता को पुनःस्थापित करता है। मरीज को गंभीर हृदय संबंधी जटिलताओं से बचाता है। डॉ. राहुल ने आईवीएएस-आईवीएल, डिवाइस क्लोसूरे आदि की जानकारी दी।

डॉ. मो. कलीम ने कुछ महीने पहले किए तावी प्रोसीजर की जानकारी देते हुए बताया कि ये एक न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया है, जिसमें क्षतिग्रस्त एओर्टिक वाल्व को बिना ओपन हार्ट सर्जरी के बदला जाता है। डॉ. शालिनी महेश्वरी ने कहा कि हमने भविष्य में भी चिकित्सा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करने का संकल्प लिया है, ताकि सभी के लिए उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें। एनेस्थेटिस्ट डॉ. रणधीर सिंह, संजीव चौहान, संजय पाठक, दीपक, संदीप सिंह, आशीष मिश्रा, राहुल तोमर, अभिषेक पॉल, मनीष वैष्णव, संकेत बाली आदि मौजूद रहे।



जोगीनवादा में रामलीला में मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

### माखन चोरी और श्रीराम के जन्म की लीला का मंचन किया

**बरेली, अमृत विचार** : जोगी नवादा स्थित श्री वनखंडी नाथ रामलीला समिति की ओर से चल रही रासलीला में माखन चोरी और रामलीला में श्रीराम जन्म की लीला का मंचन किया गया। मंचन में कलाकारों ने दिखाया कि श्रीराम के साथ भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म होते ही पूरी अयोध्या में उत्सव मनाया जाने लगा। श्रीराम के दर्शन को शिव मदारी का रूप धारण कर अयोध्या में आते हैं। सुबह रासलीला में कृष्ण की माखन चोरी लीला का मंचन हुआ। कलाकारों ने दिखाया कि कृष्ण गोपियां के घर- घर जाकर माखन चुराकर खाते हैं। इस दौरान एक गोपी कान्हा को पकड़कर माता यशोदा के पास लेकर जाती है। प्रभु अपनी लीला से गोपी के बेटे का रूप धारण कर लेते हैं। पांडाल में दर्शक जय श्रीकृष्ण के जयकारे के साथ तालियां बजाते रहे।

## धर्म की रक्षा के लिए पृथ्वी पर अवतरित होते हैं परमात्मा

**बरेली, अमृत विचार** : मॉडल टाउन स्थित श्रीहरि मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शनिवार को कथाव्यास मधुर कृष्ण महाराज ने बताया कि धर्म की रक्षा, अधर्म के विनाश और मानव कल्याण के उद्देश्य के लिए परमात्मा स्वयं मानव रूप धारण कर पृथ्वी पर अवतरित होते हैं। कथाव्यास ने बताया कि कंस की कारागार में जन्म ले कर श्रीकृष्ण गोकुल नगरी में नंद- यशोदा के यहां पधारे तो संपूर्ण गोकुल नगरी में परमानंद छा गया और श्री कृष्ण की बाल छवि के दर्शन कर बृजवासी आनंद प्राप्त करते हैं। कथास्थल पर कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथाव्यास ने नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, कान्हा के आगमन से उजियारा हुआ आंगन...आदि भजनों की संगीतमय प्रस्तुति देकर वातावरण भक्तिमय बना दिया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष सतीश खट्टर, सचिव रवि छाबड़ा, सुशील कुमार, संजय आनंद, गोविंद तनेजा, रंजन कुमार, गिरीश आनंद आदि मौजूद रहे।



कथा सुनाते मधुर कृष्ण।

### स्वास्थ्य शिविर में 650 मरीजों की हुई जांच

**बरेली, अमृत विचार** : श्री विशन कुमार सक्सेना मेमोरियल ट्रस्ट और श्री गंगाचरण आर्यवर्धन अस्पताल की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें 650 मरीजों की खून की जांच कर दवा का वितरण किया गया। शिविर का उद्घाटन भाजपा नेता अनिल कुमार एडवोकेट ने किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष आयुष सक्सेना ने कहा कि उनकी संस्था तीन साल से लगातार स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर रही है। शिविर में डा. आशीष शंखधार, डा. अक्षत अग्रवाल, डा. विधा सिन्हा, डा. शकील अहमद, डा. मो. अकीक, डा. प्रहलाद सिंह ने मरीजों का परामर्श दिया। ओम बाबू सक्सेना, जमुना प्रसाद शर्मा, उपनीत झा, अंजू सक्सेना, ललित सक्सेना, कार्तिक सक्सेना, आशीष सक्सेना, अंकुर सक्सेना, राहुल सक्सेना, अमन सक्सेना, मोहित शर्मा, बिजनेश यादव, महेन्द्र मौर्य, हुकुम सिंह, गौरव सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### तबला विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**बरेली** : साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में संगीत विभाग में तबला विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में निर्णायक प्रो. रुचि गुप्ता और प्रो. ज्योति शर्मा रहीं। संयोजन डॉ. दीपशिखा सिंह और डॉ. अंजु मिश्रा ने किया।

# बेटियों को बाहर जाने से न रोकें, उन्हें मजबूत बनाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● ग्वालियर की टीम ने छात्राओं और महिलाओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

● एक उम्मीद संस्था और द शौर्य सोशल वेलफेयर सोसायटी ने की कार्यशाला

**अमृत विचार** : एक उम्मीद संस्था और द शौर्य सोशल वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को फनसिटी हवेली में एक दिवसीय द शौर्य कार्यशाला आयोजित की गई। ग्वालियर से आए स्व रक्षा कला ग्रुप के सदस्यों ने कई संस्थानों से पहुंचीं छात्राओं को आत्मरक्षा के टिप्स दिए।

कार्यक्रम में पहुंचे आईजी रेंज डॉ. राकेश सिंह ने कहा कि लड़कियों को बाहर जाने से नहीं रोकना चाहिए, बल्कि उन्हें हर विपरीत परिस्थिति से मुकाबला करने को तैयार करना चाहिए। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए गंगाशील अस्पताल की डॉ. शालिनी माहेश्वरी ने कहा कि बेटियों को मजबूत बनाएं।

पहले सत्र में संस्था की सचिव डा. बिंदिया सक्सेना ने सोसायटी के कार्यों की जानकारी दी। मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. सबीन अहसन ने कहा कि महिलाओं को हिम्मत रखनी चाहिए, क्योंकि हिम्मत के बल पर ही सभी लड़ाइयां लड़ी जा सकती हैं। इसी बीच एक प्ले के माध्यम से बेटा-बेटी की समानता को दर्शाया गया।

समापन सत्र में पहुंचे मेयर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि बेटा अगर शेर है तो बेटियां शेरनी हैं। उन्होंने लड़कियों के साथ उनकी मां की भी ट्रेनिंग कराए जाने की बात कही। इस मौके पर प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र दिए गए। एक उम्मीद संस्था की अध्यक्ष अमिता अग्रवाल, रीता सिंह, डॉ. मयंक, अध्यक्ष सरताज बहादुर सिंह, तूलिका गोयल व अन्य उपस्थित रहे।



कार्यशाला में सेल्फ डिफेंस के टिप्स देते रक्षा कला ग्रुप के सदस्य। ● अमृत विचार



रक्षा कला ग्रुप के सदस्यों के साथ आईजी डॉ. राकेश कुमार सिंह, अमिता अग्रवाल।

### ग्रुप छह हजार महिलाओं को कर चुका है प्रशिक्षित

स्व रक्षा कला ग्रुप के अंकित शर्मा और उनके साथी तीन साल से महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा करने की ट्रेनिंग दे रहे हैं। अब तक छह हजार महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। अंकित के अनुसार पहले वह फौज में जाना चाहते थे लेकिन लिगामेंट इंजरी की वजह से नहीं जा सके। महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के लिए एकेडमी की शुरुआत की। आत्म रक्षा में चाभी, फोन, पॉकट नाइफ कॉबेट, क्लोज कांबेट आदि वस्तु अगर सामने पड़ी है तो कैसे उसका प्रयोग कर अपना बचाव किया जाए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैंने अपने पुत्र ललित व पुत्रवधू रूबी देवी को गलत चाल चलन के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। उसका मेरे व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं नही होगा। माया देवी पत्नी रामकुमार नि. कायस्थान जायसवाल कालोनी, तहसील पूरनपुर, जिला पीलीभीत।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम ZAIDA था जबकि मेरा नाम आधार कार्ड में ZAHIDA अंकित है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचान जाए। जाहिदा पत्नी श्री मोहम्मद शकील निवासी मोहल्ला मोहम्मद वासिल पीलीभीत

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र एहसान हुसैन के दुर्व्यवहार से झुब्ध होकर उससे सम्बंध विच्छेद कर समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में इसके किसी कृत्य का मैं जिम्मेदार नहीं होऊंगा। इश्तियाक हुसैन पुत्र बुंदन हुसैन निवासी- वार्ड नं. 01, मोहनपुर, कैंट, बरेली

सूचना
मेरे पुत्र के प्रपत्रों पर अमान अली गाजी नाम अंकित है जो कि गलत है जबकि मेरे पुत्र के आधार कार्ड व अन्य प्रपत्रों पर मोहम्मद अमान नाम अंकित है जो कि सही है। मेरे पुत्र को भविष्य में मोहम्मद अमान के नाम से जाना व पहचाना जाये। जमालुद्दीन पुत्र श्री मोहम्मद हुसैन निवासी मो. हिदायत नगर शहर, लखीमपुर जिला खीरी

D.EL.ED. (BTC)
उ.प्र. बेसिक शिक्षा विभाग/सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, प्रयागराज/एन.सी.टी.ई. के नवीनतम शासनादेश/दिशा-निर्देशों के अंतर्गत अल्पसंख्यक कोटे में डी.एल.एड. प्रशिक्षण 2024 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं।
SHAFI DEGREE COLLEGE
Bisalpur, Pilibhit
Mob.: 8171478747
www.shafidegreecollege.com
College Code:110003

सूचना
सर्व धारण को सूचित किया जाता है मेरी हाईस्कूल वर्ष 2011 अनुक्रमांक नं- 0988009 क्रमांक सं0- 2823485 का प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है नीलम देवी पुत्री देवेंद्र सिंह निवासी ग्राम जश्मा थाना उसावा जिला बदायूं

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

सही परामर्श सही इलाज



डा. कक्कड़
(बी.एच.एम.एस.)
09897052236

नासमझी या जानबूझ कर की गई गलतियों का पता तब लगता है जब आप अपने अन्दर कुछ कमी सी महसूस करते हैं मेरे नौजवान दोस्तों-यदि आप किसी कारणवश आप बुरी आदतों, स्त्री-पुरूष रोग, पेशाब में जलन, उत्साह, आनन्द, जोश की कमी, सिर में चक्कर आना, मर्दाना कमजोरी, शुक्राणु की कमी एव सन्तान न होने के कारण अपने जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित है तो अच्छे इलाज के लिए यहाँ से चिकित्सा लें।

यदि आप
• मर्दाना कमजोरी
• शुक्राणु की कमी
• शीघ्रपतन
का अच्छा इलाज करवाना चाहते हैं तो यहाँ से चिकित्सा लें

• जगह-जगह इलाज करवाकर बिगड़े हुए मरीज, लखनऊ, दिल्ली जाने से पहले परामर्श लें।
• क्वालीफाईड अनुभवी चिकित्सक से मिलकर लाभ प्राप्त करें।

डा. आर. पी. कक्कड़
110-सी, मॉडल टाउन, निकट बड़ा गुरूद्वारा, (इन्द्रापार्क के पास) बरेली
09897052236
www.drrpkakkarclinic.com
मिलने का समय
प्रातः 10 से 5 बजे तक



भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश



अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरूष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।



चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरूष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बाझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें



Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांकः-15 सितम्बर 2024, रविवार
29 सितम्बर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# भाजपा नेता समेत नौ लोगों पर बलवा और हत्या की कोशिश की एफआईआर

## जरी कारीगर को घेरकर पीटने और फायर करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आरोपी नेता के लोगों के साथ फोटो वायरल
- मारपीट की घटना सीसीटीवी में हो गई है कैद

**अमृत विचार :** एक भाजपा नेता, उसके भाइयों और परिवार के लोगों पर जरी कारीगर को घेरकर पीटने और तमंचे से फायर करने का आरोप लगा है। पीड़ित ने लाठी डंडों से पीटने के कारण बहरा होने का भी आरोप लगाया है। मामले में इज्जतनगर पुलिस ने भाजपा नेता समेत नौ लोगों के खिलाफ बलवा, हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज की है।

पीरबहोड़ा निवासी बाबू रवां ने बताया कि मोहल्ले के शाकिर, रब्बान, तंजीम, रेहान, जाहिद रजा, अर्शलान, जिलानी, मोईन उर्फ चन्ना और तस्लीम खां से पुरानी रंजिश है। आरोप है कि 22 सितंबर की सुबह हमलावरों ने उन्हें घेर लिया। मारपीट और गाली गलौज की। जान से मारने की धमकी दी। भीड़ के आने पर तमंचे से फायर कर फरार हो गए। पिटाई की वजह से बाबू के कान, सिर और पीठ पर काफी चोट आईं हैं। बाबू ने बताया कि आरोपी शाकिर भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिला उपाध्यक्ष है। मारपीट की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। सूचना पर थाने के दरोगा मुकेश चौहान जांच करने पहुंचे थे। फिलहाल, आईजी के आदेश पर थाना इज्जतनगर में हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज दर्ज कर ली गई है। बाबू के मुताबिक आरोपी दबंग हैं। पुलिस में शिकायत करने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। आरोपी नेता के असलहों से लैस लोगों के साथ फोटो वायरल हो रहे हैं।

## आर्युवेद कंपनी के उत्पाद की जगह कूड़ा-करकट भेजकर की ठगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कमीशन का दिया था लालच थाना इज्जतनगर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** आर्युवेद कंपनी का उत्पाद बेचने के लिए कमीशन का लालच देकर ठगों ने पैकेट में कूड़ा-करकट भेज दिया और हजारों रुपये ठग लिए। पीड़ित ने थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कैलाशपुर निवासी विजय कुमार ने बताया कि उन्हें फेसबुक पर एक प्रचार देखा, जिसमें बताया गया कि आयुर्वेद कंपनी का उत्पादन बेचने पर अच्छी कमीशन दी जाएगी। प्रचार पर क्लिक करने के बाद उनके मोबाइल पर तीन नंबरों से कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि वह विन्धायचल आयुर्वेद कंपनी से बोल रहा है और उनसे सिक्योरिटी के 51 हजार रुपये जमा करने को कहा। भरोसा करके उन्होंने पैसे जमा कर दिए।

इसके बाद बताया कि साफ्टवेयर आइडी बनानी पड़ेगी, इसके लिए 32 हजार 500 रुपये और जमा करने होंगे। उन्होंने ये पैसे भी ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद पिनकोड के आधार पर क्षेत्र बड़ा होने की बात कहकर 9500 रुपये और ले लिए। इसके बाद आरोपी ने 25 हजार रुपये और मांगे। इस पर उन्होंने सामान भेजने को कहा तो आरोपियों ने एक पैकेट भेजा, जिसमें कूड़ा करकट भरा था।

## भाजपा नेता पर दहेज उत्पीड़न का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा नेता पर पत्नी ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। मामले में पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कत्था फैक्ट्री निवासी माला सिंह के अनुसार उसकी बेटी निकिता सिंह ने भाजपा नेता मिंटू सिंह उर्फ भूपेन्द्र कश्यप निवासी आलोक नगर इज्जतनगर के साथ प्रेम विवाह किया था। उन्होंने मामले में भाजपा नेता पर 27 जुलाई को थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन शादी के कुछ ही दिनों में लड़के व उसके परिवार ने लड़की को पीटना और 10 लाख दहेज लाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। उसके पति मिंटू सिंह, सास शीला कश्यप, जेठ विक्की, ससुर राम किशन, ननद दीप्ती और प्रीती ने उत्पीड़न जारी रखा। बेटी ने फोन कर जानकारी देते तो वह बेटे के साथ उसके घर पहुंचीं। उन लोगों ने उनके साथ गालीगलौज की। वहीं, भाजपा नेता मिंटू सिंह ने बताया कि पारिवारिक विवाद है। लगाए गए आरोप पूरी तरह से निराधार हैं। पत्नी ने नाराज होकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पत्नी से वार्ता हो गई है। दावा किया कि सोमवार को मामले में समझौता हो जाएगा।

## युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज में किराये के मकान में रह रहे युवक ने आंगन में लोके के जाल में रस्सी के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों ने पुलिस से कार्रवाई करने से इन्कार कर दिया। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल सका है। गांव जिगनिया भगवन्तपुर का सर्वेश कुमार (23) नवाबगंज के मोहल्ला काहरान में किराए की दुकान पर बेकरी चलता था। वह शुक्रवार रात दुकान बंद कर दुकान के पीछे बने मकान में रुका था। शनिवार सुबह उसका शव घर के आंगन में लोहे के जाल में रस्सी के फंदे से लटका मिला। पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन परिजनों ने कार्रवाई से इन्कार कर दिया और शव अपने साथ गांव ले गए।

## महिला ने जहर खाकर की आत्महत्या की कोशिश

**बरेली, अमृत विचार :** दहेज उत्पीड़न से परेशान महिला ने जहर खा लिया। महिला को मायके वालों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। महिला के पिता की तहरीर पर थाना इज्जतनगर पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अलीगंज के गांव चांदपुर याकूबपुर निवासी सौदान सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी पूजा की शादी 17 फरवरी 2018 को इज्जतनगर के गांव खजुरिया जुल्फिकार निवासी विपिन के साथ की थी। शादी के बाद से दहेज के लिए पूजा को पति, चचिया ससुर नरेश कुमार, सास कुसुमा देवी, ननद रेनू और ननदोई कपिल कुमार परेशान करने लगे और मारपीट की। इससे परेशान होकर पूजा ने शुक्रवार सुबह 8 बजे जहरीला पदार्थ खा लिया। पूजा के पड़ोस में रहने वाली मौसी ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान विपिन, कुसुमा, रेनू, कुलदीप और नरेश पूजा के बेटे को लेकर भाग गए। पूजा की हालत सही होने पर सौदान सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई।

## घर के बंटवारे के लिए भाई और भतीजे ने किया हमला

**बरेली, अमृत विचार :** घर के बंटवारे के लिए भाई और भतीजे ने सिकलापुर निवासी शौकीन मियां पर हमला कर दिया। थाना बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शौकीन ने बताया कि 21 सितंबर को दोपहर 2 बजे घर के बंटवारे के लिए बड़े भाई अरमान मियां और भतीजे कामरान से विवाद हो। इस दौरान अरमान ने उनके हाथ पकड़ लिए और कामरान ने धारदार हथियार से हमला कर दिया।

## पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश को हिन्दुस्तान में करें शामिल : शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचारः** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश को हिन्दुस्तान में शामिल करने की बात कही है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान का समर्थन किया है। मौलाना शहाबुद्दीन ने शनिवार को दिए बयान में कहा है कि इस समय जम्मू-कश्मीर में विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वहां चुनावी भाषण में कहा था कि सिंध के बगैर हिंद पूरा नहीं है। चुनाव जीतने के बाद पीओके पर हमारा कब्जा होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी की ये बात बिल्कुल ठीक है। कश्मीर ही नहीं, बल्कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश को भी हिंदुस्तान में शामिल कर लेना चाहिए, ताकि हमारा अखंड भारत का सपना जल्द से जल्द पूरा हो जाए।

## सार-संक्षेप

### बिजली कर्मचारियों की पिटाई करने वाला गिरफ्तार



**सीबीगंज, अमृत विचार :** बिजली विभाग की टीम पर हमला करने वाले खलीक मोहम्मद को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। परसाखेड़ा सब स्टेशन पर तैनात अकील, लक्ष्मण प्रसाद, राजेश कुमार, शिवम, मोरपाल, कमल गुरुवार दोपहर 1:30 बजे सीबीगंज के गांव मथुरापुर में बिजली बिल बकाया वसूली के लिए गए थे। टीम ने बकाया अदा न करने पर खलीक मोहम्मद का कनेक्शन काट दिया था। इस पर उसने अपने साथियों के साथ मिलकर कर्मचारियों के साथ मारपीट की थी। लाइनमैन लक्ष्मण की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ दर्ज की थी। पुलिस ने शनिवार को आरोपी खलीक मोहम्मद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### रेबीज से बचाव में टीकाकरण की अहम भूमिका

**बरेली अमृत विचार :** रेबीज दिवस पर भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के पशुजन स्वास्थ्य विभाग के वैज्ञानिक और छात्रों ने कुंवर रणजीत सिंह इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। डॉ. हिमानी और सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विशेषज्ञों ने छात्रों को रेबीज वायरस, इसके संक्रमण के मार्ग और रोकथाम में टीकाकरण की भूमिका के बारे में बताया। कार्यक्रम में 250 छात्र और 30 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। रेबीज के प्रति जागरूकता को पत्रक वितरित किए गए। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को ग्लोबल अलायंस फॉर रेबीज कंट्रोल की वेबसाइट पर भी पंजीकृत किया गया। आयोजन में सामुदायिक चिकित्सा विभाग, श्री राम मूर्ति स्मारक आयुर्विज्ञान संस्थान, रोटरी इंटरनेशनल इज्जतनगर ने सहयोग किया।

### जयंती पर भगत सिंह को किया याद

**बरेली, अमृत विचार :** सुरेश शर्मा नगर स्थित एसएसवी इंटर कॉलेज में भगत सिंह की जयंती पर कार्यक्रम हुआ। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार और भाजपा नेता अनिल कुमार एडवोकेट ने भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का आरंभ किया। वनमंत्री ने भगत सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रबंधक साकेत सुधांशु शर्मा ने कहा कि भगत सिंह ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. अरुण कुमार ने सुरेश शर्मा नगर, संजय नगर, दुर्गा नगर, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कॉलोनी के 350 लोगों को ऑनलाइन भाजपा की सदस्यता भी दिलाई। पंकज शर्मा, शुभम महरोत्रा, एसपी अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

### वनमंत्री ने स्वच्छता के महत्व को बताया




**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने बरेली कॉलेज में शनिवार को स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता ही सेवा अभियान से संबंधित कैप, डायरी, पैन और ग्लव्स वितरित किए। मुख्य अतिथि ने कहा कि जिस देश, जिस घर,जिस समाज में सफाई होगी, वह विकास करेगा। आज दुनिया के जितने भी विकसित देश हैं, वे सभी स्वच्छ हैं, भारत भी धीरे-धीरे इस और बढ़ रहा है। स्वच्छता विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्वपूर्ण योगदान है। प्राचार्य प्रो.ओपी राय ने अतिथियों का स्वागत किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डॉ. राजीव यादव ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 2 अक्टूबर चलेगा, जिसमें स्वयंसेवक महापुरुषों की प्रतिमाएं, मंदिरों, महाविद्यालय परिसर तथा कक्षाओं की सफाई करेंगे। प्रो. एसी त्रिपाठी, प्रो. एमबी कलहंस, प्रो.एनबी सिंह, प्रो. एके सिंह, प्रो. आलोक खरे, डॉ. यशार्थ गौतम, डॉ. बृजवास कुशवाहा, सतीश कुमार, शुभम मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**आंवला, अमृत विचार :** बरेली चंदौसी रेल मार्ग के रेवती बहोड़ा रेलवे फाटक के पास एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। शनिवार की शाम 6 बजे रेवती बहोड़ा खेड़ा रेलवे फाटक के पोल संख्या 5-6 के मध्य दिल्ली पैसेंजर से कटकर एक युवक की मौत हो गई। रेलवे पुलिस ने मृतक की पहचान रामचन्द्र (37) निवासी भूरीपुर थाना आंवला के रूप में की। परिजनों ने बताया कि रामचन्द्र दिमागी बीमारी से ग्रस्त था। किसी तरह वह रेलवे लाइन किनारे पहुंच गया। ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

### हिंदू जागरण मंच ने भगत सिंह की जयंती मनाई

**शाही, अमृत विचार :** अमर शहीद सरदार भगत सिंह की 177वीं जयंती हिंदू जागरण मंच ने मनाया। हिंदू जागरण मंच के नगर अध्यक्ष सुशील शर्मा, महामंत्री नितिन गुप्ता के साथ राहुल देव शर्मा, गुरुदेव शर्मा, विनोद चंद्रा, दिनेश शर्मा, रविकांत शर्मा, विनोद शर्मा ने भगत सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

### महिला का गर्भपात कराया

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय सुरक्षित गर्भपात दिवस पर बिथरी सीएचसी पर एक महिला का सफलता पूर्वक गर्भपात कराया गया। । बिथरी चैनपुर सीएचसी पर पहुंची गर्भवतियों की डॉ. उत्तरा शर्मा ने काउंसलिंग की। उन्होंने बताया कि 23 गर्भवती आईं थीं, सभी की काउंसलिंग की। एक महिला ने बताया कि उनके पहले से पांच बच्चे हैं और वह गर्भवती हैं। उसकी रिपोर्ट देखी तो अल्ट्रासाउंड में बच्चा मृत था, उसका सुरक्षित गर्भपात किया गया है। इसके साथ साथ परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी दी गई और सामान भी उपलब्ध कराया गया।

### युवक से ठगे 50 हजार

**कैंट, अमृत विचार :** हरियाणा की एक युवती ने इंस्टाग्राम पर कैंट के एक युवक को शादी का झांसा देकर कई बार में 50 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। अब वह और पैसों की मांग कर रही है। मना करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रही है। पीड़ित ने कैंट थाने में युवती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कांधरपुर निवासी हीरालाल ने बताया कि 22 जुलाई 2024 को इंस्टाग्राम पर उसकी दोस्ती हरियाणा के सिरसा जिले की रहने वाली चेतना नाम की युवती से हो गई। युवती ने शादी का झांसा देकर उससे ऑनलाइन 50 हजार ट्रांसफर करा लिए।

### सालों ने जीजा को पीटा

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज निवासी शकील का निकाह दो साल पहले रिठौरा के मोहल्ला इंदिरा नगर की रहने वाली युवती से हुआ था, विवाद के बाद वह पत्नी को ससुराल छोड़ आया। शनिवार को वह ससुराल गया तो नकदी चुराने के आरोप में सालों ने उसकी पिटाई कर दी। पीड़ित ने बताया कि वह पत्नी को लेने गया था और वह फिर से घर बसाना चाहता था , लेकिन उसके ससुराल वाले ऐसा नहीं होने दे रहे हैं, वहीं ससुराल पक्ष के लोगों ने पीड़ित की जमकर पिटाई की। ससुराल पक्ष के लोगों ने नकदी और जेवर चुराने और खुद को जख्मी करने का आरोप लगाते हुए थाने पहुंचे और कहा की वह पत्नी को मारता-पीटता था, थाने में दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

### ट्रांसफार्मर से तेल चोरी

**मीरगंज, अमृत विचार :** अवर अभियंता सोम प्रकाश ट्रांसफार्मर से तेल चुराने की रिपोर्ट दर्ज कराई ने थाने में दी तहरीर में बताया कि दिवना रोड बाजार के पास ढाई सौ केवीए का ट्रांसफार्मर लगा है, जो चल रहा था। 16 अगस्त को शाम तक सही था। रात में कई बार हाईटेंशन फ्यूज कट जाने के कर्मियों ने देखा तो पाया ट्रांसफार्मर के ऊपर के नट बोल्ट खुले हैं और वहां पर तेल बिखरा है। वर्तमान में ट्रांसफार्मर के अंदर तेल नहीं है। ट्रांसफार्मर में करीब 330 लीटर तेल था जो बिल्कुल सही था। मीरगंज पुलिस ने शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### लकड़ी से भरा ट्रक पलटा

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** लकड़ी से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक चालक बाल-बाल बच गया। इस दौरान अगरास एएनए रोड पर काफी देर तक जाम रहा। शनिवार को बरेली की ओर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर एएनए रोड पर शंखा तिराहे पर अस्थायी बनी पुलिस चेक पोस्ट बूथ के पास पलट गया। ट्रक पलटने से वह जाम लग गया। चालक ने ट्रक से कूदकर जान बचाई। सड़क पर बीचों बीच ट्रक पलटने से मार्ग अवरुद्ध हो गया। जिस कारण करीब एक घंटा तक जाम की स्थिति बनी रही। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लकड़ी से भरे ट्रक को हटाकर यातायात शुरू कराया।

### विधायक ने जताया शोक

**रिठौरा, अमृत विचार :** रिठौरा के पूर्व चेयरमैन नुसरत अली खां की पत्नी गौसिया बेगम के निधन पर भोजीपुरा विधायक शहजिल इस्लाम ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक जताया। इस दौरान मोहम्मद शाकिर अंसारी, फइम खां, गुल मोहम्मद, सभासद अब्दुल वहीद, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बाबा की गैरमौजूदगी में पोते ने कुटिया में पकाया था मांस

## परिजनों ने बताया कि द्वारिका प्रसाद मीट नहीं खाते थे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सेवानिवृत्त माली द्वारिका प्रसाद के पौत्र प्रशांत ने बाबा की गैरमौजूदगी में कुटिया में मांस पकाया था। प्रशांत ने पुलिस को बताया कि उसके परिवार में कोई मांस नहीं खाता है। वह अपने बाबा से मिलने कुटिया में पहुंचा, तब वह वहां नहीं थे। उसने सोचा जब तक वह आएंगे तब तक मांस पका लेता हूं।


द्वारिका प्रसाद।

मांस पक जाने के आधे घंटे बाद भी जब बाबा नहीं आए तो प्रशांत ने परिजनों को सूचना दी। इसके बाद द्वारिका प्रसाद का बेटा सत्यपाल भी कुटिया पर पहुंचा और सत्यपाल और प्रशांत ने उनकी तलाश शुरू की। पुलिस के पूछने पर बताया कि बाबा के लिए सब्जी रखी थी।


द्वारिका प्रसाद की हत्या के बाद जांच करती फॉरेंसिक टीम।

### परिजनों को अभी नहीं मिली है फंड की पूरी रकम



द्वारिका प्रसाद जून में सेवानिवृत हुए थे लेकिन उन्हें अभी तक फंड रकम पूरी नहीं मिली थी। उनके दोनों बेटे नॉमिनी भी हैं। ऐसे में कई सवाल उठ रहे हैं कि उनकी हत्या किसने और क्यों की। पुलिस को अभी तक जांच में कोई अहम सुराग नहीं मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम से पता चलेगा कि हत्या कैसे की गई है। वहीं पुलिस कई लोगों से पूछताछ कर रही है।

# बहेड़ी में एक और कर्मचारी रिश्वत लेते वीडियो में कैद

संवाददाता, देवरनियां

- चरित्र प्रमाणपत्र बनाने के लिए ली रिश्वत

**अमृत विचार :** अंश प्रमाण पत्र के बदले छह सौ रुपये की रिश्वत लेने का लेखपाल का वीडियो वायरल होने के दूसरे दिन बहेड़ी तहसील के ही एक और कर्मचारी का चरित्र प्रमाणपत्र बनाने के लिए रिश्वत लेने का मामला सामने आया है।

इस संबंध में भाजपा नेता ने एसडीएम से शिकायत की है। भाजपा नेता विपिन गंगवार का कहना है कि उन्होंने चरित्र प्रमाणपत्र बनाने के लिए आवेदन किया था तहसील में बैठीं एक राजस्व लिपिक ने एक प्राइवेट कर्मचारी सोमपाल को बैठाकर धन उगाही करा रही हैं। शिकायत में प्राइवेट कर्मचारी के दो सौ रुपये रिश्वत लेते वीडियो होने का भी जिक्र किया गया है। विपिन गंगवार ने इस मामले की शिकायत एक्स के माध्यम से मुख्यमंत्री के साथ ही अन्य अफसरों से किया है। इस मामले में तहसील प्रशासन का पक्ष नहीं मिल सका है।

### रालोद युवाओं के कल्याण को तत्पर

**बहेड़ी, अमृत विचार :** युवा लोकदल की स्थानीय इकाई की ओर से नगर के एक निजी शादी हाल में सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास किए जाने की वचनबद्धता दोहराई गई। रुहेलखंड मंडल के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे पार्टी अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के निर्देश पर उनके बीच आए हैं और यह वादा कर रहे हैं कि पार्टी से जुड़े युवाओं के उत्थान, उनके लिए रोजगार की व्यवस्था के लिए कोई कसर बाकी नहीं रखी जाएगी। पार्टी की नीतियों का बखान करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष ने अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने की अपील की। रालोद के युवा नेता चौधरी सचिन सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अजीत सिंह ने चीनी मिलों की दूरी 45 किमी से 15 किमी कराने का जो प्रस्ताव पारित कराया था उसका लाभ बहादुरगंज में नव निर्मित चीनी मिल के माध्यम से किसानों को मिलने जा रहा है। निश्चय चौधरी ने हक की लड़ाई के लिए युवाओं से पार्टी को मजबूत करने की अपील की।

## हाईवे की जगह प्लाट में डाली जा रही मिट्टी वीडियो वायरल

**कैंट, अमृत विचार :** पालपुर-कमालपुर में डीएम कार्यालय से जारी खनन की अनुमति में दिए गए निर्देशों को ताक पर रखकर ठेकेदार लगातार अवैध खनन कर रहा है। खनन की अनुमति 3 सितंबर से 1 दिसंबर तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर मिट्टी डालने की है। डंपर से मिट्टी नकटिया मोहनपुर स्थित एक गैस गोदाम के सामने बड़े प्लॉट में डाली जा रही है।

25 सितंबर को छह प्रधानों ने ग्रामीणों के साथ कमिश्नर और डीएम से अवैध खनन बंद कराने शिकायती प्रार्थना दिया था। खनन और राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। एसडीएम सदर गोविंद मौर्य ने बताया। कि मानक के विपरीत अवैध खनन किए जाने के जुर्माने की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। जिला खनन अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि परिवहन करके ले जाई जा रही मिट्टी यदि राष्ट्रीय राजमार्ग के स्थान पर कहीं दूसरी जगह डाली जा रही है, इसकी जांच की जाएगी। जांच में दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# धांधली का आरोप लगाकर किया प्रदर्शन

**गन्ना समिति चुनाव**

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति चुनाव नामांकन में धांधली का आरोप लगाकर शनिवार को लोगों ने मीरगंज तहसील के गेट पर धरना- प्रदर्शन किया। उनकी मांगे हैं नामांकन प्रक्रिया को सही से करवाया जाए, जो निरस्त हुए हैं उन्हें पुनः शामिल किया जाए।

इस दौरान सीओ गौरव सिंह, इंस्पेक्टर सिद्धार्थ सिंह तोमर सहित बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर उपस्थित रहे। दोनों ने धरना दे रहे लोगों को समझाया, लेकिन वह नहीं माने। देर रात खबर धरने पर बैठे रहे। छात्र संघ नेता राहुल यदुवंशी निवासी नथपुरा ने बताया सहकारी गन्ना विकास समिति के चुनाव में 26 को आवेदन हुआ था। 27 को पर्चे की जांच हुई थी। चुनाव में हर गांव से चार-पांच पर्चे भरे गए थे।आरोप है सत्तापक्ष के इशारे पर कुछ लोगों के पर्चे खारिज कर दिए गए। बिना कारण कुछ लोगों को पर्चे खारिज कर दिए गए, उन्हें फिर शामिल करके चुनाव कराया जाए। निर्वाचन अधिकारी तृप्ति गुप्ता ने बताया कि धरना दे रहे लोगों को गांव के हिसाब से एक एक करके बुलाया गया, कि उनके किस कारण से पर्चे नामांकन निरस्त या खारिज हुए हैं, लेकिन वह लोग अपनी जिद पर अड़े हैं। जो नियम विरुद्ध है।

### डेलीगेट चुनाव 270 निर्विरोध चुने गए

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** गन्ना सहकारी समिति भोजीपुरा के डेलीगेट चुनाव में 270 डेलीगेट (प्रतिनिधि) निर्विरोध चुने गए। पर्चा खारिज होने से डेलीगेट के 92 पद खाली रहे। दो वार्डों में चार प्रत्याशी मैदान में हैं। यहां पर्चा वापस नहीं हुए तो चुनाव की संभावना है। निर्वाचन अधिकारी भोजीपुरा बीडीओ कमल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि भोजीपुरा गन्ना सहकारी समिति में डेलीगेट के कुल 366 पद हैं। जिनमें 384 नामांकन दाखिल हुए थे, जिनमें जांच के दौरान 274 वैध पाए गए और विभिन्न कारणों से 114 नामांकन ने निरस्त कर दिए । इस तरह कुल 92 पद खाली बचे हैं।

### नवाबगंज में 201 पर्चे निरस्त

**नवाबगंज , अमृत विचार :** सहकारी गन्ना समिति के 311 डेलीगेट के पदों के लिए हुए 541नामांकन में से 201 पर्चे निरस्त पाए गए ।वैध पाए गए 340 दावों में से 273 पदों पर सिर्फ एक - एक आवेदन आने के कारण इन पर प्रत्याशियों का निर्विरोध चुना जाना तय है। 11 पदों पर कोई आवेदन न होने के कारण अब मात्र 27 पदों पर एक या एक से अधिक दावे आए हैं। नाम वापसी 30 सितंबर के बाद कुछ और नाम वापस होने के बाद ही स्थिति साफ होगी । जिसके बाद 3 अक्टूबर को मतदान होना है।

### फरीदपुर में 284 लोगों के नामांकन वैध

**फरीदपुर, अमृत विचार :** गन्ना समिति डेलीगेट के नामांकन में सत्ता पक्ष की ओर से की गई धांधली में प्रशासन मूकदर्शक बना रहा । आरोप है कि कुछ लोगों को नामांकन तक नहीं करने दिया गया। इन सब के बावजूद सपा समर्थकों ने कुछ नामांकन किए गए उन्हें भी जांच के बाद खारिज कर दिया गया। आरोप है डारेक्टर के चुनाव के डर से बीजेपी ने सपा समर्थकों का नामांकन वैध नहीं होने दिया। सपा नेता ने बताया कि जिस- जिस गांव में डेलीगेट का नामांकन दाखिल नहीं हुआ उन गांवों में भाजपा को कोई नामांकन करने वाले नहीं मिले। कुल 392 डेलीगेट गेट के पदों में से 248 पदों पर ही पर्चा वैध पाए गए, 144 स्थान पर कोई भी नामांकन नहीं हुआ। समिति की ओर से पर्चा रद्द करने की कोई जानकारी नहीं दी जा रही है।

## एसडीएम ने अवैध निर्माण रुकवाया

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** बंजर जमीन पर निर्माण कराने और जेसीबी को पकड़कर छोड़ने का आरोप लगाकर एसडीएम से शिकायत की गई है। एसडीएम ने निर्माण कार्य रुकवाकर जांच शुरू कर दी है। सुरेंद्र पटेल निवासी नवदिया झादा ने एसडीएम सदर से शिकायत कर बताया कि गांव में सरकारी बंजर भूमि है। जिसके पीछे एक भू माफिया ने जमीन खरीद ली है। वह बंजर जमीन से रास्ता लेना चाह रहा है, जिससे उस जमीन की कीमत बढ़ जाएगी। इसलिए बंजर जमीन पर वह लोग कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई बार हल्का लेखपाल और कानूनगो से शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि शनिवार को उस भूमि पर जेसीबी चल रही थी, जिसकी शिकायत यूपी 112 पर की गई। पुलिस ने लेखपाल और कानूनगो की मौजूदगी में मौके से जेसीबी को पकड़कर थाने में खड़ा करवा दिया, लेकिन कुछ देर बाद ही छोड़ दिया गया। एसडीएम सदर गोविंद मौर्य ने बताया कि शिकायत मिलने मौके पर पहुंचकर कार्य रुकवाया गया था।

# पुलिस ने मुठभेड़ में पशु तस्कर पकड़ा

संवाददाता, देवरनियां

- जवाबी फायरिंग में एक सिपाही भी घायल, पहले हुई गोकशी की घटना का खुलासा

**अमृत विचार :** देवरनियां पुलिस ने शुक्रवार रात मुठभेड़ में एक गोतस्कर को गिरफ्तार किया करके पहले हुई गोवंशीय पशुओं की हत्या का खुलासा किया है। मुठभेड़ में एक सिपाही भी घायल हुआ है। दो पशु तस्कर मौका पाकर फरार हो गए।

देवरनियां इंस्पेक्टर मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम शुक्रवार रात चेकिंग कर रही थी, इस दौरान बसंतनगर की पुलिया के पास बाइक सवार तीन लोग पुलिस टीम को देखकर भागने, पीछा करने पर आरोपी फायरिंग करने लगे। जवाबी फायरिंग में उत्तराखंड के जिला उधमसिंहनगर के थाना पुलभट्टा के गांव सिरौली निवासी तालिब के पैर में गोली लगी, पुलिस ने उसे पकड़ लिया, जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर उसके दो साथी फरार हो गए। फायरिंग में सिपाही विकास कुमार भी घायल हुआ है। पूछताछ में तालिब ने फरार दो साथियों के नाम इसी थाना क्षेत्र के कस्बा रिछा निवासी आरिफ उर्फ भूरा उर्फ पदा और मुंडिया जागीर निवासी शरीफा बताए हैं। क्षेत्र में पहले हुई गोवंशीय पशुओं का वध उसने अपने इन्हीं साथियों के साथ मिलकर करना कबूल किया है। पुलिस के अनुसार तीनों पर पशु कुरता के कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार गौ तस्कर के पास से एक तमंचा, कारतूस और पशु काटने के औजार बरामद हुए हैं।


पकड़ा गया पशुतस्कर।

# सियार ने तीन बच्चों पर हमला कर किया घायल

संवाददाता, फतेहगंज पूर्वी

**अमृत विचार:** रामगंगा की कटरी किनारे के गांव अमृता में सियार शनिवार शाम को गांव से बाहर बने एक मकान में घुस गया जिसने तीन बच्चों पर हमला करके घायल कर दिया। प्रधान ने इसकी सूचना वन विभाग को दे दी है। जो देर शाम तक गांव में नहीं पहुंच पाई थी। सियार की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है।

ग्राम गल्थुआ के जंगल में सियार की दस्तक के बाद अब उसने गांव अमृता में दस्तक दी है। पिछले दिनों सियार ने गल्थुआ के जंगल में काम कर रहे दो लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। इसके बाद गांव पहुंची वन विभाग की टीम ने जंगल में पिंजड़ा लगवाया था परंतु सियार हत्थे नहीं लगा था। अब आज शाम को अचानक कई दिन बाद सियार ने रामगंगा की कटरी के गांव अमृता में दस्तक दी। आज शाम सियार गांव के बाहरी साइड में बने केसरी लाल के मकान में घुस गया जिसने घर में खेल रहे केसरी लाल के लड़के आयुष (5), आर्यन (3), आरिस (2) पर हमला कर तीनों को घायल कर दिया। बच्चों के रोने पर परिजन आए तो शोर शराबे पर सियार गांव से जंगल की ओर भाग गया। ग्रामीणों ने उसका पीछा किया परंतु वह अंधेरे में गुम हो गया। आंवला रेंजर ऋषि तोमर ने बताया कि केवल एक ही बच्चे पर सियार के हमले की सूचना है। गांव में टीम भेजकर कांबिंग कराई जा रही है।


घायल आयुष।

### दो लाख के लिए पत्नी को दिया तीन तलाक

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** दहेज के लिए महिला को ससुराल वालों मारपीट कर घर से निकाल दिया। दहेज में मांगी गई धनराशि का इंतजाम नहीं हुआ तो पति ने ससुराल जाकर महिला को तीन तलाक दे दिया, इसके साथ शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। एसएसपी के आदेश पर भोजीपुरा पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव जादौंपुर निवासी शाहीन की शादी उसकी मां ने उत्तराखंड के जिला ऊधम सिंह नगर के थाना व कस्बा बाजपुर निवासी रिजवान के साथ 21, दिसंबर 2022 को की थी। शादी में अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज दिया था। आरोप है कुछ दिन बाद ही पति, सास, ननदें दहेज में दो लाख रुपये की मांग करने लगे । मांग पूरी नहीं हुई तो पहने कपड़ों में उसे घर से निकाल दिया।

# खेत में निकला मगरमच्छ

**शीशगढ़/मानपुर, अमृत विचार :** गांव नरसुआ के पास बहगुल नदी में कई दिनों से मगरमच्छ के देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है फैली हुई थी। शनिवार को ग्रामीणों ने सुबह 10 बजे खेत पर काम करते समय मगरमच्छ देखा तो दहशत फैल गई।

फोन करके गांव से और लोगों को बुलाया और उसे पकड़ने का प्रयास शुरु कर दिया। भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष विमल सिंह ने वन विभाग की टीम को बुलाकर रेस्क्यू करवाया। वन विभाग की टीम में डिप्टी रेंजर मनोज कुमार यादव ,उप निरीक्षक भरत भूसड़ भट, चंद्रशेखर पुजारी उप निरीक्षक,बलवंत सिंह वनरक्षक रहे। टीम अपने साथ मगरमच्छ को पकड़ कर अपने साथ ले गई।



### भगनापुर गांव में मगरमच्छ से दहशत

बिथरी चैनपुर ब्लॉक के गांव भगनापुर में भी मगरमच्छ की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत है। यहां एक तालाब में मगरमच्छ ने डेरा डाल लिया। शनिवार को वन विभाग की टीम पहुंची। देर रात तक मगरमच्छ को निकालने के लिए तालाब खाली कराया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि रविवार सुबह तक मगरमच्छ को रेस्क्यू कर लिया जाएगा।

# रामलीला सोसाइटी ही लगवाएगी मेला

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार :** नगर के विशाल रामलीला दशहरा मेले के आयोजन को लेकर चल रहे विवाद का शनिवार को पटाक्षेप हो गया । सेना ने एक अरसे से मेले का आयोजन कराती आ रही रामलीला सोसाइटी के पक्ष में निर्णय लेते हुए सैनिक पड़ाव की भूमि पर मेला आयोजित करने की अनुमति दी है।

मेले के आयोजन को लेकर पिछले साल भी श्री रामचरित मानस सेवा समिति ने दावा करते हुए आयोजन में अड़ंगा डाला था। खासी जद्दोजहद के बाद मामला उच्च - न्यायालय तक पहुंचने के बाद सोसाइटी को मेला कराने की अनुमति मिली थी । 24 दिन तक चलने वाला ये दशहरा मेला नगर के उत्तर में स्थिति सैनिक पड़ाव के विशाल भूखंड पर आयोजित होता है । इस वर्ष सेना ने रामलीला सोसाइटी के साथ ही रामचरित मानस सेवा समिति के पक्ष में एनओसी जारी करने के बाद एक बार फिर मेला आयोजन की स्थिति झमेले में पड़ गई थी । इस बीच दोनों पक्ष अपने -अपने दावे करते रहे, रामलीला सोसाइटी की पैरवी काम आई और मेला आरम्भ होने से एक दिन पहले ही सेना ने सोसाइटी के पक्ष में अपना निर्णय जारी कर दिया । सोसाइटी ने मेले के आयोजन की प्रक्रिया आरंभ कर दी ।


रामलीला दशहरा मेले की तैयारी शुरू। ● अमृत विचार

- सेना ने अपनी भूमि पर दी आयोजन की अनुमति

## सार-संक्षेप

### स्कूल में मनाया नो बैग डे



**बरेली, अमृत विचार :** भुता के जासपुर पूर्व प्राथमिक स्कूल में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत नो बैग डे मनाया गया। इस दौरान बच्चों को खेल-खेल में भाषा, गणित और रंगों के बारे में जानकारी दी गई। प्रधानाध्यापक डॉ. अल्पना गुप्ता ने बताया कि बालवाटिका के अंतर्गत दूसरी कक्षा तक के बच्चों को प्रत्येक माह नो बैग डे के जरिए खेल-खेल में पढ़ाया जाता है।

### पालिकाध्यक्ष पर पद के दुरुपयोग का आरोप

**फरीदपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद फरीदपुर में जारी वर्चस्व की जंग खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। अब पालिका अध्यक्ष पर पद के दुरुपयोग का आरोप लगा है। आरोप है कि झूठी शिकायत पर एक लिपिक को निलंबित कर दिया गया, जबकि जांच में शिकायतकर्ता शिकायत से मुकर गया। दरअसल पालिका अध्यक्ष ने द्वेष भावना के चलते बिना किसी नोटिस, बिना कोई स्पष्टीकरण लिए कार्यालय अधीक्षक लिपिक को निलंबित किया है वो बिल्कुल ही नियम विरुद्ध है,अधिशासी अधिकारी से भी कोई आख्या नहीं ली गई। आरोप है कि एक शिकायत कर्ता ने एक कर्मचारी पर तथ्य छिपाकर नौकरी हासिल की शिकायत की गई थी। इस मामले में जांच के बाद उचित कार्रवाई के लिए अदालत की ओर से कहा गया था, लेकिन पालिकाध्यक्ष ने बिना किसी जांच और नोटिस को उसे निलंबित कर दिया। इस विषय में पालिकाध्यक्ष फरीदपुर शराफत जरीवाला का कहना है कि कोर्ट के आदेश के बाद लिपिक को निलंबित किया गया है, वहीं अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र मिश्रा का कहना है कि लिपिक के निलंबन की मुझे जानकारी नहीं है यदि ऐसा है तो सोमवार को देखूंगा।

### मिलक इमामगंज में शांति, पुलिस बल तैनात

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** गांव मिलक इमामगंज में धर्मस्थल की ओर सीसीटीवी कैमरे लगाने को दोनों समुदाय के बीच हुए बवाल के मामले गांव में अब शांति है। हालांकि पुलिस बल गांव तैनात है। गांव इमामगंज में अल्पसंख्यक समाज की ओर से धर्म स्थल की ओर सीसीटीवी कैमरे लगा दिए थे। जिनका बहुसंख्यक समाज के लोगों ने विरोध किया, गुरुवार रात को दोनों समुदाय के बीच पथराव हो गया था, जिसमें दोनों ओर से पांच लोग घायल हुए थे। सूचना पर चार थानों की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शांति व्यवस्था बनाई थी ।पुलिस ने करीब 15 लोगों को हिरासत में भी लिया था। जिनका शांति भंग में चालान कर दिया था ।शनिवार को गांव का माहौल शांत है। गांव से बाहर भागे लोग अब घर लौट आए है। हालांकि करीब एक दर्जन पुलिस बल गांव में तैनात है ।थानाध्यक्ष राजेश बाबू मिश्रा ने बताया गांव अब किसी तरह का कोई विवाद नहीं है। दोनों समुदाय के लोग अपनी दिन चर्या में लग गए है।

### वकीलों की समस्याओं का 15 दिन में होगा समाधान

**मीरगंज, अमृत विचार :** तहसील न्यायालयों में कुछ अधिकारियों के कार्य न करने के मामले में बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं की ओर से कार्य बहिष्कार किया जा रहा है। शनिवार को एसडीएम मीरगंज तृप्ति गुप्ता, तहसीलदार डॉक्टर विशाल कुमार शर्मा, नायब तहसीलदार दीपक कुमार की मौजूदगी में अधिवक्ताओं और बार पदाधिकारियों के साथ वार्ता हुई ।सभी अधिवक्ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद एसडीएम बताया कि 15 दिन में समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। बार एसोसिएशन की ओर से कहा कि आगामी सोमवार से सभी न्यायालय में विधिवत कार्य किया जाएगा। यदि इस समय अवधि में सुधार नहीं हुआ तो पुनः कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक कुमार उपाध्याय, सह सचिव अरविंद कुमार, नावेद खान, नसीम उल हसन, ओमपाल शर्मा, मजहर हुसैन, हाजी हबीबुला खां, रईस अहमद, रमेश चंद्र, राकेश रुहेला, भूपेंद्र प्रताप सिंह, यशपाल, मुख्तयार खां सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

### 155 घंटे नॉनस्टॉप सफाई अभियान शुरू

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिमी में 155 घंटे नॉन स्टॉप सफाई अभियान शनिवार से शुरू हुआ। महात्मा गांधी की 155वीं जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छ अभियान कार्यक्रम के तहत शनिवार सुबह फतेहगंज पश्चिमी नगर पंचायत चेयरमैन इमराना बेगम और उनके पति मोहम्मद शाहिद उर्फ कल्लू ने झाड़ू लगाकर सफाई अभियान शुरुआत की। कर्मचारियों से नालियों की सफाई कराई। अधिशासी अधिकारी शिवलाल राम ने बताया कि शासन के दिशा निर्देश कस्बे में 155 घंटे नॉनस्टॉप सफाई अभियान 2 अक्टूबर तक जारी रहेगा। और बताया कि इस महाअभियान का उद्देश्य महात्मा गांधी को स्वच्छता के प्रति उनके योगदान के लिए श्रद्धांजलि देना है। सफाई अभियान के दौरान सफाई मित्रों एवं सफाई कर्मचारियों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ लिपिक बेला देवी, जगदीश प्रसाद शर्मा, गंगाराम, चेयरमैन प्रतिनिधि हारून चौधरी, सुरेश कुमार, दिनेश कुमार, फइम अली, जयप्रकाश, सोमपाल यादव, रवि सैनी, नरेश, मुकेश, उपदेश, सफाई नायक रमेश चंद्र, राजेश कुमार मौजूद रहे।

### बिहार की तरह उत्तर प्रदेश में भी हो वार्ड सभा

**फरीदपुर अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम पर लोक विमर्श संगोष्ठी का आयोजन ब्लॉक फरीदपुर की ग्राम पंचायत दिथोका में हुआ। जिसमें समन्वयक अमित कुमार सिंह तोमर ने उत्तर प्रदेश में ग्राम सभा बैठक का संचालन, शक्तियां एवं दायित्व के साथ-साथ विशेष प्रावधान के प्रभाव और परिणाम पर चर्चा की। ग्राम पंचायत और ग्राम सभा सदस्य के कार्य और भूमिका पर समझ बनाते हुए जानकारी दी। संगोष्ठी में समन्वयक अमित कुमार सिंह तोमर की चर्चा के बाद पूर्व पोस्टमैन श्यामा चरन, सत्य स्वयं सहायता समूह के पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह, ग्राम पंचायत सदस्य गीता, सविता, प्रधान ममता, पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह, ओमपाल, जडैंल सिंह सहित अन्य लोगों ने कहा गया कि ग्राम सभा की बैठक साल में दो बार, पंचायत सदस्यों की बैठक 12 होनी चाहिए, पंचायत सदस्यों के अधिकार बढ़ाने चाहिए। ग्राम सभा को सफल बनाने के लिए राजस्थान, जम्मू कश्मीर, बिहार, हरियाणा सहित भारत के 10 राज्यों में वार्ड सभा का प्रावधान है, इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में भी वार्ड सभा का प्रावधान होना चाहिए। लोक विमर्श में प्रमुख रूप से नरेंद्र कुमार, जनडैंल सिंह, नीरज, हीरालाल, सत्यपाल सिंह, तेजपाल, कश्मीरा, शकुंतला, सुशीला, सोमवती, हरबंस सिंह, यश वरिंद्र, मुन्नी देवी, नन्ही देवी सहित अन्य ने हिस्सा लिया और सुझाव दिए।

### टीम ने 16 स्थान से पकड़ी बिजली चोरी

**आंवला, अमृत विचार :** विद्युत टीम ने शनिवार सुबह 4 बजे सघन चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने एक धर्मस्थल समेत 15 स्थानों पर विद्युत चोरी पकड़ी। टीम ने सभी आरोपियों के खिलाफ विद्युत चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। विद्युत टीम ने नगर के फूटा दरवाजा हवेली, खलीफा वाली मस्जिद अनुपुरा, गौसिया चौक नई बस्ती, आदि स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एसडीओ कामेश कुमार, जेई मनोज कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

### थाना समाधान दिवस में आईजी ने सुनीं समस्याएं

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** थाना समाधान दिवस मेंदोपहर एक बजे आईजी डॉ. राकेश कुमार सिंह भोजीपुरा पहुंचे और फरियादियों की समस्याओं को सुना। भोजीपुरा महिला हेल्प डेस्क और थाना परिसर का निरीक्षण भी किया। मझौआ गंगापुर के मोहम्मद नबी का पड़ोसी से गेट को लेकर विवाद चल रहा था। आईजी ने तत्काल पुलिस और राजस्व विभाग की टीम को भेजा। उन्होंने निर्देश दिया थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। इसके बाद महिला हेल्प डेस्क और थाना कार्यालय का निरीक्षण किया ।थाना समाधान दिवस पर कुल चौदह शिकायतें दर्ज की गई ।इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक प्रवीन सोलंकी व सभी उपनिरीक्षक मौजूद रहे।

### विज्ञान प्रश्नोत्तरी में मनप्रीत प्रथम और वंशिका द्वितीय

**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उच्च और कंपोजिट विद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। बिथरी चैनपुर में 100 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। यहां डोहरा से मनप्रीत प्रथम, नत्थूरमपुरा से वंशिका द्वितीय और लहिया से पूनम, अयान और महक संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार ने विजेता बच्चों को उपहार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित हो और उनकी विज्ञान के प्रति रुचि बढ़े, इसके लिए प्रतियोगिता कराई गई। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार, केसी पटेल, ऋषिपाल सिंह, डॉ. देवेंद्र कुमार गंगवार, शुभम सक्सेना, फहद अंसारी, सौरभ सहाय, मिथिलेश यादव आदि उपस्थित रहे।

### अधिकारियों ने धान की खेती का जायजा लिया

**शेरगढ़, अमृत विचार :** एफपीओ और कृषि विभाग की ओर से शनिवार को ब्लॉक सभागार में कृषक जागरूकता बैठक हुई, जिसमें उप कृषि निदेशक अभिनंदन सिंह ने किसानों को कृषि संबंधी तकनीकी जानकारी देने के साथ ही पराली प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र के गांव रम्पुरा का भ्रमण किया तथा परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत चयनित कलस्टर के एलआरपी सुभाष चंद्र गंगवार के द्वारा बनाए गए विभिन्न जैविक उत्पादों एवं जैविक धान की खेती का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पराली प्रबंधन पर चर्चा करते हुए किसानों से खेतों में फसल अवशेष नहीं जलाने का आवाह्न किया तथा जैविक खेती पर जोर देते हुए गांव रम्पुरा के प्रगतिशील किसान सुभाष चंद्र गंगवार के प्रयासों की सराहना की।

# स्त्री उत्पीड़न की घटनाओं से चिंतित देश



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

भारतीय समाज में स्त्रियां प्रत्येक स्थिति में सम्माननीय रही हैं। वैदिक काल में स्त्री सम्मान की अनेक कथाएं चलती थीं। वैदिक काल की एक प्रतिष्ठित महिला मुद्गलानी है। वह रथ पर चढ़कर युद्ध में हिस्सा लेती थीं। उनकी वीरता की प्रशंसा थी। युद्ध के वर्णन में कहा गया है कि, "युद्ध के समय उनके वस्त्रों का संचालन वायु देव ने किया था"।

देश स्त्री उत्पीड़न की घटनाओं से चिंतित है। यह समाज और राज दोनों के लिए पीड़ादायी है। स्त्री उत्पीड़कों को दंडित करने के लिए अनेक कानूनी प्रावधान हैं। कानून पालन कराने वाले शासकीय तंत्र द्वारा अपना काम किया जा रहा है,लेकिन समाज में ऐसी घटनाओं पर समुचित चिंतन नहीं हो रहा है। हम सहस्त्रों वर्ष प्राचीन राष्ट्र हैं। संस्कृति ही समाज की गतिशीलता तय करती है। संस्कृति ही राष्ट्र जीवन का संचालक है। स्त्री-पुरुष संबंधों पर वैदिक काल में काफी चिंतन हुआ था। संस्कृति की महत्ता का चिंतन इसलिए और जरूरी है कि भारत का राष्ट्र जीवन संस्कृति और दर्शन के क्षेत्र में बहुप्रतिष्ठित था और समाज के नियमन का काम करता रहा है। स्त्री महत्ता और प्रतिष्ठा के अनेक सूक्त ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक विद्यमान हैं। स्मृतियों में दीर्घकाल तक अविवाहित बने रहने की आलोचना की गई है और गृहस्थ धर्म की प्रशंसा। विवाहित होना सम्माननीय था। सुंदर मंत्र में अग्नि से प्रार्थना है कि वह सभी देवों को पत्नी सहित लाएं। पत्नीहीन पुरुष को यज्ञ करने के अधिकार से वंचित किया गया है।

भारतीय समाज में स्त्रियां प्रत्येक स्थिति में सम्माननीय रही हैं। वैदिक काल में स्त्री सम्मान की अनेक कथाएं चलती थीं। वैदिक काल की एक प्रतिष्ठित महिला मुद्गलानी है। वह रथ पर चढ़कर युद्ध में हिस्सा लेती थीं। उनकी वीरता की प्रशंसा थी। युद्ध के वर्णन में कहा गया है कि, "युद्ध के समय उनके वस्त्रों का संचालन वायु देव ने किया था।" ऋग्वेद के अनुसार युद्ध में विश्पला का पैर कट गया। अश्विनी देवों ने उसे धातु का पैर लगा दिया था। पति और पत्नी को मिलाकर दंपत्ति बनता है। दंपत्ति में नारी की प्रतिष्ठा है। दंपत्ति स्त्री-पुरुष दोनों से मिलकर बना है। ऋग्वेद में अनेक सूक्तों में किसी न किसी रूप में स्त्री सम्मान का तत्व मौजूद है। सृष्टि की उत्पत्ति जल से होने का तथ्य चार्ल्स डार्विन ने भी स्वीकार किया है। ऋग्वेद में 'आपः मातरम'-जलमाताओं को नमस्कार किया गया है। सृष्टि के आदितत्व की खोज महत्वपूर्ण अभिलाषा है, लेकिन उसे स्त्रीलिंग में याद करना स्त्री का आदर है। ऐसा यूनान में भी नहीं रहा। ऐसे ही ऋग्वेद में अदिति नाम की एक महादेवी अदिति हैं। वह अखंड अस्तित्व हैं। कहा गया है, "इस अस्तित्व के सभी तत्व अदिति हैं। अब तक जो कुछ हो गया है और जो कुछ भविष्य में होगा वह सब अदिति है।"

ऋग्वेद का सूक्त पठनीय है। अदितिः द्यौः अदितिः अन्तरिक्षं अदितिः माता सः पिता सः पुत्रः अदितिः विश्वेदेवाः अदितिः पंचजनाः अदितिः जातम जनित्वम्-द्युलोक अदिति है, अंतरिक्ष उसके नीचे है, वह भी अदिति है, माता-पिता-पुत्र सब अदिति हैं, सारे देव अदिति हैं, जो पंचजन सप्तसिंधु में निवास करते हैं, वह सब अदिति हैं,जो कुछ उत्पन्न हुआ है और जो कुछ आगे उत्पन्न होगा, वह सब अदिति है। (ऋग्वेद 1.89.10) इस तरह एक अद्वैत शक्ति की अनुभूति देवी के रूप में की गई है। यूनानी देवतंत्र में अदिति के समान भाव और गूढ़ दार्शनिक अर्थ रखने वाली कोई भी देवी नहीं है। विवाह नाम की संस्था का विकास धीरे-धीरे हुआ है। ऋग्वेद के रचनाकाल तक विवाह संस्था का समुचित विकास हो रहा था। ऋग्वेद में अनेक मंत्रों में विवाह की प्रतिष्ठा है। विवाह सूक्त के एक सुंदर मंत्र में नववधू को आशीर्वाद दिया गया है और नववधू को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया है कि, "यह नववधू दीर्घकाल तक जिए। दीर्घकाल तक काम करे। ससुर और सभी परिजनों पर शासन करे।" यह भारतीय संस्कृति का प्राचीन तत्व है। परंपरा पीछे सहस्त्रों वर्ष से चली आ रही है। किसी स्त्री को तंग करने और परेशान करने की कोई छूट प्राचीन परंपरा में नहीं है। तुलसीदास जी ने स्त्री अपमान के विरुद्ध चौपाई में कहा है, "अनुज बधू भगिनी सुत नारी/सुनु सठ ए कन्या सम चारी/इन्हहि कुदृष्टि बिलोकइ जोई/ताहि बधें कछु पाप न होई।-तुलसीदास ने स्त्री उत्पीड़क को सीधे मौत की सजा सुनाई है। कानून अपना काम करे और समाज अपना। समाज के लिए वर्तमान समय चुनौतीपूर्ण है।

भारत में नारी की स्थिति सभी कालों में सम्माननीय रही है। उन्हें मातृशक्ति की संज्ञा दी गई है। पूर्वजों ने स्त्री को समाज का संरक्षक माना है। बृहदारण्यक उपनिषद के अनुसार एक समय राजा जनक ने विद्वानों की सभा बुलाई थी। बहुत दूर-दूर के विद्वान इस गोष्ठी में सम्मिलित थे। उनमें से एक गार्गी भी थी। विद्वानों की सभा में गार्गी ने याज्ञवल्क्य से सीधे सवाल पूछे थे। पूछा गया था कि, "यह संपूर्ण अस्तित्व किस तत्व पर टिका हुआ है?" गार्गी ने तमाम सवाल पूछे थे। उनमें से एक सवाल यह भी था कि, "सृष्टि किस आधार पर खड़ी है?" उत्तर दिया, "जल पर।" फिर पूछा गया कि, "इस अस्तित्व का कौन देवता आधार देते हैं?" गार्गी ने उत्तर के बाद कहा, "जल किसमें आधारित हैं?" गार्गी ने पूछा, "इस विराट अस्तित्व का आधार क्या है?" याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया ब्रह्म ही सबको धारण करता है। ब्रह्म ही सर्वोच्च हैं। गार्गी ने अगला प्रश्न पूछा कि, "ब्रह्म किस पर आधारित हैं"। याज्ञवल्क्य ने कहा, "ब्रह्म सर्वोच्च हैं। ब्रह्म ही भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट होते हैं। हे गार्गी ब्रह्म को लेकर सवाल नहीं पूछा करते। ब्रह्म का कारण ब्रह्म हैं। इस संसार के सभी कारक तत्व ब्रह्म में ही सक्रिय हैं। ब्रह्म असीम हैं। अनंत हैं"।

गार्गी की प्रतिभा अद्भुत थी। राम सीता की जोड़ी में सीता और राम दोनों की विशिष्टता देखी जाती है। कोई बड़ा नहीं। कोई छोटा नहीं। सीता जैसा चरित्र दुनिया के किसी भी देश में नहीं मिलता। शिव पार्वती में पार्वती प्रथम हैं और वह सभी अवसरों पर शंकर जी से विभिन्न विषयों पर गहन प्रश्न पूछा करती हैं। कैकई और दशरथ के कथानक में कैकई विचारणीय हैं। भारतीय परंपरा व साहित्य में सर्वत्र स्त्री सम्मान की गूंज है। यत्र नारी अस्तु पूजते रमंते तत्रदेवता-जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रहते हैं। नारी माता है। अनेक प्रतीकों में स्त्री को मां कहा गया है। माता से बढ़कर दूसरा कोई प्रतीक नहीं है। यहां भारत को भी भारत माता कहा गया है। अथर्ववेद के भूमि सूक्त में पृथ्वी को मां बताया गया है। अधिकांश नदियों को भी हम माता ही कहते हैं। वैदिक काल में यज्ञ की अतिरिक्त प्रतिष्ठा रही है। यज्ञ विधान के अनुसार पूजा में पत्नी की उपस्थिति अनिवार्य है। अथर्ववेद के एक सुंदर मंत्र में ऋषि पत्नी से कहते हैं, "तुम ऋक हो। मैं साम गान हूं। मैं अंतरिक्ष हूं। तुम पृथ्वी हो।" भारतीय संस्कृति में मां सर्वोत्तम अनुभूति है। वह जननी है और स्त्री है। हम हिन्दू समाज के लोग अवतारवाद भी मानते हैं। संसार में अवतरित होने के लिए एक मां की आवश्यकता होती है। भगवान भी अपने अवतार में मां को ही माध्यम बनाता है। हम भारत के लोग मां का विस्तार हैं। मां न होती तो हम न होते। भारत के लोकजीवन को स्त्री अपमान की वर्तमान घटनाओं को लेकर सजग रहना चाहिए। देश को इस समय एक सशक्त स्त्री विमर्श की आवश्यकता है।

# समाज में स्त्री की स्वतंत्रता



डॉ. बीएन सिंह
बीएचयू, वाराणसी

मेरे ख्यालों में स्त्री की सबसे सशक्त छवि तब उभरती है जब मैं उसे अपने एकांत में सिर्फ खुद के लिए सुकून से बैठा देखूं। अपने में खोए हुए कुछ गुनगुनाते, कुछ ऐसा सोचते कि दृढ़ता से होठ भिंच जाएं या पांच बरस की एक छोटी सी बच्ची की तरह खेलते हुए-किसी भी चीज से, लेकिन सच तो यह है कि मैंने अपने आसपास कभी किसी स्त्री को अकेले नहीं देखा। परंपरागत परिवारों से आई या छोटे शहरों की स्त्रियां अपने परिवार के लोगों के साथ होती हैं। महानगरों में भी वो कभी अकेले नहीं दिखतीं। उनके साथ उनका कोई पुरुष या स्त्री दोस्त होता है। अकेली सड़क पर वे कानों में हेडफोन लगाए किसी से बतियाती हुई जाती हैं। किसी कॉफी हाउस या रेस्त्रां में कोई अकेली स्त्री दरअसल किसी का इंतजार कर रही होती है या फिर उसकी कॉफी के दौरान कोई न कोई उसके फोन पर होता है।

अकेले निकलने वाली कामकाजी स्त्रियां भी अकेले कहां होती हैं? वे अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रही होती हैं। समय से दफ्तर पहुंचने की हड़बड़ी में होती हैं या घर लौटने के निर्धारित समय से देर हो चुकी होती है। उनका आगत उनके वर्तमान में शामिल रहता है हमेशा। वे या तो कहीं जा रही होती हैं या कहीं से लौट रही। आगे बढ़ने के लिए उनके पांव हवा में उठते ही कोई 'अन्य' दूसरे छोर पर मौजूद होता है। वे जैसे खला में एक सफर तय करती हैं किसी और के अधूरेपन को भरने के लिए। मैंने किसी स्त्री को अकेले बैठकर कुछ सोचते भी नहीं देखा। उसे सोचने के लिए कोई चाहिए। वे गौर से सामने वाले की प्रतिक्रियाओं को सुनती हैं और फिर अपना फैसला सुनाती हैं। वह जो चाहती है उसकी पुष्टि किसी और से करती है और उसकी 'चाहना' अक्सर उसकी नकारात्मक प्रतिक्रियाओं में निकलती है। वह अपनी खुशी और अपने दुःख में भी किसी के साथ होना चाहती है। उसके लिए साथ के बिना ये दोनों ही अधूरे हैं। खुशी के रंग हल्के पड़ जाते हैं और दुःख उमड़ता ही नहीं कि बाहर बह निकले और मन को हल्का कर दे।

स्त्री अपने एकांत को सबसे छुपाती है। इस तरह उसका एकांत एक रहस्य बन जाता है। उसके छोटे-छोटे राज कभी खुलते नहीं हैं। जब खुलते हैं तो सिर्फ उनका एक हिस्सा जगमगाता है बाकी रहस्य में आवरण से ही ढका रहता है। जैसे लगता है कि स्त्री का सबसे निजी सुख बहुत अमूल्य सी चीज है, जिस पर सूरज की रोशनी नहीं पड़नी चाहिए नहीं तो वह भाप की तरह उड़ जाएगा। ठीक इसी तरह जब स्त्री अपने दुःख में बिल्कुल अकेली हो जाती है तब वह नहीं चाहती कि उसका दुःख कोई और देखे। वह खुद को दुनिया की नजरों से छिपाकर रो लेती है, अपनी स्मृतियों को तहस-नहस कर देती है, अपनी यादों को खुरच-खुरचकर मिटा देना चाहती है। यहां उसे किसी का साथ नहीं चाहिए। वह कभी नहीं चाहती कि इन जख्मों को कोई देखे। वह अंतिम समय तक अपने भीतर के नन्हें से स्वाभिमान को मरने नहीं देना चाहती। इसीलिए अपने अस्तित्व के लिए जब वह संघर्ष कर रही होती है तब भी उसको अकेलापन चाहिए, किसी का साथ नहीं।

अपनी अंतिम लड़ाई, अंतिम संघर्ष, दर्द की अंतिम लहर में स्त्री अकेली होती है। दांत भींचकर, उभरी हुई नसों और माथे पर आए पसीने के साथ वह लड़ती है, बहुधा जीतती है, कई बार हार भी जाती है। मैंने किसी स्त्री को अकेले नहीं देखा तो किसी स्त्री को हारते भी नहीं देखा। उसकी हार दिखती भी है तो उसमें हमारी कायरता के प्रति एक उपहास होता है। स्त्री को हारने के लिए मजबूर करना एक किस्म की कायरता है, जैसे प्रकृति का विध्वंस करना। पर सवाल वही है, अपने दुःख और संघर्ष में अकेली हो जाने वाली औरत अपनी खुशियों के साथ कब स्वतंत्र होगी? कब अपने अकेलेपन के प्रति आत्मविश्वास से भरी होगी? वह भीतर से कब इतनी हल्की और मुक्त हो सकेगी जैसे प्रकृति में उसके जैसी तमाम सुंदर चीजें हैं।

# लाहौर नेशनल कॉलेज में भगत सिंह- छबील दास



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

क्रांतिकारी भगत सिंह को तो बस देश की आजादी की ही लग्न थी। क्रांति ही उसका धर्म था और वह किसी और देवी देवता में विश्वास नहीं रखता था। भगत सिंह मुझसे हर राजनैतिक विषय पर बातचीत करता था।

भगत सिंह जहां एक जोशीला इंकलाबी था वह एक बहुत अच्छा विद्यार्थी भी था। उसके अध्यापक होने के नाते मैं यह बात दावे से कह सकता हूं कि उसे पढ़ाने में बहुत आनंद आता था। भगत सिंह को पढ़ने का बेहद शौक था। जब किसी भी किताब का नाम उसके सामने लिया गया तो उसने फौरन उसे पढ़ने की फरमाइश की। वैसे तो भगत सिंह ने न जाने इतिहास की कितनी ही किताबें पढ़ डाली होंगी,लेकिन मुझे अभी तक याद है कि उसे जो किताब सबसे ज्यादा पसंद थी वह 'क्राइ फॉर जस्टिस' थी। भगत सिंह ने लाल पेंसिल से इस किताब के बहुत हिस्सों पर निशान लगाए थे। इनसे पता चलता था कि उसके हृदय में बेइंसाफी के खिलाफ लड़ने की भावना किस तरह कूट-कूट कर भरी हुई थी। वह पुस्तक लाजपतराय भवन लाहौर में हमारे घर में वर्षों तक रही। स्वयं मेरे बच्चों विजय, संतोष और मनोरमा ने कई बार इस किताब को लेकर मुझसे ढेरों सवाल पूछे। मेरे बच्चे भी यह जानना चाहते थे कि भगत सिंह को कौन-सी किताब पसंद थी और क्यों?

मैंने नेशनल कॉलेज में और बाहर भी भगत सिंह को हमेशा हंसते हुए देखा, लेकिन उस हंसी के पीछे भी उसका पक्का इरादा और अपने मकसद को पूरा करने की भावना झलकती थी। लगता था कि भगत सिंह को जीवन के सांसारिक बंधनों से गहरी चिढ़ थी इसलिए उसने कभी शादी करवाने की हामी नहीं भरी। भगत सिंह को विश्वास था कि शादी का बंधन इंकलाब के रास्ते में बहुत भारी रुकावट है। मुझे याद है एक बार लाहौर में दरिया रावी में मैं और भगत सिंह कश्ती की सैर कर रहे थे, मेरी तरह भगत सिंह को भी दरिया में कश्ती की सैर का बहुत शौक था। उस वक्त शाम का अंधेरा होने ही वाला था। भगत सिंह ने हंसते हुए मुझसे पूछा- "गुरुजी सुना है आप शादी कर रहे हैं? क्या यह खबर ठीक है"। जब मैंने कहा, 'हां' तो भगत सिंह एकदम से कहने लगा "फिर इंकलाब कैसे आएगा? आप घर गृहस्थी में पड़ जाएंगे या मुझ जैसे नौजवानों को इंकलाब का सबक पढ़ाएंगे? मैंने महसूस किया भगत सिंह को मेरी शादी करने का फैसला पसंद नहीं आया"।

हमारे सौभाग्य में जिन दिनों देशभर में महात्मा गांधी तथा स्वराज्य आंदोलन की लहर मची हुई थी, उन्हीं दिनों विदेशी विशेषतः आयरलैंड तथा सोवियत रूस से धड़ाधड़ राजनीतिक लिटरेचर, किताबें, टेक्स्ट, अखबारों और मैग्जीनों का आना शुरू हो गया था। आयरिश लिटरेचर तो केवल यही नारा लगाता था कि किसी भी देश अथवा जाति को आजादी प्राप्त करने के लिए बंदूकों, पिस्तौलों, बमों तथा हवाई जहाजों की भारी जरूरत होती है। भारत में अंग्रेजी शासन अपनी फौजों तथा छावनियों से सशस्त्र सैनिकों तथा टैंकों द्वारा स्थापित हुआ है और अब तक चल रहा है। बाइबिल में स्पष्ट घोषणा दी गई है कि 'इफ यू हैव फेथ इन द सोर्ड, बाई द सोर्ड यू शैल बी पनिश्ड' अर्थात यदि तुम तलवारों और बंदूकों द्वारा किसी को गुलाम बनाते हो तो समय और अवसर आने पर वही लोग तुमसे अधिक तेज शस्त्रों व बंदूकों से तुम्हें अपने हाथ से धकेल कर बाहर करेंगे। अतः यदि सचमुच ही भारत की जनता अपनी दासता का जुआ अपनी गरदन से उतार फेंकना चाहती है तो किसी न किसी ढंग से अणु शस्त्र प्राप्त करे। वे साधन बेग-बारो-स्टील अर्थात कहीं से मांगकर, उधार लेकर अथवा जबरदस्ती कहीं से चुराकर अथवा लूटकर प्राप्त करें।

क्रांतिकारी भगत सिंह को तो बस देश की आजादी की ही लग्न थी। क्रांति ही उसका धर्म था और वह किसी और देवी देवता में विश्वास नहीं रखता था। भगत सिंह मुझसे हर राजनैतिक विषय पर बातचीत करता था। हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मियों की गतिविधियों की बातें वह मुझसे नहीं करता था,क्योंकि वह सभी गुप्त कार्रवाहियां थीं,जो आर्मियों के सदस्यों के बीच की बातें थीं। मैं हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी का सदस्य नहीं था। जब भी हम असहयोग आंदोलन की प्रगति और गांधी के विषय में बातचीत करते तो भगत सिंह उत्तेजित होकर गांधीजी की आलोचना करता। गांधीजी के प्रति भगत सिंह का रवैय्या सुभाष चंद्र बोस की तरह था। सुभाष चंद्र बोस ने गांधी जी से कहा था-"बापू, आइए हम वही भाषा सीखें जो अंग्रेज समझते हैं। अहिंसा और जुर्म सहने की फिलोस्फी अंग्रेजों की समझ में नहीं आ सकती। उनका साम्राज्य ताकत के सहारे टिका हुआ है। हमारे पास भी अगर वैसे ही हथियार हों तो निःसंदेह हमारी विजय होगी। अंग्रेज चार करोड़ हैं और हम चालीस करोड़ हैं।'' भगत सिंह भी इसी तरह का दृष्टिकोण रखता था।

भगत सिंह के साथ मेरी अंतिम भेंट जनवरी के प्रथम सप्ताह 1929 में कलकत्ता में हुई। वह अप्रैल 1929 को गिरफ्तार कर लिया गया था। भगत सिंह ने अपने केश कटवा दिए थे। वह कोट-पैंट और हैट पहनता था। मैं भी कलकत्ता में कांग्रेस अधिवेशन में भाग लेने गया हुआ था। भगत सिंह से मेरी मुलाकात कांग्रेस अधिवेशन में नहीं, बल्कि एक दोस्त के घर हुई थी। मैं पोर्टिको में खड़ा था। भगत सिंह तेजी से आया और सीढ़ियों के रास्ते ऊपर चला गया। उस समय मेरी भगत सिंह से बातचीत नहीं हुई। हमने एक दूसरे की ओर देखा। उसने मुझे नमस्ते की और वह गायब हो गया। उसके बाद भगवती चरण मेरे पास आए और कहने लगे "गुरुजी, आपने भगत सिंह को देख लिया है। कृपया यह रहस्य किसी को न बताएं कि आपने उसे कलकत्ता में देखा था।" मुझे समझ में आ गया कि क्या बात थी। भगवती चरण, भगत सिंह से पढ़ाई में एक साल सीनियर था।

लाहौर में भगत सिंह, सुखदेव और भगवती चरण अक्सर मेरे कमरे में आया करते थे। साथ ही गुसलखाना था,जिसमें वे नहाते थे। मुझे बहुत से लोगों से पता चला कि हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी की शाखाएं बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश में थीं। दिल्ली और महाराष्ट्र में भी उनका प्रभाव था। राजगुरु तो महाराष्ट्र के रहने वाले थे।

# स्वतंत्र पुरुषार्थ नहीं धर्म



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

वार्ता में शब्द और अभिप्रेत अर्थ का अपरिहार्य संबंध है। वक्ता जिस अर्थ में शब्द का प्रयोग करता है, श्रोता उससे भिन्न अर्थ ग्रहण करता है तो वार्ता असंभव हो जाती है। ऐसी वार्ता वार्ता के लिए नहीं वितंडावाद के लिए होती है। 'सनातन' नाम का कोई धर्म विशेष नहीं है। कारण, सनातन संज्ञा शब्द है ही नहीं, विशेषण है। सनातन का अर्थ है- नित्य, निरंतर, शाश्वत, स्थायी, पुरातन। ये सभी अर्थ विशेषण हैं।

'एष धर्मः सनातनः' का तात्पर्य यह नहीं कि यह सनातन नामक धर्म है। इसका तात्पर्य है कि यह धर्म नित्य और पुरातन है। कौन सा धर्म नित्य और पुरातन है? कोई धर्म विशेष नहीं, जो भी नित्य और पुरातन है वह। या किसी भी धर्म का जो घटक नित्य और पुरातन है,वह। केवल धर्म नहीं, संसार और अस्तित्व भी सनातन हो सकता है। सांख्य, मीमांसा, वेदांत, बौद्ध, जैन दर्शन व्यक्त या अव्यक्त रूप में सृष्टि को सनातन मानते हैं। डार्विन के विकासवाद और स्टीफन हॉकिंग के बिग बैंग के पहले, (मसीहाई धर्मों को छोड़कर) सृष्टि को सभी सनातन मानते थे। सूर्य और चंद्र को भी सनातन मानते थे। 'यावत् चंद्रदिवाकरौ' का यही निहितार्थ था/है। जब और जहां धर्म शब्द अस्तित्व में आया तब और वहां किसी अन्य धर्म का प्रचलन नहीं था कि उसे कोई नाम देना पड़ता। वह बस धर्म था। धर्म माने ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा इति धर्मः। जिसके द्वारा लोक या संसार को धारण किया जाता है, संसक्त रखा जाता है या जो लोक या संसार को धारण करता है, संसक्त रखता है वह धर्म है।

धर्म का यह अर्थ संसार या ब्रह्मांड के परिप्रेक्ष्य में है, जिसमें मनुष्य भी आता है। वेदों में धर्म से पहले ऋत शब्द का इस्तेमाल होता था, जो सत्य का पूरक था। ऋत माने उचित, सही, स्थिर और निश्चित नियम। बाद में ऋत की जगह धर्म का प्रयोग होने लगा, किंतु अर्थ वही उद्दिष्ट रहा। मनुष्य के विशेष संदर्भ में धर्म का अर्थ है आद्य गुण, कानून, नैतिक नियम। पद्मपुराण के अनुसार धर्म का सर्वस्व सुनो और सुनकर उसे अमल में लाओ, जो अपने को प्रतिकूल लगता है, वैसा दूसरों के साथ न करो। इस तरह तीन पुरुषार्थों में धर्म, अर्थ और काम का तात्पर्य हुआ धर्मानुरूप (नैतिकता की सीमा में) अर्थ (जीविकोपर्जन) और धर्मानुरूप काम (दैहिक सांसारिक एषणाओं की पूर्ति)। वस्तुतः धर्म कोई स्वतंत्र पुरुषार्थ नहीं है, यह अर्थ और काम का नियामक है, इसलिए प्रथम है। इसका फलित है अनैतिकता और अति का निषेध।

# संगीत लोकवार्ता



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

संगीत (गायन-वादन नृत्य) की तीन धाराएं प्रवाहित हो रही हैं- एक को राज दरबार में प्रश्रय मिला था, इन्द्र के दरबार से लेकर विक्रमादित्य, समुद्रगुप्त, हर्षवर्धन, बंगाल के राजा लक्ष्मणसेन, देवगिरि के यादव-नरेश, अलाउद्दीन खिलजी, मेवाड़ के राणाकुंभा, मुगलदरबार, रीवा के राजा रामचंद, गुजरात के सुल्तान बहादुरशाह, ग्वालियर दरबार मानसिंह तोमर और मुहम्मद शाह रंगीले तक। गोपालनायक, अमीरखुसरो, बैजूबाबरा, बख्शू, तानसेन, अदारंग, सदारंग दरबार के ही गायक तो हैं।

दरबारों में राग मालाओं का विकास हुआ। दूसरी धारा को आप अध्यात्म अथवा भक्ति की धारा कह सकते हैं। सामगान प्रकृति पूजा का गान है। गीतगोविंद के गायक जयदेव, पदावली के गायक विद्यापति, मध्यकालीन भक्ति-आंदोलन की वह धारा, जो स्वामी हरिदास, कुंभनदास, परमानंददास, सूरदास, गोविंद स्वामी आदि के स्वरों में स्फुरित हुई।

तीसरी धारा लोकजीवन में बहती रही है। राग आसावरी, बिहाग, मल्हार, काफी, मालकोस, बिलाबल, रामकली, भीमपलासी, दरबारी, कालिंगड़ा, मारूबिहाग, भैरव, भैरवी, तोड़ी, गूजरीतोड़ी आदि के स्रोत लोक में हैं,लेकिन इन तीन धाराओं में भिन्न-भिन्न युगों में संगीत की वे धाराएं भी अंतर्भुक्त होती रहीं, जो अन्य देशों से आने-वाले जनसमूहों और जातियों, परंपराओं के साथ भारत में आती रहीं, जैसे ईरानी-संगीत। पश्चिमी संगीत की धाराएं आज भी यहां आ रही हैं और यहां के संगीत में अंतर्भुक्त हो रही हैं। अमीर खुसरो इस अंतर्भुक्ति का एक बहुत महत्वपूर्ण उदाहरण है।

# आस्तिकता और नास्तिकता



डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

यदि हम आस्तिक और नास्तिक की आम मानी जाने वाली परिभाषा को न भी बदलें तो हम नास्तिक शब्द को एक अपशब्द के रूप में कहना और मानना बंद कर सकते हैं।

अमर बलिदानी भगत सिंह सदैव नमन के योग्य हैं। वह आस्तिक थे या नास्तिक बहुधा भगत सिंह के लिए इस विषय में वाद-विवाद होते हुए अक्सर देखा जाता है। ऐसा विवाद संभवतः इसलिए होता है, क्योंकि उन्होंने जेल से एक लेख लिखा था- "मैं नास्तिक क्यों हूं"। ईश्वर के संबंध में विचार, उस पर विश्वास करना अथवा न करना, किसी व्यक्ति के व्यक्तिगत विचार होते हैं या व्यक्तिगत विचार होने चाहिए। किसी व्यक्ति के सामाजिक रूप से अच्छा या बुरा व्यक्ति होने का उसके ईश्वर में विश्वास करने या न करने से कोई सीधा संबंध नहीं है। ईश्वर में विश्वास करने वाला कोई व्यक्ति सामाजिक रूप से अच्छा अथवा बुरा हो सकता है और इसी प्रकार उसमें विश्वास न करने वाला व्यक्ति भी।

किसी व्यक्ति का सामाजिक महत्व और उसकी सामाजिक महानता उसकी मानवता, देश और समाज के प्रति भावना और उसके इनके प्रति सार्वजनिक विचारों और कार्यों से निर्धारित होती है-उसके ईश्वर में विश्वास करने अथवा न करने से नहीं। इसलिए हमें किसी व्यक्ति की आस्तिकता अथवा नास्तिकता देखने को केवल इतना ही महत्व देना चाहिए। हमें इसे केवल उसके व्यक्तिगत विचारों के रूप में देखना चाहिए और इसे उसके सामाजिक रूप से अच्छे अथवा बुरे होने से नहीं जोड़ना चाहिए। किसी व्यक्ति की महानता अथवा लघुता दिखाने के लिए यह सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं है कि वह आस्तिक अथवा नास्तिक था या है। क्या भगत सिंह के देश-प्रेम के विचारों पर इस बात से कोई अंतर पड़ता था कि वह ईश्वर पर विश्वास करते थे अथवा नहीं? वह उस पर विश्वास करते रहे हों अथवा नहीं, यदि उनके मन में देश-प्रेम की भावनाएं थीं तो क्या वास्तविक महत्व उनका ही नहीं है? समाज और देश के लिए क्या आस्तिक अथवा नास्तिक होने का महत्व है अथवा समाज और देश के प्रति अपने कर्तव्य को पूरा करने की भावनाओं का? मैं ईश्वर पर विश्वास करता हूं अथवा नहीं, क्या इस बात का इस पर रत्ती भर भी कोई प्रभाव पड़ता है कि मैं एक अच्छा चिकित्सक हूं अथवा नहीं या मैं एक अच्छा इंसान हूं अथवा नहीं? वास्तविक महत्व किस बात का है? ईश्वर है अथवा नहीं, इसका महत्व वहां तो हो सकता है, जहां इस ब्रह्मांड के मूलभूत कारणों को देखने में इसकी आवश्यकता हो। यदि हमें यह सच्चा ज्ञान प्राप्त करना हो कि इस ब्रह्मांड की उत्पत्ति कैसे हुई - क्या इसे किसी अलौकिक शक्ति ने केवल अपनी इच्छा से पैदा किया है अथवा यह क्वांटम नियमों का उत्पाद है-वहां या इस प्रकार के अन्य प्रश्नों को हल करते समय, तो ईश्वर की अवधारणा का महत्व हो सकता है अन्यथा सार्वजनिक जीवन में इसका क्या महत्व है? हां, व्यक्ति अपने व्यक्तिगत जीवन में कैसे भी विश्वास रखने के लिए स्वतंत्र है बशर्ते उनका कोई बुरा प्रभाव समाज पर न पड़ रहा हो।

यदि हम आस्तिक और नास्तिक की आम मानी जाने वाली परिभाषा को न भी बदलें तो हम नास्तिक शब्द को एक अपशब्द के रूप में कहना और मानना बंद कर सकते हैं। अभी आस्तिकों द्वारा अपने विचारों से विपरीत विचार रखने वाले व्यक्तियों को एक अपशब्द और व्यंग्य के रूप में नास्तिक शब्द से संबोधित किया जाता है। वह किसी अलौकिक शक्ति में विश्वास न रखते हुए केवल इस संसार की बेहतरी चाहने वाले लोगों को, 'चार्वाक' जैसे शब्दों से भी संबोधित करते हैं। ऐसे लोग स्वयं से विपरीत विचार रखने वालों व्यक्तियों को हेय नजर से देखना तो बंद नहीं करेंगे, लेकिन उनके विचारों से सहमत न होने वाले लोग नास्तिक शब्द को एक गर्व के रूप में ले सकते हैं - जैसे गांधी जी ने जेल जाने को भय और घृणा के पर्याय से हटा कर देश-सेवा और गर्व का पर्याय बना दिया था। मनवता ने इस विषय में विभिन्न धारणाओं और विश्वासों में अंतर के कारण जितना रक्तपात देखा है, उतना संभवतः किसी अन्य अंतर के कारण नहीं। इतिहास साक्षी है कि इस विषय में अपने विश्वासों को लेकर समाज में कितने अन्याय, कितनी हत्याएं और कितने युद्ध हुए हैं, कितने धर्म-युद्ध, ज़ेहाद और क्रूसेड्स हुए हैं। मैं तो यहां तक कहूंगा कि इस प्रकार के रक्तपात में जितना रक्त आस्तिकों ने बहाया है, उतना नास्तिकों ने नहीं। इसका कारण यह है कि आमतौर पर आस्तिक अपने विश्वासों के प्रति कट्टर होते हैं और वह दूसरों के भिन्न विचारों को सहन नहीं कर पाते हैं, जबकि आम तौर पर नास्तिक तर्कशील होते हैं। क्या तमाम बलि प्रथाओं के पीछे आस्तिक लोग ही नहीं थे? मैं जानता हूं कि मेरे इन विचारों पर अनेक असहमतियां आ सकती हैं। मेरा कहने का अर्थ केवल यह है कि क्या हम अपनी सोच एक व्यापक स्तर पर नहीं रख सकते हैं? क्या हम सार्वजनिक रूप से उन गुणों को अधिक महत्व नहीं दे सकते हैं, जो मानवता के हित में हों? क्या हम आस्तिकता और नास्तिकता जैसे विषयों को केवल व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं कर सकते हैं? क्या हमें ऐसा नहीं करना चाहिए?

# बैंक की एफडी में निवेश का समय



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, लेकिन इसमें रोजगार पैदा करना एक बड़ी चुनौती भी है। सरकार द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर पर अधिक खर्च से ग्रोथ रेट को बल मिला है, लेकिन प्राइवेट इंवेस्टमेंट में कमी और बैंक डिपॉजिट में धीमी ग्रोथ से आर्थिक संतुलन बिगड़ रहा है। बैंक कर्ज तभी दे पाएंगे, जब उनके पास कर्ज बांटने जितना पैसा रखा हो, लेकिन डिपॉजिट की कमी और लोन बांटने के अनियंत्रित नियमों ने आर्थिक विकास को धीमा कर दिया है।

इन सबके बीच, घरों की बचत का निवेश शेयर मार्केट और पूंजी बाजार में बढ़ रहा है। समझने की जरूरत है कि ये पूरा घटनाक्रम भारत के आर्थिक विकास और अर्थव्यवस्था को कैसे प्रभावित कर सकता है, लेकिन अभी भी सीनियर सिटीजन का रुझान बैंक एफडी की ओर ही है। एक मोटे अनुमान के अनुसार बैंक की एफडी में 43 प्रतिशत निवेश सीनियर सिटीजन का ही है, विगत कुछ वर्षों में देश के बैंकों ने एफडी की ब्याज दर बढ़ाकर आकर्षण पैदा किया है, किंतु हाल में यूएस में ब्याज दरें घटने का क्रम देखा जा रहा है ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि आने वाले समय में भारतीय बैंक भी अपनी ब्याज दरें घटा सकते हैं। एक्सपर्ट का मानना है कि जब बैंकों को फंड्स की जरूरत होती है तो बैंक ज्यादा ब्याज दरें ऑफर करते हैं, किंतु हो सकता है कि रिजर्व बैंक रेपो रेट कुछ कम कर दे तो ब्याज दरें कम भी हो सकती है।

इस समय यह दरें पीक पर है (कुछ बैंक 8 प्रतिशत तक दे रहे हैं) आने वाले त्योहारी सीजन के बाद इनके कम होने की संभावना लग रही है। ऐसे में यह सही समय होगा जब दो साल की एफडी में सुरक्षित निवेश किया जाए। खासकर वो लोग जो एफडी के ब्याज पर निर्भर है वो इस अवसर का लाभ ले सकते हैं। आज भी लो रिस्क लो गेन,और हाई रिस्क हाई गेन को कहावत सही लगती है।

## सार-संक्षेप

### हर्ष मिस्टर और कशिश बनीं मिस फेयरवेल



**बरेली, अमृत विचार :** केशलता इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज और केशलता हॉस्पिटल के छात्र छात्राओं ने शनिवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया, जिसमें हर्ष कुमार श्रीवास्तव को मिस्टर और कशिश गुप्ता को मिस फेयरवेल चुना गया। कार्यक्रम की शुरुआत केशलता इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के चेयरमैन डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, सचिव डॉ. लता अग्रवाल और वाइस प्रेसिडेंट गोपाल अग्रवाल ने की। प्राचार्य डॉ. पंकज मिश्रा ने छात्रों से कहा कि अपने लक्ष्य को निर्धारित करें और उनकी प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करें। केशलता हॉस्पिटल के प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र खंडेलवाल, केशलता कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रिंसिपल प्रतिभा मनोहरम बी, वाइस प्रिंसिपल अनीता गोटलिव, प्रोफेसर अरविंद कुमार जांगिड अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। असिस्टेंट प्रो. जीवन चंद्र पांडेय, सुगंधा सिंह ,असिस्टेंट प्रो. सुनील कुमार, प्रवक्ता सतीश चन्द्र, कमलेश कुमार, ऐश्वर्या यादव, सौम्या अग्रवाल, तनु गुप्ता, शिवानी गुप्ता, मिथुन सागर, हरी गोविन्द, अनिल कुमार, अमित गंगवार आदि मौजूद रहे।

### बॉडी बिल्डिंग में देवेंद्र मिस्टर व रश्मि बनीं मिस एशिया



**बरेली, अमृत विचार :** 27 सितंबर को शिलांग में हुई बॉडी बिल्डिंग मिस्टर एंड मिस एशिया प्रतियोगिता में शहर के देवेन्द्र गंगवार ने मिस्टर एशिया और रश्मि चावड़ा ने मिस एशिया का खिताब अपने नाम किया। आईबीएफए के प्रदेश अध्यक्ष नदीम खान ने बताया कि यह प्रतियोगिता इंडो बॉडी बिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन ने कराई थी। इसमें एशिया से लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। निर्णायक राउंड बरेली के बॉडी बिल्डरों ने बाजी मारी। मो. कमर को मेन फिजिक के खिताब से नवाजा गया। वहीं, मास्टर कैटेगरी में शहर के हाजी अब्दुल परवेज को एशिया में सेकेंड स्थान मिला। आईबीएफए के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु चौहान,अशोक चौधरी, मनमोहन सिंह तनेजा, आलम सिद्दीकी, मोइन उद्दीन, मो. आरिफ पिंटू, हसीन उद्दीन, सुमित बालाजी, फौजी चरन सिंह यादव, अरहान अहमद, जोगिंद्र सिंह इन विजेताओं को बधाई दी है।

### हर व्यक्ति के भीतर हो भगत सिंह



**बरेली, अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब ने शनिवार को भगत सिंह की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया। मॉडल टाउन स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में हुई गोष्ठी में मुख्य अतिथि साहित्यकार रमेश गौतम ने कहा कि देश के हर व्यक्ति को अपने अंदर भगत सिंह को जिंदा रखना जरूरी है, तभी देश की रक्षा हो सकती है। वीरेन्द्र कुमार अटल को भगत सिंह स्मृति सम्मान दिया गया। विशिष्ट अतिथि इतिहासकार रणजीत पांचाले ने बताया कि भगत सिंह ने मात्र 24 वर्ष में देश के लिए वह काम किया जो भुलाया नहीं जा सकता। निर्भय सक्सेना ने सुझाव दिया एक प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जाए, जिसमें सरकार से भगत सिंह को भारत रत्न मिलने की मांग होनी चाहिए। अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, महासचिव प्रदीप माधवार, प्रमोद उपाध्याय, सुनील कुमार शर्मा, प्रकाश चंद्र सक्सेना, प्रीती सक्सेना, संध्या भाटिया, एएस अग्रवाल, अविनाश सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### इज्जतनगर के प्रेक्षागृह में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के कार्मिक विभाग की ओर से स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मैत्री सामुदायिक केंद्र के प्रेक्षागृह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मंडल रेल प्रबंधक इज्जतनगर रेखा यादव ने की। सांस्कृतिक टीम ने शैक्षणिक लघु फिल्म आदि की प्रस्तुति दी। वहीं, स्वच्छता पखवाड़े के तहत पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन (नरवो) इज्जतनगर की ओर से संचालित स्कूलों में आयोजित निबंध, पेंटिंग और पोस्टर प्रतियोगिता की उत्कृष्ट कलाकृतियों को लघु फिल्म के रूप में बड़ी स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। साथ ही उन्होंने इज्जतनगर रेलवे स्टेशन पर विकसित किए गए पार्क में वन्य जीव की आकृतियां बनाने वाले यांत्रिक कारखाना की प्रशिक्षु टीम को सम्मानित किया। अपर मंडल रेल प्रबंधक राजीव अग्रवाल, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) अरुण कुमार, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक रत्नेश कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) मनीष गंगवार, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर प्रवेश कुमार, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक विजय कुमार यादव, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर शुभम कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### गांधी जयंती पर होगी क्रासकंट्री प्रतियोगिता

**बरेली, अमृत विचार :** खेल निदेशालय की ओर से गांधी जयंती पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में सुबह 7 .30 बजे पांच किमी पुरुष वर्ग, तीन किमी महिला वर्ग क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया जाएगा। दोनों वर्गों में प्रथम छह विजेता खिलाड़ियों को खेल विभाग पुरस्कृत करेगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जीतेंद्र यादव ने बताया प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दो अक्टूबर को स्टेडियम की एथलेटिक्स कोच इच्छुक से निशुल्क पंजीकरण करा सकते हैं।

# एथलेटिक्स में जीजीआईसी बना विजेता

## दक्षिण जोन में अंडर 14, 17 और 19 वर्ग में आयोजित हुई प्रतियोगिता



पुलिस लाइन में ट्राफी और मेडल के साथ खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** जीजीआईसी की ओर से दक्षिण जोन में अंडर 14, 17 और 19 में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस लाइंस के ग्राउंड में किया गया।

प्रतियोगिता में छह स्कूलों ने प्रतिभाग किया, जिसमें जीजीआईसी, इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज,मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज,रामभरोसे इंटर कॉलेज, श्याम सुंदर कन्या इंटर कॉलेज फरीदपुर और कस्तूरबा बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें जीजीआईसी ने 176 अंकों से प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस्लामिया दूसरे और रामभरोसे तीसरे स्थान पर रहा। जीजीआईसी की सीनियर वर्ग में साक्षी मौर्य, डिंपल ने, जूनियर वर्ग में इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज की रिदम और मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज की नीलम ने और सब जूनियर वर्ग में जीजीआईसी की काजल ने व्यक्तिगत चैंपियनशिप जीती। जीजीआईसी को प्रथम स्थान मिलने पर प्रधानाचार्या अनु पाराशरी ने खिलाड़ियों को बधाई दी। मधु मौर्य, रश्मि यादव, नेहा चौहान मौजूद रहीं।

### बालक वर्ग में छाए बरेली के खिलाड़ी



बरेली,अमृत विचार : स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को मंडल स्तरीय सब जूनियर कबड्डी ट्रायल का आयोजन किया गया। चयनित खिलाड़ी 5 से 7 अक्टूबर को सहारनपुर में होने वाली प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंडल स्तरीय टीम में बरेली के छह खिलाड़ियों को जगह मिली, वहीं बदायूं के पांच, पीलीभीत के 2 और शाहजहांपुर के दो खिलाड़ी चयनित किए गए। मंडलीय टीम में आलोक दिवाकर,शिवम मौर्या,इजाज खां,बलवंत,मोहित ,सौरभ,सचिन,केशव,शिवा,सालिम खां,सदीम रजा,आयुष सक्सेना, पीयूष कुमार और अमन को चुना गया है।

### स्पोर्ट्स स्टेडियम में अंडर-17 मंडलीय क्रिकेट टीम का हुआ चयन



**बरेली, अमृत विचार :** एफआर इस्लामिया इंटर कॉलेज की ओर से स्पोर्ट्स स्टेडियम में अंडर 17 मंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर के छात्रों ने प्रतिभा किया। सभी छात्रों का ट्रायल कर मंडल टीम के लिए चयन किया गया। ये टीम आगरा में होने वाली स्टेट अंडर 17 क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। कॉलेज के प्रधानाचार्य तौकीर सिद्दीकी, शाहिद रजा, स्टेडियम के क्रिकेट कोच अमित यादव, नाजिम अली, नितेश भारद्वाज मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मल्हपुर, वि.ख. बिथरी चैनपुर, जनपद बरेली**

**निविदा सूचना**

सभी अधिकृत फर्मों व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मल्हपुर में मनरेगा के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार उच्च कोटि की ईट, सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, सरिया, ईट की रोड़ी, इंटरलॉकिंग ईट आदि सामग्री की सीलबंद निविदाएं दिनांक 30.09.2024 को पंचायत कार्यालय में डाली जा सकती है। मोहरबंद निविदाएं उसकी निविदादाता व उसके प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 03.10.2024 को सार्वजनिक रूप से ग्राम पंचायत सचिव की अध्यक्षता में शाम 4 बजे खोली जायेगी। कराये जाने वाले कार्यो का विवरण इस प्रकार है:-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | ग्राम पंचायत मल्हपुर अन्त्येष्टि स्थल निर्माण कार्य। | 3,78,824/- |
| 02. | प्राथमिक विद्यालय मल्हपुर से श्मशान भूमि तक सी.सी. कार्य। | 3,99,000/- |

सत्येन्द्र कन्नौजिया (ग्राम प्रधान) मोरपाल गंगवार (सचिव)

# हर गरीब के इलाज के लिए खुले हैं मिशन के दरवाजे : मेयर

**बरेली, अमृत विचार :** मेयर डॉ. उमेश गौतम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि क्षेत्र में जाएं और अधिक से अधिक लोगों को भाजपा का सदस्य बनाएं, अगर कोई पूछता है कि सदस्यता ग्रहण करने से क्या फायदा होगा, तो उसे उनकी ओर से कह दीजिएगा कि अगर कोई परिवार में बेरोजगार है और नौकरी की तलाश कर रहा है तो वह उनके पास बायोडाटा लेकर आए, विश्वास दिलाते हैं उसकी योग्यता के आधार नौकरी की व्यवस्था करने का काम करेंगे, अगर किसी के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, बीमार है तो उसके लिए मिशन अस्पताल के दरवाजे हमेशा खुले हैं। शनिवार को यह बातें मेयर ने सिटी कार्यालय में भाजपा के मढ़ीनाथ मंडल के बूथ अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, मंडल कार्यसमिति और पार्षदों के सम्मान समारोह में कहीं।



सम्मान समारोह में मौजूद मेयर डॉ. उमेश गातम।

● **बूथ,वार्ड अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक और पार्षदों को किया सम्मानित**

उन्होंने कहा कि अगर कोई कार्यकर्ता अगर किसी भी समय याद करता है तो वह उसके लिए हमेशा खड़ा रहेंगे। इस मौके पर उप सभापति सर्वेश रस्तोगी, विशाल मल्होत्रा, पूर्व पार्षद व अधिवक्ता चंद्रमौलि मिश्र, नरेंद्र मौर्य, चित्रा मिश्रा, अजय चौहान, श्याम सिंह चौहान, चंद्रपाल, संतोष कश्यप, हर्ष कुमार आदि मौजूद रहे।

**पब्लिक नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ठाकुर दास पुत्र श्री मोहन लाल, निवासी ग्राम गेलाटांडा कचनारी, बरेली ने एक किता मकान रकबई 75.249 वर्ग मी0 बाकै ग्राम रहपुरा चौधरी खसरा नं0 195 मि0 में से पर तह0 व जिला बरेली को इकरारी केरावती पत्नी श्री राम रहीस यादव से क्रय करने हेतु एल0आई0सी0 (एच0एफ0एल0) से लोन ले रहे हैं और उक्त सम्पत्ति को एल0आई0सी0 (एच0एफ0एल0) में बंधक कर रहे हैं, उक्त सम्पत्ति के बाबत एक किता रजिस्टर्ड पिछला मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 09.12.2014 वही सं0-1 जिल्द संख्या - 7518 पृष्ठ संख्या - 73 से 102 क्रमांक 15729 स0र0 बरेली में हुई कहीं खो गया है, जिसकी सूचना दिनांक 19.09.2024 को पुलिस को दी जा चुकी है। उक्त पिछले मूल बैनामें की अनुपलब्धता के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित एल0आई0सी0 (एच0एफ0एल0) बरेली या मेरे कार्यालय चैम्बर नं0 11 बड़ा वकालतखाना, सिविल कोर्ट, बरेली में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा।

अमिताभ भंज (एडवोकेट)
कार्यालय:- चैम्बर नं0 11 बड़ा वकालतखाना, सिविल कोर्ट, बरेली
सूचीबद्ध अधिवक्ता
एल0आई0सी0 (एच0एफ0एल0)
मो0नं0 9319908378

**कम्पोजिट विद्यालय भगवानपुर बलरामपुर वि.क्षे. फरीदपुर (बरेली)**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक सं. एस.एस.ए./निर्माण-2377-86/2024-25 दिनांक 27.08.2024 के अनुपालन में कम्पोजिट विद्यालय भगवानपुर बलरामपुर के प्रांगण स्थित जर्जर भवनकी नीलामी की प्रक्रिया की जानी है। खुली नीलामी की प्रक्रिया दिनांक 03.10.2024 दिन बृहस्पतिवार को प्रातः 11 बजे विद्यालय प्रांगण में की जाएगी। आवश्यक प्रक्रिया पूरी न होने की स्थिति में नीलामी पुनः दिनांक 05.10.2024 दिन शनिवार को प्रातः 11 बजे से की जायेगी। दिनांक 05.10.2024 को प्रक्रिया पूरी न होने की स्थिति में दिनांक 07.10.2024 को पूरी की जाएगी। बोलीकर्ता का रजिस्ट्रेशन नीलामी दिनांक की सुबह 11 बजे से 11:30 बजे होगा।नीलामी की शर्तें विद्यालय पहुंचकर प्राप्त की जा सकती है।

राकेश कुमार
अध्यक्ष

हीनू जायसवाल
मो. 9457065237
सचिव

### बच्चों को बाल रामायण बांटी



**बरेली, अमृत विचार :** बाल रामायण के लेखक डॉ. दीपंकर गुप्त ने शनिवार को बाल सभा कर प्रथम चरण में अपने 108 कार्यक्रमों की शृंखला में 50 वें सोपान का आयोजन श्री जगन्नाथ सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरखेड़ा में किया। इस मौके पर उन्होंने बच्चों को बाल रामायण भेंट कीं। इस दौरान प्रबंधक सत्यवीर सिंह चौहान, प्रधानाचार्य अवनीश कुमार सिंह ,नरेश माथुर ,अजय कुमार ,सर्वेश पाठक, जितेंद्र कुमार, नकुल, प्रिंस पटेल आदि मौजूद रहे।

**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0, सम्पूर्णानगर-खीरी**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वर्ष 2024-25 हेतु व्यापारक में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से निम्नांकित जॉब कार्यों हेतु प्रत्येक के सम्मुख अंकित तिथि को अपरान्ह 3:00 बजे तक मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | विवरण | धरोहर धनराशि प्रत्येक आईटम की अलग-अलग (रू0 में) | निविदा तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | ई0टी0पी0, स्प्रे पौण्ड, इन्जेक्शन चैनल, सर्विस टैंक की सफाई का कार्य। | रू0 5000.00 | 03.10.2024 |
| 2 | ऑफ सीजन में डोर, जूस सल्फाइटर, क्रिस्ट0, हापर, ग्रेडर, शुगर बिन की डीरस्टिंग एवं पेन्टिंग का कार्य। | रू0 2000.00 | 03.10.2024 |

निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में रू0 236/- मात्र मिल कोषागार में जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। समस्त आईटमों की धरोहर धनराशि पृथक-पृथक जमा करानी होगी, प्राप्त निविदायें निर्धारित तिथि को अपरान्ह 3:30 बजे खोली जायेगी। यदि आवश्यक हुआ तो नेगोशिएसन भी किया जा सकता है।

अधोहस्ताक्षरी को किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सर्व सुरक्षित होगा।

प्रधान प्रबन्धक

**कार्यालय प्रकाश विभाग, नगर निगम, बरेली**

पत्रांक: 82/प्र.वि./2024-25 दिनांक : 28.09.2024

**ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

नगर निगम, बरेली द्वारा नगर निगम निधि के अन्तर्गत नगर के समस्त वार्डों में पथ प्रकाश बिन्दुओं को स्थापित किये जाने हेतु विद्युत सामग्री जी.आई.पाइप ब्रेकिट, सीमेन्ट पोल क्लैम्प नट बोल्ट सहित, राउन्ड पोल क्लैम्प नट बोल्ट सहित, एच.टी. राउन्ड पोल क्लैम्प नट बोल्स सहित की एकल दरें प्राप्त किये जाने हेतु अनुभवी फर्मों से ई-निविदाएं द्वि-बिड पद्धति के अन्तर्गत पुनः आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है। शासनादेश सं.-4848/नौ- 5-2018-470सा/2018 नगर विकास अनुभाग- 5 लखनऊ दिनांक 10 दिसम्बर 2018 के क्रम में निविदा शुल्क + जी.एस.टी. ऑनलाइन आर.टी.जी.एस. के माध्यम से E-TENDER BNN/NAGAR NIGAM BAREILLY के नाम से नगर निगम कोष में नगर निगम बरेली के खाता सं.- 3647000100980707 आई.एफ.एस.सी. कोड- PUNB0364700 पंजाब नेशनल बैंक में जमा किया जाना अनिवार्य होगा। जिसकी स्कैन कॉपी टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड करनी होगी। जमानत राशि एफ.डी.आर. के माध्यम से देय होगी तथा एफ.डी.आर. प्रभारी प्रकाश नगर निगम बरेली के नाम बन्धक होगी, अन्य शर्ते एवं विवरण निम्नवत् उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। ई-निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 30-09-2024- (01:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ की तिथि/समय | 30-09-2024- (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 07-10-2024 (02:00 PM) |
| तकनीकी बिड खोले जाने की तिथि/समय | 07-10-2024 (03:00 PM) |
| वित्तीय बिड खोले जाने की तिथि/समय | तकनीकी बिड खुलने के पश्चात् |

कार्यों का विवरण नियम व शर्ते नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

प्रभारी प्रकाश
नगर निगम, बरेली

### दो पक्षों में मारपीट, सात लोग घायल

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** रुपये के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। जोरावर निवासी नवदिया देहा जब्ती ने बताया उनका बेटा सतीश रसूइया गांव स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करता है। शुक्रवार सुबह उसकी कौशल निवासी रसूइया से रुपयों को लेकर कहासुनी हो गई। जिसके बाद सतीश घर चला आया। शुक्रवार शाम को कौशल अपने साथियों के साथ घर पर आया और उनके बेटे सतीश के साथ गाली गलौज करने लगे, विरोध करने पर सभी ने सतीश, भाई लखपत और मुझे लाठी डंडों से पीटा। वहीं कौशल का आरोप है की वह दूध बांट कर वापस लौट रहा था, फैक्ट्री के पास जोरावर के बेटे गुरुदेव का किसी से झगड़ा हो रहा था। उसने दोनों समझाकर शांत करवा दिया। आरोप है की शाम को वह डेरी से लौट रहा था। जोरावर ने परिजनों के साथ मिलकर उसे घेर लिया और गाली गलौज करने लगे। सूचना पर मेरे भाई रितेश, विवेक और ब्रजेश पहुंच गए। तभी जोरावर ने परिजनों के साथ मिलकर सभी को लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा।

**प्राथमिक विद्यालय गोविन्दपुर वि.खं. फरीदपुर, बरेली**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्रा. वि. गोविन्दपुर के प्रांगण में स्थित जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 01.10.2024 को 10:00 AM बजे दिन मंगलवार विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। किन्हीं कारण नीलामी नहीं होने की स्थिति में नीलामी पुनः 03.10.2024 तथा 05.10.2024 को प्रातः 10 बजे से की जायेगी, बोलीकर्ता का रजिस्ट्रेशन नीलामी के दिन किया जायेगा। नीलामी की शर्ते विद्यालय पहुँचकर प्राप्त की जा सकती हैं।

सुनीता देवी
एस.एम.सी. अध्यक्ष

सावित्री
एस.एम.सी. सचिव

**प्रा0वि0 मझगवां, वि0क्षे0 मझगवां बरेली**

**नीलामी सूचना**

कार्यालय जि0बे0शि0अधि0 बरेली के पत्रांक एस.एस.ए./निर्माण 2377-86/ 2024-24 दिनांक 27.08.2024 के अनुक्रम में एवं कार्यालय ख0शि0अधि0, मझगवां बरेली के पत्रांक वी.आर.सी./379-सी /2024-25 दिनांक 26.09.2024 के अनुपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रा0वि0 मझगवां, वि0क्षे0 मझगवां के प्रांगण में स्थित प्रा0वि0 मझगवां 1954 के भवन का मलवा की नीलामी दिनांक 30.09.2024, 01.10.2024 एवं 03.10.2024 को पूर्वान्ह 11 बजे से विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। बोलीदाता को बोली से पूर्व नीलामी मूल्य का 10 प्रतिशत धरोहर राशि के रूप में जमा करना होगा एवं अपना मूल आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। नीलामी स्वीकृति होने पर 25 प्रतिशत धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी तथा शेष धनराशि तीन दिवस के अन्दर विद्यालय के SMC खाते में जमा करनी होगी।

मुन्नी देवी
अध्यक्ष (SMC)

बबली
ग्राम प्रधान-मझगवां

मुकेश कुमार
सचिव (SMC)
प्रा0वि0 मझगवां, वि0क्षे0, बरेली

# वैश्विक शांति की कामना के लिए सुंदरकांड का पाठ किया



महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय के 27 वें स्थापना दिवस पर लोगों को सम्मानित किया गया।

**बरेली, अमृत विचार :** श्री रामायण संकीर्तन मंडल ने महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय के 27 वें स्थापना दिवस पर शनिवार को कॉलेज परिसर स्थित मंदिर में सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ और कीर्तन किया। इस दौरान विश्व में शांति के लिए प्रार्थना की गई।

इस मौके पर कॉलेज की स्थापना में सहयोग देने वाले संस्थापक सदस्य स्व. श्री कृष्ण औतार अग्रवाल, स्व. हरिओम अग्रवाल, स्व. हरिओम अग्रवाल, स्व. प्रेम कुमार अग्रवाल, स्व.ओम प्रकाश अग्रवाल की स्मृति में उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। महाराजा अग्रसेन शिक्षा समिति के संस्थापक अध्यक्ष राम प्रकाश अग्रवाल, अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम शंकर अग्रवाल, महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल, गिरीश चन्द्र अग्रवाल, अविनाशी लाल अग्रवाल, हरी प्रकाश अग्रवाल, केपी गोयल, अजय अग्रवाल आदि मौजूद रहे। प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, कार्यकारिणी के सदस्यों और पदाधिकारियों ने पूजन में भाग लिया।

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म सर्वश्री अंकुर एसोसिएट्स 77, अशोक कॉलोनी, पीलीभीत (उ.प्र.), 262001 की एक साझीदार श्रीमती चरनजीत कौर पत्नी स्व. महेन्द्र सिंह निवासी 77, अशोक कॉलोनी, पीलीभीत, दिनांक 25.08.2024 से अपनी रजामन्दी व स्वेच्छा एवं अन्य साझीदारों की आपसी सहमति से रिटायर हो गयी हैं। साझीदारी फर्म के शेष दो साझीदारों (क) श्री मनविन्दर सिंह छाबड़ा उम्र लगभग 49 वर्ष पुत्र स्व. महेन्द्र सिंह छाबड़ा, निवासी 77, अशोक कॉलोनी, पीलीभीत, और (ख) श्रीमती बुलबुल छाबड़ा उम्र लगभग 51 वर्ष पत्नी श्री मनविन्दर सिंह छाबड़ा निवासी 77, अशोक कॉलोनी, पीलीभीत द्वारा दिनांक 25.08.2024 से फर्म का पुर्नगठन करके व्यापार, संचालित किया जा रहा है।

मनविन्दर सिंह छाबड़ा
(साझीदार फर्म)
वास्ते सर्वश्री अंकुर एसोसिएट्स
77, अशोक कॉलोनी, पीलीभीत
(उ.प्र) 262001

**प्राथमिक विद्यालय किदौना वि.क्षे. मझगवां, बरेली**

**नीलामी जर्जर भवन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बरेली के पत्रांक एस.एस.ए./निर्माण- 2377-86/2024-25 दिनांक 27.08.2024 के अनुपालन में प्राथमिक विद्यालय किदौना वि.क्षे. मझगवां बरेली के प्रांगण में स्थित मूल जर्जर भवन की प्रथम नीलामी दिनांक 03.10.2024 प्रातः 10:00 बजे से होगी एवं नीलामी प्रक्रिया के सम्पन्न नहीं होने की स्थिति में द्वितीय नीलामी दिनांक 05.10.2024 को की जायेगी। द्वितीय नीलामी प्रक्रिया के भी सम्पन्न नहीं होने की स्थिति में तीसरी नीलामी दिनांक 07.10.2024 को पुनः की जायेगी।

शर्तें:- 1. बोलीदाता को बोली से पूर्व रू. 20,000 धरोहर राशि के रूप में जमा करने होंगे।
2. केवल जर्जर भवन नीलाम होना है भूमि छोड़कर।
3. नीलामी स्वीकृत होने पर स्क्रैप के मूल्य का 25% तुरन्त जमा करना होगा। शेष धनराशि 3 दिन के अंदर विद्यालय प्रबन्ध समिति के खाते में जमा करनी होगी।
4. नीलामी के समय अपना मूल आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।
5. नीलामी की शेष शर्ते व नियम विद्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

राजेश कुमार (अध्यक्ष)
विद्यालय प्रबन्ध समिति प्रा.वि.
किदौना वि.क्षे. मझगवां (बरेली)

मुन्नी (ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत किदौना
वि.क्षे. मझगवां (बरेली)

मधु (सचिव)
विद्यालय प्रबन्ध समिति प्रा.वि. किदौना वि.क्षे. मझगवां (बरेली)

**कार्यालय नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, बदायूँ**

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय बदायूँ के न्यायालय परिसर में बरसात के कारण एक वृक्ष गिर गया है जिसका विवरण निम्नवत है–

| क्रम सं0 | प्रजाति | वृक्षों की संख्या | आयतन घ0मी0 में | मूल्यांकन रू0 में |
|---|---|---|---|---|
| 1– | बेरी | 01 | 0.531 | 1700/–रू0 |
| कुल योग | | | | 2000/–रू0 |

उपरोक्त सारणी में दिये गये पेड़ की नीलामी दिनांक 03/10/2024 को सायं 4: 30 बजे केन्द्रीय सभागार जनपद न्यायालय बदायूँ में की जायेगी। इस सम्बंध में जो भी व्यक्ति अथवा फर्म इस नीलामी में भाग लेना चहता है तो उपरोक्त दिनांक समय व स्थान पर आकर नीलामी में बोली लगा सकते है। नीलामी को स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार केवल माननीय जनपद न्यायाधीश, बदायूँ को ही होगा। इस सम्बंध में अधिक जानकारी करना चाहे तो किसी भी कार्यदिवस में केन्द्रीय नजारत से प्राप्त की जा सकती है।

**नीलामी की शर्ते निम्नवत है:–**

1. नीलामी बोली बोलने वाले व्यक्ति को बोली बोलने से पहले अंकन 1000/–रू0 केन्द्रीय नजारत में जमा करना होगा, तभी उसको बोली लगाने का अधिकार होगा।
2. बोली समाप्त होने पर सबसे अधिक बोली बोलने वाले व्यक्ति को बोली की सम्पूर्ण धनराशि तुरन्त जमा करना होगा।
3. उक्त उल्लेखित वृक्ष की नीलामी बोली प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा दिये गये कुल अंकित मूल्य अंकन 2000/– रुपये के लिए प्रारम्भ होगी।
4. सम्पूर्ण धनराशि जमा होने पर ही उक्त पेड़ की लकड़ी उठाने का अधिकारी होगा।
5. खरीदी हुई लकड़ी के परिवहन अथवा अनुमति सम्बंधित अथवा परमिट आदि की समस्त औपचारिकताओं का दायित्व खरीददार का होगा।

सुयश प्रकाश श्रीवास्तव
अध्यक्ष, नीलामी समिति
प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
बदायूँ।

UP – 220063 दिनांक 27.09.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

# बदायूं में स्मैक बना रहे पिता और पुत्र को पुलिस ने दबोचा

## 400 ग्राम स्मैक और सामान के साथ केमिकल बरामद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** अपने घेर में स्मैक तैयार कर रहे पिता पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 400 ग्राम स्मैक, तैयार करने में इस्तेमाल होने वाला सामान और केमिकल बरामद हुआ। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में स्मैक और अन्य सामान की कीमत लगभग 1.20 करोड़ रुपये आंकी गई है।

थाना अलापुर के गांव नैथू में स्मैक बनाने की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने पुलिस बल के साथ छापा मारा। अपने घेर में स्मैक तैयार करते जाने आलम पुत्र अफसर खां और उसके बेटे खुर्शीद आलम को पकड़ लिया। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि मौके से 400 ग्राम स्मैक, अफीम का 11.29 ग्राम घोल, 1.8 ग्राम तैयार गीला माल, 25.90 ग्राम केमिकलयुक्त



आरोपियों की कार, बरामद स्मैक आदि।

- दिल्ली से लाते थे कच्चा माल, अपने घेर में बनाकर करते थे सप्लाई

पानी, 1.50 अफीम के हिस्से की क्रूट पारदर्शी पन्नी, 7 किग्रा वेटोनेट केमिकल, 12 किग्रा अधबनी स्मैक, 12 किग्रा सफेद सोडा, एक बलेनो कार बरामद हुई। आरोपियों ने कबूल किया कि वे स्मैक तैयार कर दिल्ली में सप्लाई करते हैं। स्मैक बनाने के लिए सामग्री दिल्ली से ही लाते हैं। सीओ दातागंज केके तिवारी के मुताबिक आरोपी जाने आलम के दूसरे बेटे परवेज को दिल्ली पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ पकड़ा था। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक हितेश कुमार, हेड कांस्टेबिल अनिल कुमार व श्रीप्रकाश, कांस्टेबल हरेंद्र, कुलदीप, नरेश, ओमप्रकाश, लोकेंद्र भी शामिल रहे। एसएसपी ने पुलिस टीम को 10 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया है। वहीं, पुलिस आरोपी पिता-पुत्र के बैंक बैलेंस चेक कराएगी। आरोपियों का घर गांव के बाहर है। घर देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि वे लोग काफी पहले से अवैध काम करते होंगे।

इस संबंध में एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि स्मैक बनाकर तस्करी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनमें से आरोपी का एक बेटा पहले भी एनडीपीएस एक्ट में जेल जा चुका है। उनके गिरोह और बैंक बैलेंस के बारे में जानकारी की जा रही है।

# विदेश भेजने के नाम पर बरेली के युवक से 12 लाख ठगे

**माधोटांडा(पीलीभीत), अमृत विचार :** चार जालसाजों ने विदेश भेजने के नाम पर बरेली के एक युवक से 12 लाख रुपये ऐंठ लिए। बीजा नहीं मिलने पर पीड़ित ने रुपये रुपये लौटाने को कहा तो आरोपियों ने मारपीट की। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बरेली के थाना भुता क्षेत्र के गांव नगरिया रघुनाथ निवासी दिलबाग सिंह ने पुलिस को तहरीर दी कि उसने अपने बेटे प्रभजोत सिंह और बहू कुलवीर कौर को विदेश भेजने के लिए माधोटांडा क्षेत्र के गांव खरदियूरा निवासी सिकंदर सिंह, उसकी पत्नी रितूराज कौर, बलकार सिंह और जसवंत सिंह से बात की थी। आरोपियों ने उन्हें 12 लाख रुपये का खर्चा बताया। पीड़ित ने 21 सितंबर 2023 को 9.30 लाख रुपये सिकंदर के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए। शेष 2.70 लाख रुपये आरोपियों को नगद दिए। आरोपियों ने जल्द बीजा दिलाकर विदेश भेजने की बात कही। लेकिन काफी समय बीतने के बाद बीजा नहीं मिला और रूपए भी वापस नही मिले।

# बारिश से नदियों में उफान, प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ का खतरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बारिश से संबंधित घटनाओं में 12 लोगों की मौत

**अमृत विचार :** शुक्रवार व शनिवार हुई बारिश से प्रदेश के कई जिलों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। औसत से अधिक बारिश होने से प्रदेश की नदियों का जलस्तर बढ़ गया है, कई जिलों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है। नेपाल व उत्तराखंड में बारिश के असर यहां होता है। सिद्धार्थ नगर, बदायूं, बलिया, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, गोंडा और कुशीनगर सहित जिलों में नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। वहीं, अधिकारियों के मुताबिक शनिवार को प्रदेश में बारिश से संबंधित घटनाओं में 12 लोगों की मौत की सूचना है।

प्रदेश में भारी बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने व मकान ढहने से कई लोग हताहत हुए हैं। आधा दर्जन लोग घायल हो गए। बारिश से संबंधित घटनाओं में शनिवार को 12 लोगों की मौत की बात सामने आ रही है। फतेहपुर में 3 लोग, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर में व गाजीपुर में दो-दो, जबकि अमेठी, चित्रकूट व अयोध्या में एक-एक की मौत की सूचना है। भारत मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में गत 24 घंटे के दौरान 27.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। राज्य के 75 जिलों में से 55 में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई। गोंडा, गोरखपुर, बलरामपुर ऐसे जिले हैं, जहां 24 घंटे की अवधि में 150 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई है। बस्ती, वाराणसी, बलिया, झांसी व आसपास के इलाकों में गरज चमक के साथ भारी बरसात हुई। इस दौरान 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पूर्वा हवाएं भी चलीं। तापमान में गिरावट से लोगों को हवा में ठंडक का एहसास हुआ। रविवार को प्रदेश के विभिन्न इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। पिछले दो दिनों में हुई अत्यधिक बारिश और खेतों में जल भराव से धान, अरहर, मूंगफली व हरी सब्जियां उगाने वाले किसानों के माथे पर अब चिंता की रेखाएं हैं।

## सार-संक्षेप

### स्ट्रेचर नहीं मिला तो बीमार पत्नी को गोद में लेकर अस्पताल पहुंचा पति, अखिलेश ने सरकार को घेरा

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले के मेडिकल कॉलेज की अव्यवस्था एक बार फिर से खुलकर सामने आई है। शुक्रवार को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज आए एक युवक को स्ट्रेचर नहीं मिला तो उसे अपनी बीमार पत्नी को गोद में उठाकर अस्पताल के भीतर ले जाना पड़ा। पत्नी को गोद में उठाए पति की यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है इस वीडियो को देखकर लोग मेडिकल कॉलेज की दुर्व्यवस्था पर नाराजगी जता रहे हैं और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के दावे पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने इस पूरे मामले के जांच के आदेश दिए हैं। वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस वीडियो को अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर करते हुए सरकार को घेरा है और पूरे प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया है। अखिलेश यादव ने मेडिकल कॉलेज को जलमग्न अस्पताल की संज्ञा दी है और भाजपा सरकार को कुशासन के उदाहरण की पोथी बताया है।



पत्नी को गोद में उठाकर ले जाता युवक।

### राहुल और अखिलेश मानसिक रूप से बीमार : कटियार

**अयोध्या, अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से एक विवादित बयान के बाद यहां राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद विनय कटियार ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा है कि दोनों की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, सोनिया गांधी को चाहिए राहुल गांधी को अच्छे अस्पताल भेज दें। उन्होंने कहा है कि अगर वह नहीं भेज पा रही तो हमको बताएं। हम राहुल गांधी को अस्पताल भेज देंगे। वहीं सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के द्वारा मठाधीश पर की गई टिप्पणी को लेकर कहा कि उनके पिता जी ने कुछ सिखाया नहीं है। वह भी मानसिक रूप से बीमार हैं। इसके अलावा उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने कहा कि राहुल गांधी को अब राम मंदिर की याद आ रही है। 22 जनवरी को आम जनता उत्सव मना रही थी कोई मंदिर ऐसा नहीं था जहां उत्सव का माहौल न रहा हो जहां प्रसाद न बन रहा हो। पूरा देश राममय था। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी उस दिन इस उत्सव को देखते तो शायद उन्हें समझ में आता, लेकिन उन्होंने मुंह मोड़ लिया।



### सतीश चंद्र मिश्रा के खिलाफ भेजा गया संदर्भ

**लखनऊ, अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पूर्व सांसद व वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र मिश्रा के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही चलाने के लिए मामला मुख्य न्यायमूर्ति को संदर्भित किया है। कोर्ट ने कहा कि एक मामले की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता का आचरण निंदनीय और अदालत की गरिमा को गिराने वाला है। अपने आदेश में कोर्ट ने आगे कहा कि सतीश चंद्र मिश्रा मिश्रा अदालत पर व्यक्तिगत द्वेष का आरोप और आक्षेप भी लगाते रहे हैं। इन टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को आपराधिक अवमानना की कार्यवाही चलाने पर विचार के लिए भेज दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने लक्ष्मी सिक्योरिटी गार्ड्स सर्विसेस फर्म की ओर से नगर निगम से जुड़े एक टेंडर के मामले में दाखिल एक रिट याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया।



### तलाक : तीसरे को पक्षकार बनने की अनुमति नहीं

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तलाक के एक मामले में अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा कि तलाक की कार्यवाही केवल विवाह के पक्षकारों के बीच होती है। कोई तीसरा व्यक्ति हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13 (बी) के तहत कार्यवाही में पक्षकार बनने की मांग नहीं कर सकता है। वैवाहिक विवाद केवल उस जोड़े के बीच का विवाद ही रहता है, जो अपने वैवाहिक रिश्ते में मुश्किलें महसूस कर रहा हो। अन्य सभी व्यक्ति विवाद से बाहर माने जाएंगे। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने श्रीमती कृति गोयल की प्रथम अपील पर विचार करते हुए पारित किया। जिसमें प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, अलीगढ़ के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें विपक्षियों को पक्षकार बनाने की अनुमति दी गई थी।

# भाजपा नहीं चाहती कोई भी चुनाव निष्पक्ष हो : अखिलेश यादव

**लखनऊ, अमृत विचार।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा कोई भी चुनाव निष्पक्ष नहीं होने देना चाहती है। बेईमानी करके सभी पदों पर कब्जा करना चाहती है। इन दिनों गन्ना समितियों के चुनाव में भी भाजपा समर्थक सत्ता के संरक्षण में अराजकता पर उतारू हैं। सपा प्रमुख ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि लखीमपुर खीरी, बरेली, हापुड़, मेरठ, मुरादाबाद समेत अन्य जिलों में सत्ता संरक्षित भाजपाई बेईमानी और गुण्डई करके अपने राजनीतिक विरोधियों को परेशान कर रहे है। अधिकारियों पर दबाव बनाकर जबरदस्ती पर्चे खारिज करा रहे हैं।

# टांडा और हरदुआगंज समेत 5 बिजली इकाइयां ठप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश में ढाई हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन घटा

**अमृत विचार :** टांडा व हरदुआगंज समेत पांच इकाइयों के ठप होने से प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया। करीब हजार ढाई हजार मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार टांडा बिजलीघर की 110 मेगावाट की तीन इकाइयां और हरदुआगंज बिजलीघर की 250 मेगावाट व 105 मेगावाट की एक-एक इकाइयां ठप हो गईं। बिजली अभियंताओं ने तीन अक्टूबर तक इनके चालू होने की संभावना जताई। बारा बिजलीघर की 660 मेगावाट, सिंगरौली की 500 मेगावाट व ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां पिछले कई दिनों से खराब चल रही हैं। टांडा की 110 मेगावाट की एक और इकाई के साथ ही रिहंद बिजलीघर की 500 मेगावाट व ऊंचाहार की 210 मेगावाट क्षमता की इकाइयां मरम्मत के लिए पहले से बंद हैं। टांडा इकाई के 14 नवंबर व बाकी इकाइयों के 17 अक्टूबर तक चालू किए जाने का समय तय किया गया है। इस तरह, कुल 11 इकाइयों के बंद रहने से उत्पादन बिजलीघरों में 2520 मेगावाट उत्पादन घट गया है।

# राम भारत के आदर्श व सबके मन में हैं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अशोक सिंहल फाउंडेशन, विश्व हिंदू परिषद व भगवान महावीर विकलांग कल्याण सहायता समिति के संयुक्त तत्वावधान में अशोक सिंहल की 98वीं जयंती के अवसर पर कारसेवक पुरम में निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर के आयोजन के दूसरे दिन इंदौर के जगद्गुरु माधवाचार्य, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत और महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव भी शामिल हुईं।

सभी ने अशोक सिंहल को श्रद्धांजलि दी। अशोक सिंहल के न्यासी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महामंत्री चंपत राय ने सम्पूर्ण कैंप का दौरा कर दिव्यांगों से हल चल पूछा और



कारसेवकपुरम में आयोजित समारोह में अपर्णा यादव का सम्मान करते चंपत राय।

सांत्वना दी। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने कहा कि कारसेवक पुरम में जिस प्रकार से दिव्यांगों को कृत्रिम अंग और सहायता प्रदान किया जा रहा है। मैं उसकी सराहना करता हूं। राम जन्मभूमि का संघर्ष लेकर अब तक जिस तरीके से अशोक सिंघल की भूमिका रही है उसे हम भुला नहीं सकते हैं। वहीं स्व. मुलायम सिंह यादव की पुत्रवधू महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा कि पावन धरती आकर बहुत अच्छा लगता है। राम भारत के आदर्श हैं। राम सबके मन में हैं।

उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। यह सब कारसेवकों की प्रेरणा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से ही हो सका है। शिविर के व्यवस्थापक मनोज तिवारी ने बताया कि कुल 750 पंजीकरण प्राप्त हुए थे, जिसमें भारी बारिश के बावजूद शिविर में 55 दिव्यांगो को अंग प्रदान किए गए। 65 लोगों की आंखों की एवं रक्त की जांच की गई तथा चश्मे वितरित किए गए।

# ठाकुरद्वारा बवाल : निष्पक्ष कार्रवाई करेगी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मृतक के परिजनों से मिले डीआईजी, सांत्वना दी

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के गांव तरफ दलपतपुर में शुक्रवार को ट्रैक्टर चालक की मौत के बाद हुए बवाल के बाद डीआईजी मुनिराज ने घटना का संज्ञान लेकर शनिवार को टीम के साथ गांव पहुंचे। वहां मृतक के परिजनों से मिलकर सांत्वना दी।

इसके बाद उन्होंने घटनास्थल का भी निरीक्षण किया। डीआईजी ने मृतक के परिवार को मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

थाना क्षेत्र तरफ दलपतपुर गांव निवासी धर्मपाल का बेटा लोकेश उर्फ मोनू (25) की ट्रैक्टर के पहिये से कुचलकर मौत के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा था। दो घंटे तक से अधिक चले बवाल में 2 पुलिसकर्मी जख्मी हुए थे। ग्रामीणों ने पुलिस कर्मियों पर अवैध खनन के शक में खाली ट्रैक्टर ले जा रहे मोनू का पीछा कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए दो पुलिसकर्मियों अनीस और नरेश को नामजद करते हुए चार पुलिस कर्मियों के खिलाफ हत्या करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने सीओ ठाकुरद्वारा राजेश कुमार को सर्किल से हटाकर जिला मुख्यालय संबद्ध कर दिया और थानेदार सुदेश पाल सिंह, सिपाही आरोपी अनीस समेत सात पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है। डीआईजी मुनिराज जी शनिवार को घटनास्थल पर पहुंचे।

# हनुमान की अष्टधातु की खंडित मूर्ति बरामद

**अयोध्या, अमृत विचार :** जनपद के क्राइम ब्रांच की स्वॉट और रौनाही थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने हनुमान जी की एक खंडित मूर्ति के साथ बाइक सवार तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बरामद मूर्ति को अष्टधातु की और अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 50 लाख रुपये बताई है। मूर्ति तस्कर गिरोह का सरगना अभी पुलिस के हाथ नहीं लग पाया है, जिसकी पुलिस को तलाश है। प्रकरण में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करवा पकड़े गए तीनों लोगों का चालान किया है।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में हर दिन बढ़ रही लोगों की संख्या

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार:** प्रदेश के उद्यमियों और उनके उत्पादों को ग्लोबल पहचान दिलाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल धमाल मचा रही है। पहले संस्करण के बाद दूसरा संस्करण परचम लहरा रहा है। चार दिन के आयोजन में ही 2.60 लाख से ज्यादा आगंतुकों के आने से हुनरमंद उत्साहित है।

25 सितंबर से लेकर 28 सितंबर तक चार दिनों के अंदर बड़ी तादाद में बिजनेस टू बिजनेस (बी2बी) विजिटर्स और बिजनेस टू कंज्यूमर्स (बी2सी) ने एक्सपो का दौरा किया है। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में कुल 15 हॉल्स में इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 2550 एग्जिबिटर्स हिस्सा ले रहे हैं। पिछले वर्ष आयोजन में यहां 3 लाख विजिटर्स शामिल हुए थे, वहीं इस बार विजिटर्स की संख्या 4 लाख के पार पहुंचने की संभावना है।

### यूपीसीडा ने जीता सर्वश्रेष्ठ स्टॉल पुरस्कार

**नोएडा :** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में एक बार फिर से यूपीसीडा ने सर्वश्रेष्ठ स्टॉल पुरस्कार जीता है। यह उसकी उत्कृष्टता की निरंतरता को दर्शाता है। यूपीसीडा के हॉल एक में स्थित स्टॉल ने अपनी प्रमुख परियोजनाओं जैसे हाथरस और पीलीभीत समेत राज्य में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने वाली विभिन्न पहलों के प्रदर्शन के साथ आगंतुकों को आकर्षित किया।

### उप्र. पुलिस के स्टॉल को प्रथम पुरस्कार

**लखनऊ :** ट्रेड शो-2024 में लगे उप्र. पुलिस के स्टॉल को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। आयोजकों की ओर से उक्त ट्रेड शो के सभी 15 हॉल में लगाई गई स्टॉल में से स्टॉल की साइज, उसका सेटअप, वहां के माहौल तथा स्टॉल पर आने वाले लोगों की संख्या के आधार पर प्रत्येक हॉल में प्रथम 03 स्टॉल को पुरस्कृत किया गया।

## उत्तराखंड

# बेची जमीन पर ले लिया आठ लाख का लोन, केस दर्ज

**काशीपुर, अमृत विचार :** एक महिला ने पहले तो अपनी जमीन एक व्यक्ति को बेच दी फिर उस जमीन पर आठ लाख का लोन ले लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। गिरीताल निवासी देवराज शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने ग्राम खरमासा निवासी चंचल रानी से ग्राम खरमासा में भूमि 29 मई 2018 को खरीदी थी, जिसका बैनामा उसके पक्ष में निष्पादित हो चुका है, लेकिन अभी दाखिल खारिज नहीं हुई है। कहा कि जब उसने 23 नवंबर 2023 को खतौनी निकाली तो पता चला कि उसकी खरीदी गई भूमि पर चंचल रानी द्वारा बैंक से आठ लाख रुपये का ऋण ले लिया है जबकि भूमि पर उसका कब्जा है।

# 5 करोड़ रुपये की ठगी का सरगना गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कुमाऊं साइबर क्राइम थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच करोड़ से अधिक की साइबर ठगी के सरगना को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। सरगना पर नैनीताल के एक कारोबारी को ऑनलाइन शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 65 लाख रुपये हड़प लिए थे।

साइबर थाना प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि अगस्त माह 2024 को नैनीताल के रहने वाले एक कारोबारी ने मुकदमा दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया था कि उसके व्हाटसअप ग्रुप पर बारक्लेश सिल सिक्योरिटी इंडिया लिमिटेड का मैसेज आया। इसमें चैटिंग करने वाले ने ऑनलाइन ट्रेडिंग से जोड़ा और उसके बाद ऑनलाइन शेयर मार्केट



ठगी के आरोपी के साथ साइबर क्राइम थाना पुलिस की टीम।

- नैनीताल कारोबारी से की थी 65 लाख की ठगी

का प्रलोभन देकर बैंक के कई खातों से 64.59 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली। जब खाते में मुनाफा मांगा तो मोबाइल व संपर्क करना बंद कर दिया। मामले की जांच कर रही टीम ने तत्काल सुरागरसी व साइबर तकनीकी के आधार पर 27 सितंबर को बिजवासन, साउथ वेस्ट, नई दिल्ली में दबिश देकर ठगी के मुख्य आरोपी बलवीर सिंह नेगी निवासी ग्राम नैल थाना गैरसैंण (चमोली) को गिरफ्तार कर लिया। इसके कब्जे से कई फर्जी दस्तावेज बरामद किए। साथ ही खातों की पड़ताल की गई तो पाया कि सात माह में आरोपी के खातों में ढाई करोड़ और अब तक कई प्रदेशों में हुई धोखाधड़ी में पांच करोड़ से अधिक की साइबर ठगी की गई है। उसे जेल भेज दिया गया है।

# अब बेफ्रिक होकर सीमांत में ड्यूटी करेंगे जवानः डीजीपी

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** प्रदेश के अति दुर्गम सीमांत इलाकों में तैनात पुलिस जवानों को अब अपनी फैमिली की कोई चिंता करने की जरूरत नहीं होगी। कारण डीजीपी अभिनव कुमार ने अपने कार्यकाल में सीमांत इलाकों में अपने दायित्वों का निर्वहन करने वाले जवानों के लिए फैमिली क्वार्टर बनाने का निर्णय लिया है। आश्वासन दिया कि मकान मुहैया होने के बाद हर सुख-दुख का ख्याल पुलिस विभाग रखेगा। उन्होंने कहा कि इसकी रूपरेखा भी तैयार हो चुकी है। शनिवार को रामपुर रोड स्थित एक होटल में जनसंवाद के बाद प्रेस वार्ता में डीजीपी अभिनव कुमार ने कहा कि उनका प्रयास है कि उनके कार्यकाल में हरिद्वार, देहरादून, हल्द्वानी और रुद्रपुर में आर्मी व्यवस्था के तहत फैमिली क्वार्टर बनाए जाएं।

# सरकारी भूमि को अपना बताकर हड़पे दस लाख

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके के रहने वाले एक व्यक्ति को सरकारी भूमि को अपना बताकर लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शांति विहार कॉलोनी निवासी परमजीत सिंह ने बताया कि वह प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने का कारोबार करता है और परिवार की आजीविका चलाता है। बताया कि मई 2024 में उसकी मुलाकात पहाड़गंज वार्ड-चार निवासी कांता प्रसाद गंगवार उर्फ केपी गंगवार से हुई। आरोपी ने पीडब्ल्यूडी कॉलोनी की चारदीवारी के नजदीक व किच्छा हाईवे पर 4.5 बीघा भूखंड को अपना बताया और पूरी भूमि को बेचने का प्रस्ताव रखा। बयाने के तौर पर 2.50 लाख रुपये भी दे दिए। इसके बाद 13 से 14 मई तक 10 लाख का भुगतान कर दिया।

21 जून को गवाह की मौजूदगी में इकरारनामा भी बनाया गया। एक सप्ताह का इंतजार करने के बाद इकरारनामा मांगा तो टालमटोल करने लगा। आरोप था कि आरोपी ने कई बार फ्री होल्ड का झांसा देकर टहला दिया। जब ज्यादा दबाव बनाया तो इकरारनामा व दस लाख की रकम भी देने से इंकार कर दिया। आरोप था कि जब भूखंड की पड़ताल की गई तो पता चला कि बेची गई जमीन सरकारी है। जिस पर नगर निगम व केपी गंगवार का विवाद भी चल रहा है। आरोप था कि केपी गंगवार ने सरकारी भूमि को अपना बता कर कूटरचित तरीके से लाखों रुपये हड़प लिए।

# मुख्य सचिव रतूड़ी को 31 मार्च तक मिला सेवा विस्तार

**देहरादून, अमृत विचार :** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी का कार्यकाल बढ़ गया है। उन्हें छह माह का सेवा विस्तार दिया गया है। अब उनका कार्यकाल 31 मार्च तक का रहेगा। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी का छह माह का कार्यकाल 30 सितंबर को समाप्त हो रहा था। सियासी हलकों से लेकर सत्ता गलियारों में रतूड़ी को फिर सेवा विस्तार देने की चर्चाएं पहले से ही थी। शनिवार को उन्हें एक अक्टूबर से 31 मार्च 2025 तक का सेवा विस्तार दे दिया गया। 1988 बैच की आईएएस अधिकारी राधा रतूड़ी अपनी सेवानिवृत्ति से दो माह पूर्व 31 जनवरी 2024 को मुख्य सचिव बनीं थीं।



# मुख्यमंत्री ने की प्रवासी उत्तराखंड प्रकोष्ठ की वेबसाइट लांच

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड के प्रवासियों ने देश-दुनिया में अपने कार्यों के बल पर अलग पहचान बनाई है। देश-दुनिया में रहने वाले उत्तराखंड वासियों से हमारा संपर्क रहना चाहिए। अपनी मातृभूमि से सबका जुड़ाव होता है। राज्य सरकार का प्रयास है कि उत्तराखंड के प्रवासियों का राज्य के विकास के लिए सहयोग लिया जाए और उन्हें अपनी मातृभूमि से जुड़ाव के लिए उन्हें हरसंभव सहयोग किया जाए। प्रवासियों को राज्य सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों की जानकारी हेतु मुख्यमंत्री ने शनिवार को सचिवालय में प्रवासी उत्तराखण्ड प्रकोष्ठ की वेबसाइट www.pravasiuttarakhandi.uk.gov.in लांच की। प्रवासी उत्तराखण्ड प्रकोष्ठ की वेबसाइट आइटीडीए के माध्यम से तैयार की गई है।

# 21 ग्राम स्मैक के साथ नशा तस्कर दबोचा

**किच्छा :** पुलिस ने लाखों रुपए कीमत की स्मैक के साथ नशा तस्कर को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 21 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलभट्टा थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गौला पुल के पास एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने बंगाली कॉलोनी, थाना पुलभट्टा निवासी सुखदेव सिंह के कब्जे से 21 ग्राम स्मैक बरामद कर कब्जे में ले ली। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करते हुए आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बंधक रखे प्लॉट को बेचकर की ठगी

संवाददाता, काशीपुर

- तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अमृत विचार:** एक व्यक्ति ने दंपति व बैंक प्रबंधक पर धोखाधड़ी कर बैंक में बंधक रखे प्लॉट को बेचकर 35 लाख की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

ग्राम धनौरी पट्टी, प्रतापपुर निवासी दिनेश कुन्द्रा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गढ़ी इन्द्रजीत निवासी गुरुदयाल सिंह व उसकी पत्नी हरप्रीत कौर ने उससे कहा कि उनका एक प्लॉट ग्राम नीझड़ा में है जिसे वह बेचना चाहते हैं। जब उसने उक्त प्लॉट की बात अपने मिलने वालों से की तो उन्होंने कहा कि इन लोगों ने इलाहाबाद बैंक (इण्डियन बैंक) शाखा काशीपुर से कई प्रॉपर्टी पर लोन ले रखे हैं, सोच समझकर ही उनके साथ डील करना। पीड़ित ने बताया कि वह उक्त पर लोन है या नहीं की जानकारी लेने के लिए शाखा प्रबंधक इलाहाबाद बैंक काशीपुर के पास गया तो उन्होंने जानकारी देने से मना कर दिया। इसके बाद उसने गुरदयाल सिंह व हरप्रीत कौर से कहा कि उसे पता चला है कि आपने इस प्लॉट को बंधक रखा हुआ है, तब दोनों ने कहा कि तुम्हें किसी ने गलत जानकारी दी है, हमारा प्लॉट ठीक है। जिसके बाद उसने प्लॉट का सौदा कर लिया और 6400 वर्ग फीट के प्लॉट के 35 लाख रुपये देकर अपने नाम पर बैनामा करा लिया। जिसका दाखिल खारिज भी उसके नाम हो गया है।

# रुद्रपुर में मामूली विवाद में सिर फोड़ा, अंगुलियां काट डालीं

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** बेटे के साथ गाली गलौज किए जाने का विरोध करना एक पिता को जानलेवा साबित हो गया। आवेश में आए पड़ोसी युवक ने पहले सिर फाड़ दिया और गुस्सा शांत नहीं हुआ तो धारदार हथियार से उसकी दो उंगली भी काट दी।

चीख पुकार सुनकर जब लोग एकत्रित हुए तो आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड-24 रंपुरा निवासी कमलेश ने बताया कि वह मोहल्ले में किराए के मकान में परिवार के साथ रहती है। 23 सितंबर की रात्रि आठ बजे पड़ोसी अमित नाम का युवक उसके बेटे यश को गालियां दे रहा था। उसी वक्त पिता दीपक कोली ने इसका विरोध किया। जिससे बौखलाकर आरोपी युवक ने लोहे की सरिया से पति का सिर फाड़ दिया और जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया। जिससे पति की दोनों हाथों की अंगुलियां कटकर अलग हो गईं।

### एके शर्मा दूसरे व ब्रजेश पाठक तीसरे स्थान पर, संगठन नेताओं की नहीं दिखी धाक

# मुख्यमंत्री योगी सदस्यता अभियान में सबसे आगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहले चरण में उप्र ने बनाए 1.5 करोड़ सदस्य, लक्ष्य पाने में असम रहा अव्वल
- खराब प्रदर्शन करने वाले राज्यों में राजस्थान, तेलंगाना, कर्नाटक व बिहार शामिल



**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश भाजपा के सदस्यता अभियान के पहले चरण में प्रथम रहे। दूसरे स्थान पर उर्जा मंत्री एके शर्मा के बाद सभी मंत्रियों और संगठन नेताओं से लेकर जनप्रतिनिधियों की खास धाक नहीं दिखी।

1.5 करोड़ सदस्य बनाकर संख्या के मामले में भी उप्र सबसे आगे रहा, मगर लक्ष्य पूर्ति 65 फीसदी ही है। ऐसे में 85 फीसदी लक्ष्य के साथ असम ने सभी प्रदेशों को पीछे छोड़ दिया है। खराब प्रदर्शन करने वाले राज्यों में राजस्थान, तेलंगाना, कर्नाटक व बिहार शामिल है।

देशभर में भाजपा ने दो सितंबर को प्रधानमंत्री को सदस्यता दिलाने के साथ अभियान का पहला चरण शुरू किया था। यह चरण 25 सितंबर को खत्म होने के बाद प्राप्त हुए आंकड़ों के अनुसार उप्र में भाजपा ने सर्वाधिक करीब 1.5 करोड़ सदस्य बनाए हैं। इसमें प्रदेश मुख्यालय आई 19 सितंबर तक की रिपोर्ट के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे अधिक 53 हजार 55 सदस्य बनाए हैं। उर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने 35 हजार 353, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने 15 हजार 827, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने 12 हजार 208 और औद्योगिक मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी 9 हजार 198 सदस्य बनाकर क्रमशः टॉप फाइव में शामिल हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, सूर्य प्रताप शाही, लक्ष्मीकांत बाजपेयी, महेंद्रनाथ पांडेय और स्वतंत्र देव सिंह जैसे दिग्गज भी दो हजार का आंकड़ा पार नहीं कर पाए हैं। 28 ऐसे मंत्री हैं, जो एक हजार भी सदस्य नहीं बना पाए। तमाम विधायक और सांसद तय लक्ष्य का 20 फीसदी भी सदस्य नहीं जोड़ पाए। मुख्य संगठन से लेकर अनुषांगिक संगठनों की हालत भी खस्ता मिली है। हालांकि संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह दूसरे चरण को लेकर अभी से पिछले सभी रिकार्ड तोड़ने में संगठन और जनप्रतिनिधियों को कसने में जुटे हुए हैं।

#### 23 दिनों में बने छह करोड़ सदस्य

भाजपा ने पहले चरण के 23 दिनों में करीब 6 करोड़ सदस्य बनाए हैं, हालांकि इसे अपेक्षा से कम माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश सर्वाधिक सदस्य बनाने में प्रथम स्थान पर है। तय किए गए राज्यवार लक्ष्य में असम भाजपा 85 फीसदी उपलब्धि के साथ प्रथम स्थान पर है। 75 फीसदी से अधिक लक्ष्य पूरा कर मध्यप्रदेश, गुजरात और त्रिपुरा दूसरे स्थान पर हैं। खराब प्रदर्शन वाले राज्यों की सूची में राजस्थान, तेलंगाना, कर्नाटक और बिहार जैसे राज्यों का स्थान है। सदस्यता के मामले में देश के सभी महानगरों में दिल्ली प्रथम है। दूसरा चरण 2 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। पार्टी ने झारखंड, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और महाराष्ट्र जैसे चुनावी राज्यों को सदस्यता अभियान से दूर रखा है।

## एल्विश के मोबाइल का डाटा बनेगा अहम दस्तावेज

**लखनऊ, अमृत विचारः** प्रवर्तन निदेशालय ने यू-ट्यूबर एल्विश यादव की जब्त हुई मोबाइल से डिलीट किए जा चुके डाटा की रिकवरी के लिए नोएडा स्थित लैब को रिमाइंडर भेजा है। ईडी अधिकारियों का मानना है कि डाटा एक अहम दस्तावेज साबित हो सकता हैं। ईडी ने जिन तीन मोबाइल के डाटा को रिकवरी के लिए भेजा है उनमें दो मोबाइल एल्विश के दोस्तों का भी है। अधिकारियों के मुताबिक रेव पार्टी और एल्विश की संपत्ति से जुड़ी अहम जानकारी मोबाइल से मिल सकती है। एल्विश के खिलाफ केस दर्ज होने के बाद सपेरे राहुल को लेकर नोएडा पुलिस जब फरीदाबाद और फाजिलपुर गांव गई तो वहां पर तलाशी के दौरान एक रजिस्टर मिला था।

# अवनीश अवस्थी से अमिताभ ने माफी मांगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अवनीश अवस्थी



अमिताभ ठाकुर

**अमृत विचारः** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर व उनकी पत्नी डॉ. नूतन ठाकुर ने शनिवार को रिटायर्ड आईएएस व मुख्यमंत्री के प्रशासनिक सलाहकार अवनीश अवस्थी को अलग-अलग पत्र भेजकर उनके संबंध में की गई अपनी पोस्ट पर माफी मांग ली।

अवनीश अवस्थी ने अमिताभ ठाकुर व नूतन ठाकुर को भेजे अलग-अलग कानूनी नोटिस में कहा था कि उनका उस पोस्ट में अंकित प्रकरण से कोई संबंध नहीं है, जिसमें उनके संबंध में गलत व भ्रामक खबरें फैलाई जा रही हैं। इस पर अमिताभ व उनकी पत्नी ने अपनी पुरानी 'एक्स' पोस्ट को 'डिलीट' कर दिया, साथ ही, खेद व्यक्त करते हुए उनसे क्षमा याचना की। अमिताभ ठाकुर ने 'एक्स' पर नई पोस्ट के जरिये कहा कि रिटायर्ड आईएएस के संबंध में सोशल मीडिया की खबरों के आधार पर जांच की मांग की गई थी। रिटायर्ड आईएएस ने खबरों को पूर्णतः निराधार व असत्य बताया है, इसलिए वह पूर्व पोस्ट से उन्हें हुई पीड़ा के लिए सार्वजनिक तौर पर क्षमा मांगते हैं।

# प्रदेश में एमबीबीएस की सीटें दोगुना से ज्यादा हुईं

### 5,390 से बढ़ाकर 11, 200 की गईं सीटें, वर्तमान में 78 मेडिकल कॉलेज हैं संचालित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- पीजी की 3,781 सीटों पर हो रहा दाखिला
- सरकारी मेडिकल कॉलेजों में हो चुकी हैं 5,150 सीटें

**अमृत विचार :** वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की योजना के तहत साढ़े सात सालों में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 39 से 78 हो गईं तो एमबीबीएस सीटों की संख्या 5,390 से बढ़कर 11 हजार 200 और पीजी की तीन हजार 781 सीटें हो चुकी हैं। अकेले सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 5,150 सीटें हो चुकी हैं।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि वर्ष 2016 में प्रदेश के 14 सरकारी और 25 निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की कुल पांच हजार 390 सीटें थी। इनमें सरकारी कॉलेजों में पांच हजार 150 सरकारी सीटें और 6050 सीटें प्राइवेट कॉलेज की हैं। इसी तरह 2016 में पीजी की 1,344 सीटें थी, जो कि बढ़कर तीन हजार 781 हो चुकी हैं। इनमें सरकारी कॉलेजों में 1,759 और निजी कॉलेजों की 2022 सीटें हैं। इससे मेडिकल कॉलेजों में दाखिला लेने वाले बच्चों को काफी मदद मिलने की उम्मीद है।

#### बागपत, हाथरस और कासगंज में भी खोले जाएंगे मेडिकल कॉलेज

डीजीएमई ने बताया कि इस सत्र 2024-25 में राज्य के 12 नए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की कुल सीटों में 85 प्रतिशत सीटों पर दाखिले के लिए काउंसिलिंग चल रही है। पहले चरण की काउंसिलिंग में अधिकांश सीटें भर चुकी हैं। उन्होंने बताया कि सोनभद्र के मेडिकल कॉलेज को मान्यता देने के लिए केंद्रीय मंत्री से दोबारा अपील की गई। अमेठी में मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन है। अगले साल, सत्र 2025-26 में 100 सीटों की लेटर ऑफ परमिशन प्राप्त करने के लिए एनएमसी, नई दिल्ली का पोर्टल खुलते ही आवेदन किया जाएगा। पीपीपी मोड अंतर्गत मऊ में कल्पनाथ राय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज निर्माणाधीन है। इस कॉलेज में सत्र शुरू करने के लिए एनएमसी के लेटर ऑफ परमिशन की जरूरत पड़ रही है। पीपीपी मोड के वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) स्कीम के तहत बागपत, हाथरस और कासगंज में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए जल्द ही कैबिनेट के समक्ष प्रस्ताव रखा जाएगा।

## नीट यूजी काउंसिलिंग में 5 अक्टूबर तक लेना होगा दाखिला

**लखनऊ, अमृत विचारः** यूपी नीट यूजी की दूसरे चरण की काउंसिलिंग में एमबीबीएस व बीडीएस सीट आवंटित कर सूची जारी कर दी गई है। आवंटित सीट पर दाखिले की प्रक्रिया 30 सितंबर से 5 अक्टूबर तक पूरी की जाएगी। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय द्वारा शनिवार को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

डीजीएमई द्वारा जारी निर्देशानुसार, अभ्यर्थियों को दाखिला लेने से पूर्व नोडल सेंटर पर मेडिकल परीक्षण कराना होगा। पहले चरण की काउंसिलिंग में दाखिला पा चुके छात्रों द्वारा कॉलेज बदलने की सूरत में, या उसी कॉलेज में सीट आवंटित होने पर, प्रवेश प्रक्रिया पुनः पूरी करनी होगी। अन्यथा पूर्व की सीट भी निरस्त हो जाएगी।

# समान पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को पदोन्नति के मिलें समान अवसर

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पदोन्नति मामले पर की टिप्पणी

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पदोन्नति के एक मामले पर विचार करते हुए कहा कि जिस उम्मीदवार के पास अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता है, वह अन्य सभी मानदंडों को पूरा करने पर पदोन्नति का हकदार है। यह मायने नहीं रखता है कि यह मानदंड सेवा से पहले पूरे किए गए थे या सेवा के दौरान पूरे किए गए। पदोन्नति के नियमों को उदारतापूर्वक लागू किया जाना चाहिए, जिससे कर्मचारियों में ठहराव न आए और उनका मनोबल बढ़े।

कोर्ट ने यह माना कि समान पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को पदोन्नति के समान अवसर दिए जाने चाहिए। कोर्ट ने मौजूदा मामले में विपक्षी के तर्क का खंडन करते हुए कहा कि स्टोरकीपर के पद का नियमों में उल्लेख न होने के कारण याची को पदोन्नति के लिए अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता। समान या एक ही कैडर में आने वाले कर्मचारियों को सेवा में अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए समान अवसर दिए जाने चाहिए। राजकुमार की याचिका को स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति अजीत कुमार की एकलपीठ ने विपक्षियों को याची की पदोन्नति के संबंध में उचित आदेश पारित करने का निर्देश दिया।

दरअसल याची स्टोरकीपर ग्रेड-1 के पद पर कार्यरत है। जूनियर इंजीनियर के पद पर पदोन्नति के लिए उसका आवेदन यह कहते हुए खारिज कर दिया गया कि उपरोक्त पद के लिए उपलब्ध 5 प्रतिशत कोटा केवल ड्राफ्ट्समैन/ ड्रेसर/ क्लर्क/प्रयोगशाला सहायकों की श्रेणी में आने वाले कर्मचारियों द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है, जिनके पास इंजीनियरिंग में आवश्यक डिप्लोमा है और जिन्होंने 5 साल की नियमित सेवा पूरी कर ली है। याची के पदोन्नति के अनुरोध को इस आधार पर भी खारिज किया गया कि उसने सेवा में प्रवेश करने से पहले अपना डिप्लोमा हासिल कर लिया था। अस्वीकृति आदेश को चुनौती देते हुए याची ने तर्क दिया कि किसी उम्मीदवार को सेवा अवधि के दौरान या उससे पहले अपेक्षित योग्यता हासिल कर लेने पर अयोग्य घोषित करना हाई कोर्ट द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों के विपरीत है।

# स्टर्लिंग टेक्नालॉजीज डाली जाएगी काली सूची में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम क्षेत्र में बिजली बिलिंग करने वाली पूर्व एजेंसी स्टर्लिंग टेक्नालॉजीज एंड सर्विसेज तीन साल के लिए काली सूची में डाली जाएगी। विभाग में अतिरिक्त आर्थिक खर्च की रिकवरी भी इस एजेंसी से की जाएगी। इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं।

एजेंसी ने प्रयागराज, वाराणसी व मिर्जापुर क्षेत्र में बिजली बिलिंग व राजस्व वसूली कार्य अचानक बंद करने, खराब कार्यप्रणाली, उपभोक्ताओं को समय से बिल न देने व अनुबंध का उल्लंघन किए जाने का आरोप है। कंपनी के पास कार्य का अनुबंध 36 महीने के लिए था। इस एजेंसी ने बीते जून में आठ दिन पूर्व सूचना देकर जुलाई से कार्य बंद कर दिया। पूर्वांचल निगम ने एजेंसी से कई बार अनुबंध के तहत कार्य करने को कहा, पर एजेंसी ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया।

## अयोध्या से हैदराबाद के लिए फ्लाइट का संचालन

**अयोध्या, अमृत विचारः** अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से अयोध्या-हैदराबाद के बीच इंडिगो एयरलाइंस ने फ्लाइट का संचालन शुरू किया है। डायरेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि यह फ्लाइट हफ्ते में चार दिन उड़ान भरेगी। सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को दोपहर एक बजकर 55 मिनट पर हैदराबाद से टेकऑफ होगी। यहां चार बजकर पांच मिनट पर लैंड करेगी। इसके बाद यहां चार बजकर 40 मिनट पर उड़ान भरेगी।

# भदरसा कांड के आरोपी मोइद खान और राजू खान पर गैंगस्टर

मसौधा, अयोध्या

**अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के भदरसा में हुए किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म मामले में आरोपी मोइद खान की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। एक तरफ मोईद खान की तरफ से उच्च न्यायालय में जमानत को लेकर 30 सितम्बर को सुनवाई होनी है वहीं उसके विरुद्ध पूराकलंदर थाने में गैंगस्टर का मुकादमा दर्ज करा दिया गया।

इस मामले में आरोपी की बेकरी और शापिंग काम्पलेक्स पर बुलडोजर चल चुका है। मामले में जेल में निरुद्ध मोईद खान ने जिला न्यायालय में जमानत के लिए आवेदन किया लेकिन जमानत नामंजूर हो गई थी। जिसको लेकर मोईद खान ने मामले में उच्च न्यायालय लखनऊ खंड पीठ में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। जिस पर 30 सितंबर को सुनवाई होनी है। उससे पहले ही अब पूराकलंदर थाने में मोईद खान और राजू खान पर गैंगस्टर केस पंजीकृत कर लिया गया है।


### वर्ग पहेली-206

**बाएं से दाएं**

1. 1. पुट्ठा 2. ढोल पर मढ़ा जाने वाला चमड़ा।
3. 1. चित्तवृत्तियों का निरोध और इन्हें सांसारिकता से विमुख कर अंतर्मुखी करने की एक जटिल भारतीय साधना पद्धति 2. नाथ पंथियों में योग का एक प्रकार जिसमें कुंडलिनी जागरण कराकर 'सहस्रारचक्र' तक ले जाया जाता है। उक्त योग में कठिन आसन मुद्राओं का विधान है।
5. मृतक संबंधी एक कृत्य जो किसी की मृत्यु के छह महीने बाद किया जाता है, छमासी।
8. 1. बहुत दूर या समुद्र पार का देश, पराया देश, विदेश 2. पिछली सदी में भारतीय जन सामान्य द्वारा इंग्लैंड के लिए प्रयुक्त नाम।

**ऊपर से नीचे**

2. अलग करने वाला, पृथक करने वाला।
4. सूर्यकांत मणि।
6. ऊँचे पहाड़ों की एक लता, निसोथ।
7. 1. रेती (औज़ार) से रगड़कर काटना 2. चिकना करना 3. रेतने वाले औज़ार की धार से रगड़ना।




#### वर्ग पहेली -205 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 नि | 2 गो | ड़ी | |
| | 3 द | | पी | | 4 ति |
| | नु | | चं | | र |
| | 5 ज | 6 ल | द | | मि |
| 7 चु | | 8 प | न | 9 भ | रा |
| 10 क | रें | सी | | र | |
| ना | | | 11 चौ | त | नी |

### सुडोकू -119

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | 2 | | | 3 | |
| 3 | | 9 | | 5 | | 1 | | 7 |
| | | 6 | | | | | 8 | |
| 9 | 3 | | | | 1 | | 2 | 4 |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| 2 | 6 | | 7 | | | | 5 | 9 |
| | 9 | | | | | 5 | | |
| 1 | | 8 | | 3 | | 2 | | 6 |
| | 7 | | | 8 | | 4 | | |

#### सुडोकू - 118 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 5 | 1 |
| 5 | 4 | 7 | 1 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 |
| 9 | 1 | 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 4 |
| 4 | 3 | 1 | 2 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 3 | 5 | 9 | 7 | 4 | 1 | 8 | 6 | 2 |
| 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 7 | 4 | 5 |
| 7 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 |

# ग्रेडिंग में फेल हो गए आश्रम पद्धति से संचालित विद्यालय

राजीव शुक्ला, लखनऊ



- मूल्यांकन में 43 विद्यालयों में एक भी ए प्लस या ए श्रेणी में नहीं
- 15 अगस्त के बाद विद्यालयों में परीक्षा हुई थी

> ग्रेडिंग कराई गई थी परिणाम बेहतर नहीं आए हैं। परिणामों का परीक्षण किया जाएगा और सुधार के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। शिक्षकों को सुधार करने के लिए चेतावनी दी जा रही है। – **कुमार प्रशांत**, निदेशक समाज कल्याण

**अमृत विचारः** प्रदेश में समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित सीबीएसई के 43 आश्रम पद्धति विद्यालय ग्रेडिंग में फेल हो गए। विद्यालयों में न तो छात्रों की हाजिरी संतोषजनक मिली है और न ही अध्यापकों की।

साफ-सफाई, सुरक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी यह विद्यालय फिसड्डी साबित हुए हैं। शैक्षणिक सत्र (2024-25) के पहले मूल्यांकन में इसका खुलासा हुआ है। 43 विद्यालयों में एक भी विभाग की ओर से तय मानकों को पूरा नहीं कर पाए हैं। 'ए प्लस या ए' श्रेणी में विद्यालय नहीं आ सके हैं।

पढ़ाई की स्थिति सुधारने के लिए आश्रम पद्धति विद्यालयों में इस शैक्षणिक सत्र से ग्रेडिंग सिस्टम को लागू किया गया है। यूपी में 52 आश्रम पद्धति विद्यालय यूपी बोर्ड के हैं और 43 सीबीएसई के। दोनों बोर्डों से जुड़े विद्यालयों की रैंकिंग अलग-अलग की जानी है। सीबीएसई के 43 विद्यालयों में पिछले माह 15 अगस्त के बाद अंग्रेजी स्कूलों की तर्ज पर परीक्षा (यूनिट टेस्ट) कराए गए। परीक्षा, उपस्थिति, नवाचार समेत अन्य को लेकर ग्रेडिंग कराई गई।

#### 11 मानकों पर तैयार किया है सौ नंबरों का प्रारूप


ग्रेडिंग के लिए प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में प्रत्येक विद्यालय का पांच बार मूल्यांकन किया जाएगा। पहला मूल्यांकन पहले यूनिट टेस्ट के बाद, दूसरा मूल्यांकन दूसरे यूनिट टेस्ट के बाद, तीसरा मूल्यांकन अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बाद, चौथा मूल्यांकन तीसरे यूनिट टेस्ट के बाद होगा और पांचवां मूल्यांकन वार्षिक परीक्षा के बाद होना है। समाज कल्याण निदेशालय ने ग्रेडिंग के लिए 11 मानकों के आधार पर सौ नंबरों का एक प्रारूप तय किया है।

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 सितंबर रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 16.47 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

#### आज का पंचांग




**दिशाशूल**–पश्चिम। **ऋतु**–शरद।

चन्द्रबल– मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।

ताराबल–अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र– मघा पूर्ण रात्रि तक।



मेष

आज यदि नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो उसमें आपको सफलता मिल सकती है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई के प्रति आपकी एकाग्र रहना होगा। दूसरों की गलतियां गिनाने के बजाय सही सलाह देकर समझाने का प्रयास करें। प्रेम विवाह में कुछ बाधाएं आ सकती हैं।



वृष

आज नए लोगों के साथ संपर्क प्रगाढ़ होंगे। भविष्य को लेकर योजना बनाने के लिए दिन अच्छा है। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं वरना समस्या हो सकती है। वैवाहिक जीवन में किसी कारण को लेकर तनाव को सकता है।



मिथुन

आज घर के कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। आप लोगों के मन के विचारों को समझ लेते हैं, जिसके कारण लोग आपसे सलाह की अपेक्षा रखेंगे। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। कुछ महत्वपूर्ण और साहसिक निर्णय ले सकते हैं।



कर्क

आज आपको आराम पर्याप्त मात्रा में करना चाहिए। हृदय रोगियों को परेशानी हो सकती है। नया काम शुरू करने में कठिनाई होगी। आप कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के साथ कड़ाई से पेश आ सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को समय पर पूरा करने का दबाव रहेगा।



सिंह

आज व्यवसाय में आपको बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। निजी रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। नए रचनात्मक कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। परिवार को आप पर्याप्त समय देंगे। आर्थिक मामलों को लेकर आप काफी गंभीर रहेंगे। आपको जिम्मेदारी वाला पद मिल सकता है।



कन्या

आज मानसिक तनाव आपको परेशान कर सकता है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। बदलता मौसम आपको सर्दी-जुकाम से पीड़ित कर सकता है। परिवार के लोगों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। धन की कमी का सामना करना पड़ेगा।




तुला

आज आपके लिए दिन बहुत ही शुभ है। आय के नए स्रोत विकसित होने के योग बन रहे हैं। जॉब में आपका प्रदर्शन लोगों के लिए अनुकरणीय रहेगा। आपकी तार्किक क्षमता आपको सभी जगह सफलता प्रदान करने में मदद करेगी।




वृश्चिक

आज अपनी प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। पैतृक संपदा में वृद्धि होगी। कला जगत से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। व्यापार में नए कर्मचारियों की नियुक्ति करने का विचार बनाएंगे। सीनियर्स आपसे काफी प्रभावित रहेंगे।



धनु

आज सहयोगियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। काम का दबाव कम होगा। दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। व्यापार में लाभ कमाने के नए मौके खोज लेंगे।




मकर

आज आप स्वयं को काफी समय देंगे। चलते कार्यों में अचानक विघ्न आ सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भावनाओं में आने के कारण काम बिगड़ सकते हैं। फिलहाल आपका समय ठीक नहीं है, इसीलिए लोगों से सलाह न लें।



कुंभ

आज लोक कल्याण के कार्यों में आप रुचि लेंगे। सरकारी कार्य समय से पूर्ण हो जाएंगे। दिनचर्या काफी व्यवस्थित और संतुलित रहेगी। एकांत में बैठकर आत्मविश्लेषण कर सकते हैं। व्यापार में कमजोर पहलुओं को दूर करने में सफलता मिलेगी।



मीन

आज गूढ़ विषयों के अध्ययन के प्रति आकर्षित रहेंगे। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। मित्रों के साथ आपके संबंध और प्रगाढ़ होंगे। आपके उदार व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे। कार्यक्षेत्र की बिगड़ी हुई स्थितियां आपके नियंत्रण में आ जाएंगी।

### आज की फिल्में

B4U MOVIES
- पृथ्वी — सुबह : 09.25
- बच्चन पांडे — रात : 07.20

&pictures
- आचार्य — सुबह : 09.45
- खिलाड़ी 786 — शाम : 05.28

SONY PIX
- जॉम्बीलैंड — रात : 09.43
- सैन एंड्रियास — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- राधे — सुबह : 09.15
- स्कंदा — रात : 08.00

ZEE ACTION
- देवी — सुबह : 10.26
- हॉलीडे — रात : 07.30

#### आज की सुपरहिट फिल्म




जी एक्शन पर रात : 07.30 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पत्नी– लड़कों का कॉमनसेंस बिल्कुल जीरो होता है।
पति– कैसे?
बीवी– अब देखो ना जेंटस टॉयलेट में लिख कर आएंगे शालू आई लव यू। अब क्या शालू वहां पढ़ने जाएगी?

पत्नी– तुम मुझे कितना प्यार करते हो?
पति–72 फीसदी मेरी जान...
पत्नी –100 फीसदी क्यों नहीं करते हो?
पति– पगली, लग्जरी चीजों पर 28 फीसदी जीएसटी भी तो लगता है न।

# दुश्मन को घर में घुसकर मारता है नया भारत

## जम्मू में बोले मोदी -हमने गोली का जवाब गोले से दिया, कश्मीरियों को भ्रष्टाचार मुक्त सरकार की आस

जम्मू, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 सितंबर 2016 में की गई सीमापार सर्जिकल स्ट्राइक का जिक्र करते हुए कहा कि आतंक के आका जानते हैं कि यदि वे कुछ गलत करेंगे तो मोदी उन्हें पाताल से भी ढूंढ़ निकालेगा। कहा कि इस दिन भारत ने दुनिया को संदेश दिया था कि यह नया भारत है और यह घर में घुसकर मारता है। मोदी ने यहां शनिवार को एमएएम स्टेडियम में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को निशाने पर रखा। इन दलों को संविधान का सबसे बड़ा दुश्मन करार देते हुए मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर के लोग शांति



और अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए भ्रष्टाचार, आतंकवाद और अलगाववाद से मुक्त सरकार की आस लगाए हुए हैं।

मोदी ने रैली में दावा किया कि भाजपा के प्रति लोगों में जबर्दस्त उत्साह है। जम्मू-कश्मीर के लोग तीन परिवारों-कांग्रेस, एनसी और पीडीपी को वापस नहीं चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे नौकरियों में भ्रष्टाचार एवं भेदभाव, आतंकवाद, अलगाववाद एवं रक्तपात नहीं चाहते हैं। इसके बजाय वे शांति और अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य चाहते हैं। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पीढ़ियों के नुकसान के लिए सबसे बड़ी जिम्मेदार पार्टी है। आजादी के समय से ही पार्टी की गलत नीतियों ने विरोधी ताकतों का हौसला बढ़ाया। भाजपा सरकार ने आतंक के आकाओं के दिमाग को ठिकाने पर लाने के लिए गोलियों का जवाब मोर्टार गोलों से दिया। 28 सितंबर 2016 में हमने दुनिया को संदेश दिया था कि नया भारत घर में घुसकर मारता है।

### कांग्रेस पर अर्बन नक्सलियों का प्रभाव

मोदी ने आरोप लगाया कि यह वही कांग्रेस है जिसने यह सोचकर सशस्त्र बलों से झूठ बोला कि 'वन रैंक, वन पेंशन' सरकारी खजाने पर बोझ होगा। कांग्रेस पर 'अर्बन नक्सलियों' के प्रभाव में होने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब बाहर से घुसपैठिए आते हैं, तो उन्हें अच्छा लगता है, क्योंकि वे उन्हें वोट बैंक के रूप में देखते हैं। लेकिन हमारे अपने लोगों की समस्याओं के लिए वे चुटकुले सुनाते हैं।

### कांग्रेस-नेकां और पीडीपी संविधान की दुश्मन

मोदी ने कहा कि कांग्रेस , नेकां और पीडीपी संविधान की सबसे बड़ी दुश्मन हैं। उन्होंने इन दलों पर विभिन्न वर्गों के लोगों को मताधिकार से वंचित कर आंबेडकर के संविधान की भावना की गला घोंटने का आरोप लगाया । कहा कि भाजपा ने संविधान का सम्मान किया और पश्चिमी पाकिस्तानी शरणार्थियों, गोरखाओं और वाल्मीकि को मतदान का अधिकार दिया।

# वाईएसआरसीपी के नेताओं ने अनुष्ठान कर किया प्रायश्चित

लड्डू विवाद

**अमरावती।** वाईएसआरसीपी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को क्षमायाचना अनुष्ठान किया और कहा कि इसके जरिए उन्होंने तिरुपति लड्डुओं की पवित्रता पर सवाल उठाकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू द्वारा किए पाप का प्रायश्चित किया। नायडू ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विधायक दल की बैठक में आरोप लगाया था कि पिछली वाईएसआरसीपी सरकार ने श्री वेंकेटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और लड्डू बनाने में घटिया सामग्री एवं पशु चर्बी का इस्तेमाल किया। इन आरोपों से हिंदू भावनाएं आहत हुईं और देशभर में जनाक्रोश भड़क गया। इस जनाक्रोश के बाद जगनमोहन रेड्डी ने आरोप लगाया कि नायडू लड्डुओं के बारे में सरासर झूठ बोल रहे हैं।

# राहुल की राममंदिर में नाच-गाना टिप्पणी पर भड़की भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- गांधी ने हरियाणा में कहा कि प्राण प्रतिष्ठा में कोई दलित नहीं था शामिल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर नाच गाना की टिप्पणी पर शनिवार को भाजपा ने आड़े हाथ लिया। सत्तारूढ़ दल ने उन्हें अव्वल दर्जे का झूठा करार दिया।

भाजपा की यह प्रतिक्रिया गांधी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आई है। वीडियो में राहुल गांधी को यह कहते सुना जा सकता है कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में अमिताभ बच्चन, अंबानी और अडाणी आमंत्रित लेकिन किसी गरीब, मजदूर या किसान को नहीं बुलाया गया। कांग्रेस नेता ने गुरुवार को हरियाणा के बरवाला में चुनावी सभा में कहा कि वहां नाच-गान हो रहा था। यही कारण है कि भाजपा अयोध्या लोकसभा सीट हार गई। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर राम मंदिर का बार-बार अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण में शामिल श्रमिकों को प्रधानमंत्री ने सम्मानित किया।

### विहिप ने की अयोध्या पर टिप्पणी की निंदा

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह पर की टिप्पणी की निंदा की। विहिप के संयुक्त महासचिव सुरेन्द्र जैन ने कहा कि राहुल गांधी झूठों के सरदार हैं। वह देश की संस्कृति, हिंदू धर्म और समाज का अपमान करने का मौका नहीं छोड़ते। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि उन्हें हिंदुत्वफोबिया का इलाज कराने की जरूरत है।

## एक नजर

### शिवपुरी में गड्ढे के पानी में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में पानी से भरे गड्ढे में गिरकर तीन चचेरे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार कोलारस थाना क्षेत्र के ग्राम निबोदा में दोपहर में पानी से भरे गड्ढे में डूबने से नीरज (8), संजय (6) और वीरु बंजारा (4) की मौत हो गई। यह बच्चे दोपहर स्कूल से पढ़कर लौट रहे थे।

### बिहार में नदियों का जलस्तर बढ़ा, हालात चिंताजनक

**पटना।** बिहार में वाल्मीकि नगर एवं बीरपुर बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद बाढ़ का संकट गहराने से गंडक, कोसी, बागमती, महानंदा एवं अन्य नदियों के जलस्तर में वृद्धि हुई है। बाढ़ से प्रदेश के 13 जिलों की 1.41 लाख आबादी प्रभावित हुई है। राज्य जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष मल्ल ने बताया कि शनिवार अपराह्न दो बजे तक कोसी नदी पर बने बीरपुर बैराज से 5.31 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जो 56 वर्षों में सबसे अधिक है।

### सोशल मीडिया पोस्ट पर झड़प के बाद नौ हिरासत में

**भुवनेश्वर/भद्रक।** ओडिशा सरकार ने आपत्तिजनक पोस्ट पर प्रदर्शन के दौरान लोगों के समूह द्वारा पुलिस पर पथराव करने के बाद भद्रक जिले में इंटरनेट सेवा शनिवार को दो दिन के लिए बंद कर दी। लोगों ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए आपत्तिजनक पोस्ट के आरोप में युवक की शिकायत की थी,लेकिन पुलिस की कार्रवाई में देर पर शुक्रवार को रैली निकाली थी। पुलिस ने रैली रोका तो लोगों ने पथराव किया जिसमें एसपी समेत दो पुलिसकर्मी घायल हो गए और भद्रक तहसीलदार का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं पुलिस ने मामले में नौ लोगों को हिरासत में लिया।

### हिमाचल में बारिश से 27 सड़कें अवरुद्ध

**शिमला।** हिमाचल में बारिश से 27 सड़कों पर यातायात अवरुद्ध हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में कहीं कहीं बारिश हुई। नैना देवी में 84.2 मिमी, रायपुर मैदान में 51.2 मिमी, ओलिंडा में 28.6 मिमी और ऊना में 23.4 मिमी में बारिश हुई। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार कांगड़ा में 10 सड़कें, मंडी और सिरमौर में सात-सात, कुल्लू में दो और शिमला में एक सड़क पर यातायात बंद है।

### पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलने से कोर्ट का इनकार

**पोर्ट ब्लेयर।** कलकत्ता हाईकोर्ट की पोर्ट ब्लेयर सर्किट पीठ ने अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की राजधानी का नाम बदलने के सरकार के फैसले में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया। कहा कि यह कार्यपालिका का विशेषाधिकार है। केंद्र ने 13 सितंबर को इसका नाम श्री विजयपुरम कर दिया था।

# भाजपा ने विकास के नए आयाम किए स्थापित

फरीदाबाद, एजेंसी

हरियाणा विस चुनाव में भाजपा के प्रचार के लिए फरीदाबाद पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 10 साल पहले राज्य में कांग्रेस के शासन के दौरान खनन, वन और भू माफिया सक्रिय थे, लेकिन भाजपा की सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए।

योगी ने फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा स्थित डबुआ मंडी में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि देश के



- फरीदाबाद पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर साधा निशाना

विभाजन और आतंकवाद की जिम्मेदार कांग्रेस है। योगी ने अतीत में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में रुकावटें पैदा करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि रामलला की जन्मभूमि के लिए हिंदुओं ने 76 बड़ी लड़ाइयां लड़ी। लाखों हिंदू, सिखों ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए बलिदान दिया, लेकिन कांग्रेस ने विवाद खड़ा करवाकर राम मंदिर नहीं बनने दिया। कांग्रेस जिस विवाद का समाधान 65 साल में नहीं करवा पाई, उसे प्रधानमंत्री ने समाप्त कर दिया।

योगी ने सवाल किया कि क्या कांग्रेस कभी अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करवा पाती? उन्होंने आरोप लगाया कि देश के विभाजन से लेकर आतंकवाद की समस्या तक जितनी भी समस्याएं हैं, वह कांग्रेस ने ही दी है। योगी ने कांग्रेस पर योजनाओं में भेदभाव का आरोप लगाते हुए कि भाजपा का मतलब बिना भेदभाव के सरकारी योजनाओं से सभी को लाभान्वित करना है।

# चुराचांदपुर व कांगपोकपी में बंदी, जिरीबाम में फिर हिंसा

**इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर व कांगपोकपी जिलों में कुकी-जो समूहों के बंद के आह्वान से शनिवार को जनजीवन प्रभावित रहा। वहीं जिरीबाम के गांव से हिंसा की खबर भी है।

दोनों जिलों में बंद शुक्रवार को शुरू हुआ और रविवार तक जारी रहेगा। सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह के बयान के विरोध में इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम और कुकी स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन सहित कुकी-जो समूहों ने बंद का आह्वान किया है। सुरक्षा सलाहकार ने 20 सितंबर को दावा किया था कि उग्रवादी इंफाल के बाहरी गांवों में हिंसा कर सकते हैं। राज्य सरकार ने इस पर कहा था कि सशस्त्र समूहों द्वारा दुस्साहस न्यूनतम और निराधार है। पुलिस ने बताया कि जिरीबाम जिले के गांव में हथियारबंद लोगों ने पहाड़ियों और आसपास के जंगलों से मोंगबुंग गांव पर गोलीबारी की, जिस स्वयंसेवकों ने जवाबी कार्रवाई की।

# रिचार्ज के पैसे न देने पर कर दी पिता की हत्या

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में मोबाइल रिचार्ज के लिए पैसे न देने पर पुत्र ने कुल्हाड़ी के पासा से पिता पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आई सौतेली मां को भी पीटा। हमले से घायल पिता की मौत हो गई। आरोपी को हिरासत मे लिया है। पत्थलगांव थाना क्षेत्र के छुरीपहरी गांव में सैनाथ तिर्की बेटे रंजित और दूसरी पत्नी सुमाती के साथ रहता था। रंजित ने मजदूरी कर पैसे कमाए थे और पिता को रखने के लिए दिया था। बेटे ने रिचार्ज के लिए पिता से रुपये मांगे। पैसे न होने पर दोनों में विवाद हुआ, जिसके बाद घटना घटी।

# एमसीडी के असंवैधानिक चुनाव के खिलाफ जाएंगे कोर्ट : आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा पर शनिवार को लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया और दावा किया कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति में एक सदस्य का चुनाव गैरकानूनी और अलोकतांत्रिक था। आतिशी ने कहा कि आप शुक्रवार को हुए चुनाव के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी। भाजपा ने एमसीडी की 18 सदस्यीय स्थायी समिति की एकमात्र रिक्त सीट पर निर्विरोध जीत हासिल की क्योंकि सत्तारूढ़ आप और कांग्रेस के पार्षदों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। आतिशी ने भाजपा को एमसीडी को भंग कराने और यह देखने के लिए चुनावों में आप का मुकाबला करने की चुनौती दी कि लोग नगर निगम में किस पार्टी को चाहते हैं।



# लेप्टोस्पायरोसिस से भगवंत मान पीड़ित

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के शनिवार को जीवाणु संक्रमण लेप्टोस्पायरोसिस से पीड़ित होने का पता चला। डॉक्टरों ने कहा कि उन्हें एंटीबायोटिक दी जा रही हैं। आप नेता को बुधवार को नियमित जांच के लिए फोर्टिस अस्पताल मोहाली में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के अनुसार, मुख्यमंत्री के अस्पताल में भर्ती होने के समय ट्रॉपिकल बुखार का संदेह था और उनके रक्त के परीक्षण में लेप्टोस्पायरोसिस से पीड़ित होने की पुष्टि हुई।

# त्योहारों से पहले मुंबई में आतंकी हमले का खतरा, अलर्ट जारी

**मुंबई।** पुलिस ने त्योहारों से पहले आतंकवाद रोधी तैयारियों के तहत पूरे शहर के धार्मिक स्थलों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों के पास सुरक्षा बढ़ा दी है। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अपने क्षेत्राधिकार में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया है। आगामी त्योहारों और चुनावों को देखते हुए मॉक ड्रिल की जा रही है। पुलिस ने शुक्रवार को देश की आर्थिक राजधानी में अपनी सुरक्षा तैयारियों को परखने के लिए भाऊचा धक्का, बरकत अली रोड, जुहू के इस्कॉन मंदिर और जावेरी बाजार जैसे स्थानों पर मॉक ड्रिल किया। अधिकारी ने बताया कि एहतियात के तौर पर शहर के सभी मंदिरों को सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने को कहा गया है।

# बेरोजगारी से बड़ा देश में कोई मुद्दा नहीं : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने युवाओं में बेरोजगारी के भयावह स्तर को लेकर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का घेराव किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि क्या 2023-24 में युवा बेरोज़गारी दर 10.2 प्रतिशत नहीं रही। उन्होंने आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए यह भी कहा कि लाख कोशिशों के बावजूद ये सरकारी डेटा युवाओं की बेबसी को छिपा नहीं पा रहा है।

खरगे ने एक्स पर कहा कि बेरोज़गारी से बड़ा देश में कोई मुद्दा नहीं है। युवाओं



- कांग्रेस अध्यक्ष बोले- आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण का आंकड़ा युवाओं की बेबसी को छिपा नहीं पा रहा

के भविष्य को बर्बाद करने में मोदी का सबसे बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि पीएलएफएस के आंकड़ों को देखें तो लाख कोशिशों के बावजूद भी ये सरकारी डेटा युवाओं की बेबसी को छिपा नहीं पा रहा है। खरगे ने कहा कि मोदी को बताना चाहिए कि क्या 2023-24 में बेरोज़गारी 10.2% के भयावह स्तर पर नहीं रही?

### हरियाणा में दर्द के दशक का अंत करेंगे : राहुल

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए जारी कांग्रेस के घोषणापत्र का हवाला देते हुए शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी की सरकार राज्य में दर्द के दशक का अंत करेगी। कांग्रेस की हरियाणा इकाई ने विधानसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी किया, जिसमें किसानों के कल्याण के लिए आयोग के गठन, शहीद सैनिकों के परिवारों के लिए 2 करोड़ रुपये, रोजगार सृजन समेत कई वादे हैं। राहुल गांधी ने एक्स कहा कि भाजपा ने एक दशक में हरियाणा से उसकी समृद्धि, उसके सपने और शक्ति छीन ली।

# गुजरात में तीन वाहनों से बस टकराई, 7 की मौत

**द्वारका।** गुजरात में द्वारका के पास शनिवार शाम बस डिवाइडर पार करके दो कार और एक बाइक से टकरा गई, जिससे चार बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गई और 14 घायल हो गए। दुर्घटना एनएच 51 पर देर शाम 7:45 बजे हुई जब बस द्वारका से सोमनाथ जा रही थी। पुलिस ने बताया कि बस का चालक सड़क पर बैठे मवेशियों को बचने की कोशिश कर रहा था तभी दुर्घटना हुई। एसपी डी एच भट्ट ने बताया कि सात लोगों की मौत हो गई है, जिनमें चार बच्चे, दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं।

## कारोबार/कृषि

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 2490, राज श्री 1850, फ़ॉर्चून कि. 2205, रविन्द्रा 2400, फॉर्चुन ली. 2025, जय जवान 1975, सचिन 2080, सूरज 2000, अवसर 2090, राग गोल्ड 2160, गृहणी ली 2050, क्लासिक (किलो) 2145, मोर 2170, चक्र टिन 2260, ब्लू 2220, आशीर्वाद मस्टर्ड 2350, स्वास्तिक 2460 । किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000-22000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1150 । चावल -( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7050, हरी पत्ती ( 1किलो ,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8850, दाल चना 9250, लाल हिंदुस्तान 9350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 12700, मोटा हीरा 14700, अरहर गोला मोटा 13000, अरहर पटका मोटा 13600, अरहर कोरा मोटा 14000, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी- डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी 4040 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 77600 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 76600 |
| सिल्वर ( पक्की) | 908 (अनुमानित) |

# गैर-बासमती सफेद चावल का निर्यात शुल्क 490 डॉलर प्रति टन निर्धारित

## 2023 में निर्यात पर लगा प्रतिबंध सरकार ने हटाया, निर्यात शुल्क से दी छूट

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने शनिवार को गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर लगे पूर्ण प्रतिबंध को हटा दिया। इसके साथ इस पर 490 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम मूल्य तय किया और इसे निर्यात शुल्क से भी छूट दे दी है। घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर 20 जुलाई, 2023 से प्रतिबंध लगा दिया गया था।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने कहा कि गैर-बासमती सफेद चावल (अर्ध-मिल्ड या पूर्ण रूप से मिल्ड चावल, चाहे पॉलिश किया हुआ हो या नहीं) के लिए निर्यात नीति को प्रतिबंधित से



- घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए सफेद चावल के निर्यात पर लगा था प्रतिबंध

मुक्त में संशोधित किया गया है, जो अगले आदेश तक लागू रहेगा। यह 490 अमेरिकी डॉलर प्रति टन के एमईपी (न्यूनतम निर्यात मूल्य) के अधीन है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है कि जब देश में सरकारी गोदामों में चावल का पर्याप्त भंडार है और खुदरा कीमतें नियंत्रण में हैं। सरकार ने सफेद चावल को निर्यात शुल्क से छूट दे दी है, जबकि उसना चावल पर शुल्क घटाकर 10% किया है। वित्त मंत्रालय के तहत आने वाले राजस्व विभाग ने शुक्रवार को कहा कि उसने ब्राउन राइस और धान पर निर्यात शुल्क घटाकर 10% किया है।

### फिर से काम कर सकेंगी 500-600 मिलें : उद्योग

**कोलकाता।** प. बंगाल के चावल उद्योग ने गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के केंद्र के फैसले का स्वागत किया है। बंगाल राइस मिल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार चौधरी ने कहा कि राज्य में 500-600 चावल मिलों को फिर से खोलने में मदद मिलने की उम्मीद है। ये मिलें निर्यात प्रतिबंधों के बाद मांग में कमी से बंद हैं।

# भारतीय सूचकांकों की समीक्षा, निवेश और जोखिम

भारतीय सूचकांक जैसे निफ्टी 50 और सेंसेक्स निवेशकों के लिए बाजार का महत्वपूर्ण संकेतक हैं। इन सूचकांकों की नियमित समीक्षा करना जरूरी है, जिससे आप बाजार की प्रवृत्तियों और मौसमी प्रभावों को समझ सकें। निवेश के लिए विभिन्न विकल्प जैसे इंडेक्स फंड्स और ईटीएफ उपलब्ध हैं, जो जोखिम को कम करने में मदद करते हैं। हालांकि, निवेश के साथ जोखिम भी आता है, जैसे मार्केट रिस्क और सेक्टर संबंधी जोखिम। इसलिए, सूचकांकों का गहन अध्ययन और समझदारी से निवेश निर्णय लेना महत्वपूर्ण है। इस पर जरा गौर किया जाए...



### भारतीय सूचकांक

**निफ्टी 50 :** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक, जिसमें 50 प्रमुख कंपनियां हैं। यह इक्विटी बाजार के समग्र स्वास्थ्य का प्रतिनिधित्व करता है।

**सेंसेक्स :** बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक, जिसमें 30 प्रमुख कंपनियां हैं। शेयर बाजार के प्रदर्शन को मापने के लिए यह व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करना।

**निफ्टी बैंक :** बैंकिंग क्षेत्र की 12 प्रमुख कंपनियों का सूचकांक। बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन का मापन करने में सहायक है।

**निफ्टी आईटी :** सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों का सूचकांक। जो आईटी क्षेत्र की स्थिति और विकास को दर्शाने में अपनी भूमिका निभाती है।

**निफ्टी मिडकैप 50 :** मिड कैप कंपनियों का सूचकांक, जिसमें 50 कंपनियां हैं। इसका कार्य मिड कैप क्षेत्र के प्रदर्शन को मापना।

**निफ्टी नेक्स्ट 50 :** निफ्टी 50 के बाद की 50 कंपनियों का सूचकांक। जो उभरती हुई कंपनियों के प्रदर्शन का प्रतिनिधित्व करती है।

### समीक्षा

**विश्लेषण :** सूचकांकों के पिछले प्रदर्शन का अध्ययन करें, जैसे कि वृद्धि, गिरावट, और वोलैटिलिटी। ये आपको समझने में मदद करेगा कि बाजार कहा जा रहा है।

**मौसमी रुझान :** कई समयावधियों में सूचकांकों का आकलन करें। इससे मौसमी प्रभावों को पहचान सकेंगे।

**सामाजिक-आर्थिक कारक :** आर्थिक नीतियों, वैश्विक घटनाओं, और सामाजिक कारकों का प्रभाव भी सूचकांकों पर पड़ता है।

### निवेश

**इंडेक्स फंड्स :** इन फंड्स में निवेश करने से आप सीधे सूचकांक का हिस्सा बन जाते हैं और ये जोखिम कम करता है।

**ईटीएफ (एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स) :** ये फंड भी सूचकांकों का अनुसरण करते हैं, और आपको शेयर बाजार में ट्रेड करने की सुविधा प्रदान करते हैं।

**स्वतंत्र शेयर निवेश :** यदि आप किसी विशेष कंपनी के बारे में आश्वस्त हैं, तो आप सीधे उसके शेयरों में निवेश कर सकते हैं।

### जोखिम

**मार्केट रिस्क :** सूचकांकों के गिरने पर निवेश की कीमत भी गिरती है। यह बाजार उतार-चढ़ाव का परिणाम है।

**संपत्ति वर्ग जोखिम :** कई सेक्टरों (बैंकिंग, आईटी) के प्रदर्शन में भिन्नता जोखिम बढ़ता है। यदि एक में गिरावट आई तो अन्य भी प्रभावित होते हैं।

**सूचना का अभाव :** निवेशकों को सूचकांकों और संबंधित कंपनियों की जानकारी का अभाव हो सकता है, जिससे वे गलत निर्णय ले सकते हैं।

# दिव्यांगों के लिए एमएफ, आईपीओ, बॉण्ड जैसे शब्दों का सांकेतिक भाषा में अनुवाद

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्तीय प्रणालियों को श्रवण बाधित लोगों के लिए अधिक सुलभ बनाना लक्ष्य

दिव्यांगजनों तक पहुंच बेहतर बनाने और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने को म्यूचुअल फंड (एमएफ), आईपीओ, बॉण्ड और निवेशक जैसे प्रमुख मौद्रिक शब्दों का सांकेतिक भाषा में अनुवाद किया है। दिव्यांग मामलों के सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि यह पहल बड़े सहयोग का हिस्सा है जिसका लक्ष्य वित्तीय प्रणालियों को श्रवण बाधित लोगों के लिए अधिक सुलभ बनाना है ताकि उन्हें बाजारों से जुड़ने में सक्षम बनाया जा सके।

अग्रवाल ने बताया कि इन संकेतों के अनुवाद से बधिर समुदाय को वित्तीय प्रणालियों और सेवाओं में भाग लेने के अवसर खुलेंगे। नये विकसित संकेतों में म्यूचुअल फंड, आईपीओ, बॉण्ड और निवेशक जैसे प्रमुख शब्द हैं। भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (आईएसएलआरटीसी) ने विभिन्न वित्तीय और बैंकिंग शब्दों के लिए ये संकेत विकसित किए हैं। आईएसएलआरटीसी के उप निदेशक (प्रशासन) संजय कुमार ने बताया कि केंद्र ने शब्दकोश के विस्तार को अन्य संगठनों से भागीदारी की है। अकादमिक शब्दावली एनसीईआरटी जबकि विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित चंडीगढ़ स्थित वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद-सूक्ष्मजीव प्रौद्योगिकी संस्थान की जानकारी पर बनाई गई है।

# एनएलसी ने किया 1,234 करोड़ यूनिट हरित बिजली का उत्पादन

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने 1,234 करोड़ यूनिट हरित बिजली का उत्पादन किया है। कोयल मंत्रालय ने कहा कि इससे एक करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) का उत्सर्जन रोका गया है।

मुख्य रूप से लिग्नाइट आधारित बिजली उत्पादन कंपनी एनएलसी ने 2030 तक 10,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रखा है। एनएलसी इंडिया (एनएलसीआईएल) ने 1,380 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्रों और 51 मेगावाट पवन ऊर्जा संयंत्रों के साथ नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में कदम रखा है। कंपनी ने 10,000 मेगावाट के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नई अनुषंगी कंपनियों- एनएलसी इंडिया रिन्यूएबल्स लिमिटेड (एनआईआरएल) तथा एनएलसी इंडिया ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनआईजीईएल) का गठन किया है।



# लौह अयस्क उत्पादन 7.4% बढ़ा, 11.6 करोड़ टन



नई दिल्ली, एजेंसी

| लौह अयस्क | प्राथमिक एल्युमीनियम |
|---|---|
| उत्पादन : 11.6 करोड़ टन<br>वृद्धि : 7.4% (10.8 करोड़ टन) | उत्पादन : 17.49 लाख टन<br>वृद्धि : 17.26 लाख टन |
| **मैंगनीज अयस्क** | **परिष्कृत तांबा** |
| उत्पादन : 15 लाख टन<br>वृद्धि : 15.4% (13 लाख टन) | उत्पादन : 2.02 लाख टन<br>वृद्धि : 5.8% (1.91 लाख टन) |

देश में लौह अयस्क उत्पादन चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान 7.4% बढ़कर 11.6 करोड़ टन रहा। खान मंत्रालय के अनुसार 2023-24 की इसी अवधि में यह 10.8 करोड़ टन था। मंत्रालय ने कहा कि अप्रैल-अगस्त की अवधि के दौरान मैंगनीज अयस्क का उत्पादन 15.4% बढ़कर 15 लाख टन हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 13 लाख टन था।

मूल्य के संदर्भ में लौह अयस्क कुल खनिज उत्पादन का 70% है। अलौह धातु क्षेत्र में, प्राथमिक एल्युमीनियम उत्पादन बढ़कर 17.49 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 17.26 लाख टन था। मंत्रालय ने कहा कि आलोच्य अवधि के दौरान, परिष्कृत तांबे का उत्पादन 5.8% बढ़कर 2.02 लाख टन हो गया है, जो एक साल पहले इसी अवधि में 1.91 लाख टन था। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक, परिष्कृत तांबे के शीर्ष 10 उत्पादकों में से एक और चौथा सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक देश है। चालू वित्त वर्ष में लौह अयस्क के उत्पादन में निरंतर वृद्धि उपयोगकर्ता उद्योगों, मुख्य रूप से इस्पात में मजबूत मांग की स्थिति को बताती है।

# अब हर मैच के लिए मिलेंगे 7.50 लाख

मुंबई, एजेंसी

आईपीएल

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मेगा आक्शन की तैयारियों के बीच बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने ऐलान किया है कि फ्रेंचाइजी के खिलाड़ियों को अनुबंध के अतिरिक्त हर मैच के लिये साढ़े सात लाख रुपये मैच फीस के तौर मिलेंगे।

शाह ने शनिवार शाम एक्स पर पोस्ट किया आईपीएल में निरंतरता और उत्कृष्ट प्रदर्शन का जश्न मनाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम में, हम अपने क्रिकेटरों के लिए प्रति गेम 7.5 लाख रुपये की मैच फीस शुरू करने से रोमांचित हैं। एक सीजन में सभी लीग मैच खेलने वाले क्रिकेटर को उनकी अनुबंधित राशि के अतिरिक्त 1.05 करोड़ रूपये अतिरिक्त मिलेंगे। प्रत्येक फ्रेंचाइजी सीजन के लिए मैच फीस के रूप में 12.60 करोड़ रुपये आवंटित करेगी। गौरतलब है कि आईपीएल का मेगा ऑक्शन नवंबर या दिसंबर में हो सकता है जिसमें हर फ्रेंचाइजी के पास पांच खिलाड़ियों को रिटेन करने का विकल्प होगा। शाह के इस फैसले से ऑक्शन सत्र के और दिलचस्प होने के आसार हैं।

### इस वर्ष भी जारी रहेगा इम्पैक्ट प्लेयर नियम

**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शनिवार को यहां संचालन परिषद की बैठक में 2025 सत्र के लिए बहुचर्चित इम्पैक्ट प्लेयर नियम को जारी रखने का फैसला किया। इम्पैक्ट सब को आईपीएल 2023 के दौरान पेश किया गया था और तब से इस नियम पर सभी की राय काफी बंटी हुई है क्योंकि इससे ऑलराउंडरों का महत्व कम हो गया था। जुलाई में टीम मालिकों के साथ बीसीसीआई की बैठक में भी दिल्ली कैपिटल्स जैसी कुछ फ्रेंचाइजी पूरी तरह से इम्पैक्ट प्लेयर नियम को बरकरार रखने के पक्ष में थीं।

## दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 में आयरलैंड को दी शिकस्त

**अबुधाबी।** रियान रिकेलटन और रीजा हेंडरिक्स के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड को टी-20 मैच में आठ विकेट से हराया। रिकेलटन ने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 75 रन की पारी खेली और हेंडरिक्स ने 16वां अर्धशतक जमाया।

आयरलैंड के आठ विकेट पर 171 रन के जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 18वें ओवर में दो विकेट पर 178 रन बनाए। एक समय पर लग रहा था कि आयरलैंड 180 रन के पार जायेगा लेकिन आखिरी ओवर में उसने तीन विकेट गंवा दिए। मध्यम तेज गेंदबाज पैट्रिक क्रगर ने 27 रन देकर चार विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका के लिये रिकेलटन ने बेहतरीन पारी खेली। हेंडरिक्स ने 31 गेंद में पचासा जड़ा लेकिन अगले ओवर में आउट हो गए। रिकेलटन 48 गेंद में 76 रन बनाए।

# अंतर्राष्ट्रीय मैचों की वापसी से दिग्गज खुश

नई दिल्ली, एजेंसी

एक दशक के इंतजार के बाद नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय मैच की वापसी से भारतीय हॉकी के पूर्व दिग्गज हरबिंदर सिंह और जफर इकबाल खासे उत्साहित हैं। नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में 23 और 24 अक्टूबर को भारतीय हॉकी टीम ओलंपिक की रजत पदक विजेता का मुकाबला करेगी। अरसे बाद हो रहे इस मैच को देखने के लिए हॉकी इंडिया ने कई पूर्व हॉकी सितारों को न्योता भेजा है। भारत ने आखिरी बार जनवरी 2014 में मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में हीरो हॉकी वर्ल्ड लीग का फाइनल खेला था।

ओलंपिक में 1964 टोक्यो स्वर्ण, 1968 मेक्सिको कांस्य और 1972 म्यूनिख कांस्य के



- हरबिंदर सिंह और जफर इकबाल बोले- एक दशक के बाद उच्च-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय मैच देखने को मिलेगा

विजेता पद्मश्री हरबिंदर सिंह ने कहा 1972 में मैंने आखिरी बार राष्ट्रीय टीम के लिए दिल्ली में हॉकी खेली थी। मुझे याद है कि शिवाजी स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था और प्रशंसक खड़े होकर हमारा उत्साह बढ़ा रहे थे। मेरा मानना है कि बहुत सारे प्रशंसक भारत और जर्मनी का उत्साह बढ़ाने के लिए भी आएंगे। आखिरकार वे एक दशक के बाद एक उच्च-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय मैच देखेंगे।

1980 के मास्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता और 1982 में दिल्ली में एशियाई खेलों की रजत विजेता टीम के कप्तान जफर इकबाल ने कहा हमारे युग में, हॉकी के बहुत बड़े प्रशंसक थे। नेहरू गोल्ड कप, एशियाई खेलों और अन्य अंतरराष्ट्रीय मैचों जैसे आयोजनों में बहुत सारे समर्थक शामिल हुए और जिन विशाल स्टेडियमों में हम खेले। जर्मनी एक कठिन टीम है। हाल ही में पेरिस में सेमीफाइनल में उनसे मुकाबला हुआ था, इसलिए मुझे यकीन है कि भारतीय उनसे आगे निकलने के लिए पूरा जोर लगाएगी।

## खेल डायरी

### क्रिकेटर मुशीर खान सड़क हादसे में घायल

**लखनऊ।** ईरानी कप में भाग लेने लखनऊ आ रहे मुबंई रणजी टीम के सदस्य मुशीर खान पूर्वांचल एक्सप्रेस पर हादसे का शिकार हो गए जिन्हे लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकृत सूत्रों के अनुसार मुशीर शुक्रवार शाम अपने गृहनगर आजमगढ़ से कार द्वारा लखनऊ के लिए रवाना हुए थे मगर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर उनकी कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। इस हादसे में क्रिकेटर की गर्दन और कंधे पर चोट लगी है। उन्हे तुरंत लखनऊ के मेदांता हास्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत खतरे बाहर मगर स्थिर बनी हुई है। अस्पताल प्रशासन ने शनिवार को एक मेडिकल बुलेटिन जारी कर क्रिकेटर के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी साझा की। उन्होने कहा कि हड्डी रोग विभाग के निदेशक डा धर्मेंद्र सिंह की निगरानी में मुशीर का इलाज चल रहा है। उनकी हालत खतरे से बाहर है। बताया कि इस हादसे में उनके पिता और दो अन्य को भी चोट लगी है।

### एआईटीए अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव वापस

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ अध्यक्ष अनिल जैन के खिलाफ प्रस्तावित अविश्वास प्रस्ताव वापिस ले लिया गया है। सूत्रों ने जानकारी दी। एआईटीए से मान्यता प्राप्त आठ प्रदेश टेनिस संघों ने जैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का फैसला किया था। शनिवार को बैठक बुलाई गई थी। जैन ने इस पर रोक लगाने के लिए अदालत की शरण ली थी लेकिन उनकी याचिका स्वीकार नहीं की गई। आरोप लगाया था कि विभिन्न पदों के लिये नामांकन दाखिल करने वाले कई उम्मीदवारों ने खेल कोड का उल्लंघन किया था। भाजपा के राज्यसभा सांसद जैन पर आरोप है कि उन्होंने परिवार के साथ कई बार विदेश यात्राओं का निजी खर्च महासंघ के खर्चों में डाल दिया है।

### न्यूजीलैंड का क्लीनस्वीप करने के करीब श्रीलंका

**गॉल (श्रीलंका)।** श्रीलंका शनिवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन दूसरी पारी में न्यूजीलैंड का स्कोर पांच विकेट पर 199 रन करके जीत से पांच विकेट दूर है। श्रीलंका अगर जीत दर्ज करता है तो दो मैच की शृंखला में न्यूजीलैंड का सूपड़ा साफ करेगा और इस टीम के खिलाफ 15 साल में पहली टेस्ट शृंखला जीतेगा। फॉलोआन खेलने उतरे न्यूजीलैंड को पारी की हार टालने के लिए अब भी 315 रन की दरकार है। मैच के तीन दिन के भीतर खत्म होने की संभावना थी लेकिन खराब रोशनी के कारण अंपायरों ने 20 ओवर शेष रहते खेल को रोकने का फैसला किया। दिन का खेल खत्म होने पर टॉम ब्लंडेल 47 जबकि ग्लेन फिलिप्स 32 रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों छठे विकेट के लिए 78 रन जोड़ चुके हैं। तीसरे दिन न्यूजीलैंड की टीम ने 13 विकेट चटकाए जिसमें सुबह के सत्र के नौ विकेट भी शामिल हैं। न्यूजीलैंड ने दिन की शुरुआत पहली पारी में दो विकेट पर 22 रन से की और सुबह के सत्र में पहली पारी के बाकी बचे आठों विकेट गंवा दिए जिससे टीम 88 रन पर सिमट गई। मेहमान टीम पहली पारी के आधार पर 514 रन से पिछड़ी और उसे फॉलोआन के लिए मजबूर होना पड़ा। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज टॉम लैथम (00) का विकेट पहले ही ओवर में गंवा दिया। उन्होंने पदार्पण कर रहे ऑफ स्पिनर निशान पेइरिस (91 रन पर तीन विकेट) ने आउट किया। सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (61) और कप्तान केन विलियमसन (46) ने दूसरे विकेट के लिए 97 रन

### त्रिशा-गायत्री की हार, भारत का अभियान समाप्त

**मकाऊ।** मकाऊ ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल सेमीफाइनल में शनिवार को त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को चीनी ताइपे की हंग एन-त्ज़ु और हसीह पेई शान से मिली हार के बाद भारत का अभियान भी समाप्त हो गया। विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 23वें स्थान पर काबिज त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद को 54वीं रैंक की चीनी ताईपे की लड़कियों ने मात्र एक घंटे के खेल में 17-21, 21-16, 10-21 से घुटनो पर बैठा दिया। पहले गेम में अच्छी शुरुआत के साथ चीनी ताइपे की जोड़ी ने 13-8 की बढ़त बना ली। हालांकि, हंग और हसीह की जोड़ी ने अगले आठ में से छह अंक लेकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। तीसरी वरीयता प्राप्त त्रिशा और गायत्री ने दूसरे गेम में वापसी करते हुए शानदार खेल का मुजाहिरा किया और मैच में वापसी की। दूसरे गेम को भारतीय जोड़ी ने 21-16 से अपने नाम किया। बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने के मकसद से, चीनी ताइपे की टीम ने निर्णायक गेम में एक बार फिर भारतीय शटलरों पर दबाव बनाते हुए उनके खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और 21-10 से इस गेम को अपने नाम किया।

# बारिश की भेंट चढ़ा मैच का दूसरा दिन

## ग्रीनपार्क में मैदान से नहीं हटे कवर्स, आज भी पूरा मैच होने के आसार कम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच का दूसरा दिन बारिश की भेंट चढ़ गया। रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण शनिवार को पूरे दिन मैदान से कवर्स नहीं हटाए जा सके। सुबह स्टेडियम पहुंचे दोनों टीमों के खिलाड़ी एक घंटे बाद ही वापस होटल लौट गए। पहले दिन भी बारिश के कारण सिर्फ 35 ओवर का खेल संभव हो पाया था, जिसमें बांग्लादेश की टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाए थे। माना जा रहा है कि अगर मौसम नहीं सुधरा तो रविवार को तीसरे दिन का खेल भी बाधित हो सकता है।

कानपुर में शुक्रवार रात से ही रुक-रुककर बारिश हो रही थी। शनिवार सुबह भी आसमान पर घने काले बादल डेरा जमाए थे। इसके चलते ग्रीन पार्क मैदान पर रोशनी काफी कम थी। बारिश के कारण कवर्स भी नहीं हटाए गए। सुबह से कवर्स के ऊपर जमा पानी हटाने का काम शुरू किया। लेकिन बीच-बीच में बारिश और बौछारें काम में व्यवधान के साथ परेशानी और बढ़ाती रहीं। दोनों टीमें तय समय पर सुबह 8.30 बजे होटल से ड्रेसिंग रूप पहुंच गईं। टीमों के कोचों ने बाउंड्री पर जाकर मैदान की स्थिति देखी और वापस ड्रेसिंग रूम में लौट गए। करीब एक घंटा तक दोनों टीमें ड्रेसिंग रूम में रुकीं। इसके बाद खिलाड़ी वापस होटल लौट गए। मैच रेफरी जेफ क्रो ने कहा कि दोपहर एक बजे तक यदि आसमान साफ हो जाता है तभी मैच के बारे में निर्णय लिया जाएगा। लेकिन दिनभर की मेहनत के बाद भी न कवर्स के ऊपर जमा पानी सुखाया जा सका और न ही बारिश बंद हुई। आखिरकार दोपहर 2.03 बजे दूसरे दिन के खेल का निरस्त करने की घोषणा कर दी गई। इसके बाद मायूस दर्शक दीर्घाओं से बाहर निकलना शुरू हो गए।

- होटल से सुबह ड्रेसिंग रूम पहुंचीं दोनों टीमें, एक घंटे में वापस लौट गईं
- आसमान पर घने बादलों के कारण स्टेडियम में दिन में छाया रहा अंधेरा

**107**

रन 3 विकेट के नुकसान पर अब तक बना चुकी है बांग्लादेश की टीम आकाशदीप को दो विकेट

### दिन भर मैदान पर चले तीन सुपर सॉपर

मैदान में कवर्स पर जमा बारिश का पानी निकालने के लिए शनिवार को दिन भर तीन सुपर सॉपर चलते रहे। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बारिश कितनी हुई। मैदान का एक राउंड लगाने के बाद सुपर सॉपर का टैंक खाली करना पड़ रहा था।



### सूर्यकुमार करेंगे कप्तानी, मयंक को मिली जगह

**नई दिल्ली।** सूर्यकुमार यादव को शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टी-20 शृंखला के लिए भारत का कप्तान नियुक्त किया गया, जिसमें तेज गेंदबाज मयंक यादव की भी वापसी होगी। भारत छह अक्टूबर को ग्वालियर में पहले मैच से शृंखला की शुरुआत करेगा। टीम में संजू सैमसन और जितेश शर्मा टीम में दो विकेटकीपर हैं। टीम में सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव शामिल हैं।

# आईसीसी की सभी बैठकों में बीसीसीआई प्रतिनिधि चुनना एजीएम का मुख्य एजेंडा

बेंगलुरु, एजेंसी

- 93वीं सालाना बैठक में होगा दो प्रतिनिधियों का चुनाव

भारतीय क्रिकेट बोर्ड की रविवार को यहां होने वाली 93वीं सालाना बैठक का मुख्य एजेंडा आईसीसी की बैठकों में भारत के दो प्रतिनिधियों का चुनाव होगा और निवर्तमान सचिव जय शाह के बाद नये सचिव की तलाश एजेंडे में नहीं है। बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यूएई में महिला टी20 विश्व कप के बाद दुबई में आईसीसी कांक्लेव होने वाली है।

महिला टी-20 विश्व कप का फाइनल 20 अक्टूबर को दुबई में है और तब तक शाह बीसीसीआई सचिव पद पर रहेंगे। वह एक दिसंबर को आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे। बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में सौरव गांगुली का कार्यकाल खत्म होने के बाद से शाह आईसीसी बैठकों में भारत की नुमाइंदगी करते आए हैं। बोर्ड के मौजूदा अध्यक्ष रोजर बिन्नी वैकल्पिक निदेशक हैं जो बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व आईसीसी बैठकों में कर सकते हैं लेकिन अभी तक ऐसा हुआ नहीं है। उनके कार्यकाल का एक ही साल बचा है लिहाजा देखना होगा कि वह वैकल्पिक निदेशक बने रहेंगे या किसी और को नामित किया जाएगा। सचिव का चयन एजेंडे में नहीं हैं। यहां अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के नए परिसर के उद्घाटन के लिये एकत्र हुए सदस्य इस पर आपस में बात कर सकते हैं।

फिलहाल दो नामों गुजरात क्रिकेट संघ के सचिव अनिल पटेल और रोहन जेटली पर विचार हो रहा है जो दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष भी हैं। समझा जाता है कि पटेल दौड़ में आगे चल रहे हैं। एजीएम में भारतीय क्रिकेट संघ के प्रतिनिधि और आमसभा में से दो को शामिल करना , उप समितियों की नियुक्ति और 2024-25 के सालाना बजट को मंजूरी देना भी शामिल है। आईपीएल संचालन परिषद की बैठक भी यहां शनिवार को बुलाई गई है और इसमें रिटेंशन के नियम पर बात होगी।

## अंडर-20 एशियाई कप क्वालीफायर

## भारत के सामने करो या मरो मैच में लाओस की चुनौती

**वियनतियाने (लाओस)।** ईरान के खिलाफ हार का सामना करने के बाद भारतीय फुटबॉल टीम को एएफसी अंडर 20 एशियाई कप के मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाने के लिए रविवार को क्वालीफायर मुकाबले में मेजबान लाओस से भिड़ेगी। भारत एएफसी अंडर 20 एशियाई कप के फाइनल राउंड में पिछली बार 2006 में पहुंचा था। इस टूर्नामेंट को पहले एएफसी युवा चैंपियनशिप और एएफसी अंडर 19 चैंपियनशिप के नाम से जाना जाता था, जिसकी भारत ने 2006 में मेजबानी की थी।

भारत ग्रुप जी में ईरान के बाद दूसरे स्थान पर है। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष टीमों के अलावा दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमों में से पांच टीम मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी। मुख्य टूर्नामेंट का आयोजन अगले साल (2025) चीन में होगा। भारतीय टीम शुक्रवार को मैच के ज्यादातर हिस्से में मजबूत प्रतिद्वंद्वी ईरान को गोल से दूर रखने के बाद एक गोल गंवा बैठी।

# चाइना ओपन : सिनर दूसरे दौर में, जैस्मीन भी जीतीं

बीजिंग, एजेंसी

शीर्ष वरीय यानिक सिनर ने शनिवार को यहां चाइना ओपन के दूसरे दौर में रोमन सफीउलिन को 3-6, 6-2, 6-3 से शिकस्त दी। बीजिंग में जब सिनर कोर्ट पर थे तब विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने घोषणा की कि वह अमेरिकी ओपन चैंपियन के लिए एक से दो साल का प्रतिबंध लगाने की मांग कर रही है जिनकी मार्च में एनाबॉलिक स्टेरॉयड के लिए जांच दो बार पॉजिटिव आई थी। सिनर अब जिरी लेहेका से खेलेंगे जिन्होंने रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत को 3-6, 6-2, 6-1 से हराया।

शनिवार को इटली के फ्लावियो कैबोली ने पावेल कोटोव पर 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। महिलाओं के ड्रॉ में अमेरिकी ओपन चैंपियन आर्यना



जैस्मीन पाओलिनी

- सबालेंका ने सवांगकेव को हराकर तीसरे दौर में किया प्रवेश

सबालेंका ने थाईलैंड की क्वालीफायर मनंचया सवांगकेव पर 6-4, 6-1 से जीत के साथ तीसरे दौर में प्रवेश किया। सबालेंका की भिड़ंत अमेरिका की एशलिन क्रुगर से होगी जिन्होंने न्यूजीलैंड की लुलु सन को 6-1, 7-6 (4) से हराया। इटली की तीसरी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने पहले सेट में खराब प्रदर्शन से उबरते हुए डेनमार्क की क्लारा टॉसन को 1-6, 7-5, 6-4 से हराया। पाओलिनी पोलैंड की मैग्डा लिनेट से खेलेंगी जिन्होंने 31वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मोयुका उचिजिमा को 6-4, 4-6, 6-3 से मात दी। रूस की नौवीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना ने क्रोएशिया की जना फेट को 6-1, 6-2 से शिकस्त दी। उनका सामना अमांडा अनिसिमोवा से होगा जिन्होंने कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो को हराया। विंबलडन चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा को रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन ने पराजित किया।

वहीं जापान ओपन में टॉमस मचैक ने पांचवीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल को 2-6, 6-3, 7-6 (4) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### बोपन्ना-डोडिग की जोड़ी चीन ओपन के पहले दौर में हारी

**बीजिंग।** भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और क्रोएशिया के उनके जोड़ीदार इवान डोडिग शनिवार को यहां चीन ओपन एटीपी 500 टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांसिस्को सेरुंडोलो और निकोलस जैरी की जोड़ी के खिलाफ हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। भारत और क्रोएशिया की दूसरी वरीय जोड़ी को अर्जेन्टीना के सेरुंडोलो और चिली के जैरी की गैरवरीय जोड़ी के खिलाफ प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में एक घंटे और 31 मिनट में 5-7 6-7 से हार का सामना करना पड़ा। बोपन्ना के नियमित जोड़ीदार ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन ने इस एटीपी 500 प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया था। बोपन्ना इससे पहले 2017 और 2021 में भी डोडिग के साथ जोड़ी बनाकर खेल चुके हैं। इस जोड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2017 में एटीपी मांट्रियल मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचना रहा।

## बॉलीवुड हलचल



### देवरा की बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरूआत

**मुंबई।** मैन ऑफ मासेस जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा-पार्ट 1 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरूआत करते हुए भारतीय बाजार में नेट 82 .5 करोड़ की कमाई कर ली है। निर्देशक कोराटाला शिवा की एक्शन थ्रिलर फिल्म देवरा-पार्ट 1 लंबे समय से सुर्खियों में रही। जूनियर एनटीआर, जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान की फिल्म देवरा-पार्ट 1, 27 सितंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की गई है। जूनियर एनटीआर छह साल के लंबे इंतजार के बाद अपनी सोलो फिल्म के जरिए एक बार फिर से छा गए हैं। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर डबल रोल में हैं। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, देवरा पार्ट 1 ने पहले दिन 82 .5 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म ने सभी भाषाओं को मिलाकर यह कलेक्शन किया है। शुक्रवार को इस फिल्म ने तेलुगु भाषा में 73 .25 करोड़, हिंदी में 7 .5 करोड़, कन्नड़ में 35 लाख, तमिल में एक करोड़ और मलयालम भाषा में 40 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। उम्मीद जताई जा रही है कि दूसरे दिन यह फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लेगी।

# पुरस्कार विजेता सितारों में ऐश्वर्या, मणिरत्नम और नानी शामिल

यास आइलैंड (अबू धाबी), एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (आइफा) पुरस्कार-2024 के लिए आयोजित तीन दिवसीय समारोह के शुरुआती कार्यक्रम आइफा उत्सवम में ऐश्वर्या राय बच्चन, मणि रत्नम, एआर रहमान, नानी और मृणाल ठाकुर पुरस्कार पाने वाले कलाकारों में शामिल रहे।

आइफा उत्सवम में सभी चार दक्षिण फिल्म जगत तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ के कलाकारों को सम्मानित किया गया। प्रत्येक फिल्म जगत ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म, निर्देशन, मुख्य भूमिका (पुरुष और महिला), सहायक भूमिका (पुरुष और महिला), नकारात्मक भूमिका, संगीत निर्देशन, गीत और पार्श्व गायक (पुरुष और महिला) की श्रेणियों में विजेताओं को सम्मानित किया। तमिल सिनेमा में अभिनेता रजनीकांत अभिनीत एक्शन कॉमेडी जेलर को सर्वश्रेष्ठ फिल्म (तमिल) घोषित किया गया। पोन्नियिन सेलवन-2 में अभिनय के लिए ऐश्वर्या को सर्वश्रेष्ठ मुख्य अभिनेत्री (महिला) घोषित किया गया जबकि फिल्म के निर्माता मणिरत्नम को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार दिया गया। विक्रम और जयराम रवि को क्रमशः सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) और सहायक भूमिका (पुरुष) का विजेता घोषित किया गया। वहीं एआर रहमान को पोन्नियिन सेलवन 2 में संगीत के लिए सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन का पुरस्कार दिया गया जबकि गायक हरिचरण और शक्तिश्री गोपालन ने सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक श्रेणी में पुरस्कार जीता।

वहीं तेलुगु सिनेमा में एक्शन थ्रिलर दसरा ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता। फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले नानी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता और शाइन टॉम चाको ने फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ नकारात्मक कलाकार श्रेणी में पुरस्कार हासिल किया। मलयालम फिल्म जगत की बात करें तो सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार 2018ः एवरीवन इज ए हीरो को मिला, जो पिछले साल ऑस्कर में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि थी। जियो बेबी को काथलः द कोर के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार प्रदान गया। कन्नड़ फिल्म जगत में काटेरा को सर्वश्रेष्ठ फिल्म के पुरस्कार से नवाजा गया, जबकि इसी फिल्म के लिए फिल्म निर्माता थरुन किशोर सुधीर ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशन श्रेणी में पुरस्कार हासिल किया। यहां आयोजित 24वें आइफा पुरस्कार समारोह का समापन रविवार को होगा।



आइफा उत्सवम 2024


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

